सुप्रभात
रांची, मंगलवार
12.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 239

14 रवीना टंडन की फिल्म शुक्ला का ट्रेलर रिलीज

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

मोदी सरकार की गारंटी
विकसित भारत के लिए आधुनिक रेलवे









₹85 हजार करोड़ से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण

शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण

- 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र
- 222 रेलवे गुड्स-शेड
- 51 गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल
- 2646 स्टेशनों का डिजिटल नियंत्रण
- 35 रेलवे कारखाना, लोको शेड, पिट लाइन्स/कोचिंग डिपो
- 1500 किमी के 100 रेल खण्डों का दोहरीकरण/मल्टी-ट्रैकिंग और रेलवे लाइनों का आमान परिवर्तन
- 1045 किमी के 80 रेल खण्डों की स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली
- 35 रेल कोच रेस्तरां
- 1500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल
- 975 सौर उर्जा संचालित स्टेशन/सेवा भवन
- 2135 किमी रेल खण्डों का विधुतीकरण
- 401 किमी पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू खुर्जा - सानेहवाल खण्ड
- 244 किमी पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू मकरपुरा - न्यू घोलवड खण्ड
- पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद
- फलटण-बारामती नई रेल लाइन
- 9 इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली के अपग्रेडेशन

वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- मैसूरु - चेन्नई
- लखनऊ - देहरादून
- कलबुरगि - बेंगलुरु (सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल)
- रांची-वाराणसी
- दिल्ली (निज़ामुद्दीन) - खजुराहो
- सिकंदराबाद - विशाखापट्टनम
- न्यू जलपाईगुड़ी - पटना
- पटना - लखनऊ
- अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल
- पुरी - विशाखापट्टनम

एवं अन्य रेल सेवाएं

परियोजनाओं के लाभ

- अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं के साथ हवाई जहाज जैसा यात्रा अनुभव
- वंदे भारत एक्सप्रेस से तेज, निर्बाध और शानदार यात्रा का अनुभव
- लॉजिस्टिक लागत में कमी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा
- अहमदाबाद ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर दुनिया के सबसे बड़े नियंत्रण केंद्रों में से एक और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित
- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र योजना के तहत सभी नागरिकों को कम से कम 75 प्रतिशत सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- रेल इंटीरियर थीम आधारित रेस्तरां में मिलेगा एक विशिष्ट भोजन अनुभव

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

आचार्य देवव्रत
राज्यपाल, गुजरात

भूपेन्द्र भाई पटेल
मुख्यमंत्री, गुजरात

अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

रावसाहेब पाटिल दानवे
केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

दर्शना जरदोश
केंद्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

मंगलवार, 12 मार्च, 2024 पूर्वाह्न प्रात : 8:00 बजे

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

## सीएम से मिला ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि राजधानी रांची के खेलगांव में इस वर्ष 5 जून से 10 जून तक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स सेमिनार कोर्स का आयोजन होना है। भारत को इसकी पहली बार मेजबानी मिली है और रांची में इसके आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इसके सफल आयोजन को लेकर झारखंड सरकार भागीदार बने। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में वर्ल्ड ताइक्वांडो मास्टर्स यूनियन के फाउंडर प्रेसिडेंट ग्रैंड मास्टर की हांग किम, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट श्री फिरोज अहमद, जेनरल सेक्रेटरी श्री प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के श्री संजय शर्मा, ग्रैंड मास्टर– मुंबई श्री परवेज खान, ग्रैंडमास्टर– दिल्ली श्री अनिल ठाकुर, ग्रैंडमास्टर– ओडिशा श्री मनमोहन भांजा और ग्रैंड मास्टर– कर्नाटक श्री तिरुमल शामिल थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या–**17/2023-24/RWD/CHATRA**, दिनांक–29.02.2024 (Identification No.-**RWD/CHATRA/40/2023-24**), जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 13.03.2024 है तथा **P.R. No.** 321162 **(Rural Work Department)23-24*D** है, उसमें विभागीय निदेशानुसार निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

निविदा की शर्त्ते संख्या–

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.03.2024

3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4 ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।

5 अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhand tenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.322073 Rural Work Department(23-24):D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– रामवृक्ष लोहरा, उम्र–47 वर्ष,रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट, 07 ईंच,पहनावा– ब्लु रंग का टी शर्ट, काला पैंट एवं पैर में हवाई चप्पल ।**

उपरोक्त लापाता रामवृक्ष लोहरा, उम्र–47 वर्ष, पिता– स्व0 खेदवा लोहरा, सा0– जराडीह, पंचायत–टाटी, थाना– अनगड़ा, जिला– राँची जो दिनांक–20-01-2024 को काम करने बेंगलुरू जाने के क्रम में लापाता हो गये । जिसके संबंध में अनगड़ा थाना सन्हा संख्या–10 / 24 दिनांक–27.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है । उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापाता पुरूष कहीं मिलते / दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। 9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा राँची । 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 322079 (Police)23-24*D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची । सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम– मनोज यादव, उम्र–36 वर्ष,रंग–हलका संवला, ऊँचाई–5 फीट, 05 ईंच, पहनावा– काला पैंट, काला शर्ट, लाल चादर, पैर में हवाई चप्पल ।**

उपरोक्त लापाता मनोज यादव, उम्र–36 वर्ष, पिता– कामक्षा यादव, सा0– कबुतरखोपी, पो0–चानन, थाना– जिरवाबाड़ी, जिला– साहेबगंज जो वर्तमान में संस्कार नगर नामकुम स्टेशन के सामने रहते थे, दिनांक–29.01.2024 को कौंटाटोली फ्लाईओवर में काम करने जाने के क्रम में लापाता हो गये हैं, जिसके संबंध में नामकुम थाना सन्हा संख्या–26 / 24 दिनांक–02.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है । उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापाता व्यक्ति कहीं मिलते / दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।

पुलिस उपाधीक्षक मु0 01 राँची | 9431706141
थाना प्रभारी नामकुम राँची | 9431706173

PR 322088 Police(23-24)D

वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।

### ई० प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची

**अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– 06/2023-24/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.
दिनांक–11.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Proposed Construction of Bedroom Inter Connected Bridge Miscellaneous Work in the Campus of F-33 (Ex C.M Residence) at Sector-3, H.E.C, Dhruwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 99,88,500.00 /– ( निनानबे लाख अठ्ठासी हजार पाँच सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 6 (छः) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.03.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 26.03.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान | 27.03.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02,राँची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।

11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

•अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।

PR.NO.322119 Building(23-24):D


# मजबूत परिवार, समाज, राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी : चंपई

## सीएम से मिलीं महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सैकड़ों महिलाएं

- 730 दिनों का मातृत्व अवकाश दिए जाने पर किया अभिवादन और आभार जताया
- महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने को शुरू की कई योजनाएं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा महिला कर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए 730 दिनों का मातृत्व अवकाश देने का निर्णय को लेकर महिला कर्मियों के बीच हर्ष का वातावरण है। इसी सिलसिले में सोमवार को महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सैकड़ों महिला कर्मियों ने ढोल-नगाड़े और अबीर- गुलाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार जताया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार, समाज राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। यही वजह है कि उनकी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की है। इसी कड़ी में राज्य की सेवा दे रहे महिला कर्मियों के हित में उन्हें सेवाकाल में अपने बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्षों का अवकाश देने का फैसला लिया है। इससे निश्ि्चत तौर पर महिला कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के विकास में भागीदार बनेंगी।

### महिलाओं के हित में सरकार कर रही है बेहतर कार्य

महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की महिला कर्मियों ने मुख्यमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि सरकार महिला पदाधिकारी और कर्मियों के हित में लगातार निर्णय ले रही है। हमारी मांगों को लेकर सरकार का रवैया हमेशा से सकारात्मक देखने को मिल रहा है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ अन्य लाभ और सुविधाएं देने की मांग को इस सरकार ने पूरा कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। हम सभी आपको भरोसा दिलाते हैं कि कि राज्य को बेहतर बनाने में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सहायक निदेशक कंचन सिंह, ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार अलका हेम्ब्रम और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलिशा कुमारी समेत राज्य भर से आईं विभाग की महिला पदाधिकारी और कर्मी, महिला पर्यवेक्षिकायें तथा सहायिका एवं सेविकाएं मौजूद थीं।

# सरकार बच्चों को उच्च शिक्षा देकर मुख्य धारा में लाने का कर रही प्रयास : सीएम

- बेहतर शिक्षा व्यवस्था से ही बेहतर समाज और राज्य बनेगा
- राज्य में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने में जुटी है सरकार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब प्रदेश है। यहां के आदिवासी, मूलवासी परिवारों के बच्चे आर्थिक कठिनाइयों की वजह से उच्च शिक्षा पाने से वंचित हो जाते हैं। ऐसे में इन गरीब आदिवासी, मूलवासी बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने राज्य के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रहे हैं।

**बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गरीब बच्चों ने अपने भविष्य को लेकर जो सपना देखा है, उसे पूरा करने की दिशा में सरकार उनके साथ खड़ी है। जो बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और लॉयर आदि बनने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन पैसे की तंगी व्यवधान पैदा कर रहा है, वैसे बच्चों को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी, ताकि वे पढ़ लिखकर एक अच्छा मुकाम हासिल करें और राज्य के साथ अपने परिवार तथा समाज को सशक्त बनाने में अहम योगदान कर सकें।

### बच्चों को दे रहे हैं फ्री कोचिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग करने के साथ रहने खाने का भी खर्च सरकार वहन कर रही है। वहीं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार दे रही है।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री ने हेमंत से होटवार जेल में की मुलाकात

रांची। राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से होटवार जेल में मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे तक बातचीत हुई है। हालांकि इस दौरान दोनों के बीच क्या बात हुई, इसे लेकर खबर लिखने तक कोई जानकारी नहीं मिली है। बताते चलें कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने बीते 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तार किया था। इसके बाद विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने की दावेदारी पेश की थी। इसके बाद उन्होंने दो फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लिया था।

### सीएम से मिला सचिवालय सेवा संघ का डेलिगेशन, उचित कार्रवाई का निर्देश

**रांची।** मांगों के समर्थन में झारखंड सचिवालय सेवा संघ का डेलिगेशन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से उनके आवास पर मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों से उनके मुद्दों पर करवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, कुमार बरनवाल, राजहंस, पीयूष कुमार, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, नेहा, श्वेता, इंदुवार एवं निधि टोपनो शामिल थे। संघ ने संयुक्त सचिव तथा उपसचिव के स्तर पर पद सृजन पर शाखा पदाधिकारी को पीबी 3, 15000 से 39100 ग्रेड पे 5400 का वेतनमान एवं सभी पदों पर लंबित प्रोन्नति अवि लंब दिलाने की भी मांग की। मौके पर लंबे समय से लंबित शिशु देखभाल अवकाश की मांग को पूर्ण करने में सहयोग के लिए झारखंड सचिवालय सेवा संघ की ओर से विधायक अम्बा प्रसाद को धन्यवाद दिया गया।

### सीएम से मिला एनसीबी पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया–पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल हितेश गोदारा ने मुलाकात की। उन्होंने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार तथा अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए की जा रही कार्रवाई से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है। हमारा प्रयास मादक पदार्थों की तस्करी, और कारोबार को रोकने के साथ अफीम आदि के उत्पादन को हर हाल में नष्ट करना है । इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया–झारखंड– बिहार के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद और रांची एनसीबी के सुपरिंटेंडेंट श्री एस शारिक उमर मौजूद थे।

### सीएम से मिले डीआरएम जसमीत बिंद्रा

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 12 मार्च को रांची– बनारस वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर रांची में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया।

### डा एनसी ठाकुर साहित्य रत्न से सम्मानित



**रांची, नयी दिल्ली।** रांची के चर्चित कवि और लेखक डा श्रीनिवास चंद्र ठाकुर को नयी दिल ली में साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इंडिया नेटबुक्स और बीपीए फाउंडेशन की ओर से नयी दिल्ली के क्राउन प्लाजा होटल समारोह डा ठाकुर को सुप्रसिद्ध साहित्यकार चित्रा मुद्गल ने 'साहित्य रत्न सम्मान ' सौंपा। दस मार्च को आयाजित समारोह में साहित्यकार डॉ सूर्यबाला, नासिरा शर्मा, ममता कालिया, प्रेम जनमेजय, डॉ लालित्य ललित, प्रख्यात पत्रकार राहुल देव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। डा एनसी ठाकुर मूल रूप से बांका जिले के कदराचक गांव निवासी हैं। हाल में ही प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) रांची में सहायक केंद्र निदेशक की लंबी सेवा के बाद रियाटर हुए हैं। रातू रोड रांची में रह रहे हैं।

## जब हेमंत की जमीन ही नहीं तो कैसे हड़प रहे थे जमीन: सुप्रियो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में जमीन घोटाला मामले में एक दिन पहले गिरफ्तार हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर कहा था कि हेमंत सोरेन बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के साथ बेनामी संपत्ति हड़पने की कोशिश में थे। झामुमो ने इसका प्रतिकार किया है। झामुमो ने कहा है कि इडी ने जिस जमीन के लिये हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, वह बिल्कुल गलत है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि भाजपा एजेंसीज का दुरूपयोग कर रही है। हेमंत सोरेन उनके मंसूबो जल, जंगल, जमीन, खनिज लूटने की योजना को विफल कर दिया तो इडी के माध्यम से उन्हें जेल भेज दिया। झामुमो इससे डरनेवाला नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि बड़गाई में जिस जमीन की बात कही जा रही है। उस जमीन का खेवट मौजूद है। इसमें राजकुमार पाहन का जमीन बताया गया। उनकी पहनाई जमीन की जमींदारी को स्पष्ट किया गया। वह जमीन आज भी उनके पास है। 2015 में साढ़े आठ एकड़ जमीन लीज में रजिस्टर्ड डीड पर है। इस जमीन को हिलेरियस कच्छप ने जमीन को खेती के लिये लिया। बिजली विभाग को बकायदा फार्म भरा था, बिजली का लाइन नहीं, बल्कि मीटर भी उपलब्ध कराया गया। समय समय पर बिल का भुगतान भी किया गया था। अब इडी का भी पोल खुलना शुरू हो गया। अडानी और मोदी का षड़यंत्र है। इडी की सच्चाई अब डॉक्यूमेंट के तौर पर मौजूद है। जिसका परत दर परत खुल रहा है।

## कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को तुरंत करें दूर: डीजीपी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को तुरंत करने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है। डीजीपी ने सोमवार को यह बात समीक्षा बैठक के दौरान कही। झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, माननीय न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को अविलम्ब दूर करने का निर्देश दिया।

**मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया**

समीक्षा के क्रम में डीजीपी झारखंड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पाए गए त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया।


# चुनावी बॉड को लेकर आखिर किसको बचाना चाहती है एसबीआई? : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इलेक्ट्रोल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला का स्वागत किया है। दोनों नेताओं में सवालिया लहजे में जानना चाहा है कि अखिर किसको बचाना चाहती है एसबीआई? प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि अगर भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को चुनावी बॉन्ड के बारे में जानकारी नहीं दी तो उसे परेशानी हो सकती है। क्योकि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी देते हुए बैंक की अपील को खारिज किया है। मुख्य न्यायाधीश ने बैंक की स्थिति से निपटने के तरीके पर सवाल उठाए है। बैंक के अध्यक्ष को यह पुष्टि करनी होगी कि क्या उन्होंने अदालत के आदेशों का पालन किया है। यदि वे भविष्य में इसका पालन नहीं करेंगे तो परिणाम भुगतने होंगे। कोर्ट राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता चाहता है और सरकार के साथ अवैध लेनदेन को रोकना चाहता है। श्री मीर ने कहा कि आज की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने भारतीय स्टेट बैंक को अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी न बरतने पर फटकार लगाई है और जानना चाहा है कि बैंक पिछले 26 दिनों से इस संबंध में क्या कर रहा था। इसकी जानकारी उपलब्ध कराए। इस मामले में एसबीआई की उदासिनता साफ दर्शता है कि वह न्यायालय से सच्चाई छुपाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की बांड खरीद और दान के बारे में जानकारी जारी करने में देरी करने की भारतीय स्टेट बैंक की अपील को खारिज करते हुए आदेश दिया कि जानकारी 12 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपी जाए और 15 मार्च तक उनकी वेबसाइट पर पोस्ट की जाए। अनुपालन में विफलता के परिणामस्वरूप अवमानना के आरोप लग सकते हैं। सुप्रिम कोर्ट के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस मामले में प्रधानमंत्री की जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उनकी चुप्पी और सरकार की कार्रवाई से जानकारी छुपाने में उनकी संलिप्तता का संदेह पैदा हो गया है। कोर्ट के फैसले से मामले को लेकर चल रही अटकलों और अफवाहों पर विराम लग गया है। आज विपक्ष ही नहीं पूरे देश में एसबीआई की विश्वसनीयता को लेकर भ्रम की स्थिती पिछले 26 दिनों बनी हुई थी। उन्होंने कहा है कि एसबीआई के डाटा देने के लिए और 137 दिनों का समय मांगना अपने आप में हास्यास्पद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।


हर-घर बिजली आई
घर-घर खुशियां छाई
वर्ष 2017 से अब तक
1.65 करोड़
विद्युत संयोजन निर्गत
▪ 1,21,324 मजरों का विद्युतीकरण
▪ 21 हजार करोड़ रुपये से 176 पारेषण उपकेंद्र एवं तत्सम्बन्धी बिजली लाइनें ऊर्जीकृत
▪ 2600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित
▪ ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे, तहसील मुख्यालय पर 21 से 22 घंटे एवं जनपद मुख्यालय पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति
▪ 33/11 केवी के 740 नये विद्युत उपकेंद्र स्थापित एवं 1,589 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता में वृद्धि
▪ पारेषण तंत्र की कुल क्षमता 16,348 मेगावाट से बढ़कर 28,900 मेगावाट हुई
▪ कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट, बायो कोल, बायो डीजल/बायो एथेनॉल को प्रोत्साहन
▪ गोरखपुर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना
▪ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का 'सोलर एक्सप्रेस-वे' के रूप में विकास
▪ 328 मेगावाट सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित
▪ अयोध्या व वाराणसी का मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकास
▪ अयोध्या में 10 किमी. लम्बा मार्ग सोलर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाशित, विश्व कीर्तिमान
▪ ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-2 परियोजना के अंतर्गत बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु 4,000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क का विकास
▪ स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम
निर्बाध बिजली का उपहार
डबल इंजन की सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# राजधानी में गर्मी में पेयजल की समस्या से कैसे लड़ेंगे?

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से पूछा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से पूछा है कि गर्मी में पेयजल की समस्या से कैसे लड़ेंगे? भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए इसके लिए निगम और सरकार क्या योजनाएं बना रही है। शहर के जल स्रोतों में पानी संरक्षित रखने के लिए सरकार और निगम का क्या प्लान है? कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 3 अप्रैल निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि निगम ने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बनाए गए हैं। इसका पालन नहीं करने वाले भवन मालिको एवं अपार्टमेंट के निवासियों से डेढ़ गुना अतिरिक्त होल्डिंग



टैक्स वसूला जा रहा है। तीन-चार माह में राजधानी के कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग किया जाएगा। ताकि इन तीन डैम का जल स्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके। कोर्ट ने मौखिक कहा कि भविष्य में रांची में पेयजल की संकट ना हो इसे लेकर राज्य सरकार और रांची नगर निगम अपना सुझाव दें। कोर्ट ने यह भी कहा कि एमिकस क्यूरी ने भी रांची में पेयजल संरक्षित रखने के लिए कई सुझाव दिए हैं उसपर राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम ने कितना अमल किया गया, इसकी भी जानकारी दी जाए।

## अवैध रूप से संचालित मीट शॉप पर रोक लगायें डीसी-एसपी लाइसेंस नहीं रखने वालों पर दो सप्ताह में करें कार्रवाई

**रांची।** राजधानी सहित राज्य में मीट शॉप विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित कर रांची एवं झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से मीट शॉप चलने वाले दुकानों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा गया कि मांस की दुकानों में जानवरों के शवों को काले शीशे के दरवाजे और पर्दे से ढके जाने पर जो रेगुलेशन है उसे लागू करने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है। कोर्ट ने राज्य के जिलों के डीसी एवं एसपी को निर्देश दिया है कि वह मीट शॉप विक्रेताओं के खिलाफ दो सप्ताह में जांच अभियान चलाएं, यह सुनिश्ति करें कि उनके पास लाइसेंस है या नहीं। जिन मीट शॉप विक्रेताओं के पास लाइसेंस नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई करें। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा। अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। प्रार्थी श्यामानंद पांडे की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है की रांची शहर सहित राज्य में मीट विक्रेता बाहर खुले में कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को प्रदर्शित करते हैं, यह एफआईसीसीआई के रूल एंड रेगुलेशन के खिलाफ है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न हाई कोर्ट के गाइडलाइन के विपरीत है। इसलिए इसे रोका जाना चाहिए।

## रांची में जाम ही जाम, लोग हलकान



**रांची। राजधानी रांची के लगभग सभी मुख्य मार्ग सोमवार को जाम रहा। इस वजह से लोग हलकान रहे। जाम की स्थिति शाम 5:30 बजे से शाम सात बजे तक जाम की स्थिति बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार, मेन रोड, कोकर रोड, रातू रोड, सर्कुलर रोड, रेडियम रोड, अरगोड़ा बाइपास रोड, कडरू में जाम के कारण गाड़ियां रेंगती नजर आई। गंतव्य तक जाने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के आदेश पर जहां- जहां जाम की स्थिति उत्पन्न हुई, वहां- वहां ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने जाम को क्लियर कराया।**

# बम निरोधक दस्ते के जवानों के लिए 60 लाख का बीमा तय !

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बम निरोधक दस्ते के जवानों के लिए 60 लाख रुपये का बीमा मिलेगा। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने विज्ञापन जारी कर बीमा राशि के भुगतान के लिए इच्छुक बीमा कंपनियों से उनकी अभिव्यक्ति मांगी है। वर्तमान में द न्यू इंडिया इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ झारखंड पुलिस का एक साल के लिए करार है, जिसकी अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही है।

### कितना मिलेगा बीमा का लाभ

मृत्यु की स्थिति में 100 प्रतिशत, स्थाई रूप से निशक्तता में 100 प्रतिश और दो अंगों की क्षति होने पर (जैसे दोनों आंखें या फिर एक आंख व एक अन्य अंग नष्ट होने पर) भी 100 प्रतिशत बीमा राशि मिलेगी। एक अंग या एक आंख नष्ट होने पर 50 प्रतिशत राशि मिलेगी। स्थाई रूप से हल्का निशक्त होने पर आईआरडीए के नार्म्स के अनुसार राशि मिलेगी। जख्मी होने पर निजी या सरकारी अस्पताल में इलाजरत रहने पर अधिकतम 20 लाख रुपये, पुलिसकर्मी की मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों की शिक्षा के लिए प्रति बच्चा दो लाख और बम निष्क्रिय करने के दौरान मृत्यु होने पर शव ले जाने के लिए 50 हजार दिया जायेगा। वहीं बम निष्क्रिय के लिए जाते वक्त सड़क हादसा होने पर मृत्यु की स्थिति में 20 लाख रुपये व जख्मी स्थिति में इलाज के लिए 7.50 लाख मिलेंगे।

**नक्सल विरोधी अभियान से अलग है ये बीमा :**

बम निरोधक दस्ते के 59 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा। पुलिस मुख्यालय ने प्रति सदस्य 2950 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया है। बीमा नक्सल विरोधी अभियान से अलग है। नक्सल विरोधी अभियान के लिए बीमा पहले से लागू है। पुलिस मुख्यालय ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) के लिए योजना बनायी थी। मुख्यालय का तर्क है कि बम निरोधक दस्ते को नक्सल अभियान के अलावा भी आकस्मिक बम जांच, आईईडी जांच, औचक निरीक्षण या प्रशिक्षण के क्रम में कोई नुकसान पहुंचेगा तो इस बीमा का उसको लाभ मिलेगा। एकरारनामे के अनुसार, बम निष्क्रिय ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के घायल, निः शक्तता या बलिदान होने की स्थिति में संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक चिकित्सा, निशक्तता या मृत्यु बीमा के लिए दावा एकरारनामे में वर्णित निर्देशों के आलोक में होगा।

# भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर रांची बंद की पूर्व संध्या मसाल जुलूस




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर रांची बंद की पूर्व संध्या मसाल जुलूस निकाला गया। पिस्का मोड़ मोड विश्वनाथ मंदिर से बाइक रैली रैली एवं जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से मसाल जुलूस उत्तम यादव के के नेतृत्व में निकल गया। जुलूस में मुख्य रूप से उमेश साहू, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, वीरेंद्र गोप, योगेश कुमार रॉक, सावन लिंडा, रंजन माथुर, संजय तिवारी, अनुराग तिर्की, मन्नू चौधरी, राहुल गुप्ता, रवि कुमार, मिथिलेश सिंह, अभिषेक बंटी यादव, मोनू विश्वकर्मा, विनय सिंह, अजीत सिंह, प्रीति सिंह जायसवाल बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## झाप्रसे के 11 अफसर बदले, मधुश्री बनीं कुडू की सीओ

**रांची।** राज्य सरकार ने झाप्रसे के 11 अधिकारियों को बदल दिया है। सभी अधिकारियों की सेवा भू राजस्व विभाग को सौंपी गयी थी। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विशुनपुर के सीओ दिनेश कुमार गुप्ता को चिनिया का सीओ बनाया गया है। शेखर वर्मा को चिनया से विशुनपुर सीओ की जिम्मेवारी सौंपी गई है। माधवी मिश्रा को जलडेगा से स्थानांतरित करते हुए कुडू का सीओ बनाया गया है। वहीं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी किरण बोदरा को रांची से हजारीबाग, प्रीति केरकेप्ता को हजारीबाग से धनबाद, अमृता खाखा को हजारीबाग से रांची, शादां नुसरत को दुमका से हजारीबाग, निर्मल सोरेन को पलामू से धनबाद राजेश कुमार को धनबाद से पलामू और मिथिलेश कुमार चौधरी को धनबाद से दुमका का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी बनाया गया है।

## समाजसेवी शाहरूख खान पहुंचे रिसालदार शाह बाबा दरगाह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रबुद्ध समाजसेवी शाहरुख खान डोरंडा स्थित रिसालदार शाह बाबा दरगाह पहुंचे। जहां इन्होंने मजार शरीफ पर चादरपोशी की। उसके बाद दरगाह में चल रहें सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया, साथ ही बाबा दरगाह का बन रहा गुम्बद व मीनार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नई कमिटी के कार्य की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के साथ-साथ झारखंड वासियों को माहे रमजान की मुबारकबाद भी दिया। इस अवसर पर सदर अयूब गद्दी,महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उप सचिव जुल्फिकार अली भुप्तो, सदस्य नज्जू अंसारी, अनीश गद्दी आदि मौजूद रहें।

# बैठक में अपराधियों को पकड़ने की बनती है नीति अपराधी कभी चोरी तो कभी कर रहे डकैती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस राजधानी में क्राइम कंट्रोल के लिये थानेदार और डीएसपी के साथ बैठक करते हैं। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए नये-नये तरीके से इजाद कर रही है। लेकिन, अपराधी पुलिस की सुरक्षा का धत्ता बताते हुए लगातार डकैती, चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं। राजधानी रांची में अपराधियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन तो किया गया है, लेकिन वह भी कागजों पर। रांची में अपराधियों ने कई बड़े घटनाओं को अंजाम दिया।



### केस नंबर एक

**हाईकोर्ट वकील के घर का ताला तोड़कर 21 लाख का सामान ले उड़े चोर :** हाईकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर 21 लाख के समान की चोरी कर ली गई। यह घटना रविवार की देर रात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मरियातू, चंदाघासी में हुई। जहां हाइकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर दो से तीन लाख रुपये नगद और करीब 21 लाख रुपये के सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर ली गई। इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह अधिवक्ता को हुई। जिसके बाद इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### केस नंबर दो

**रातू में घरवालों को बंधक बनाकर लाखों के सामान की डकैती :** रातू थाना क्षेत्र में अपराधियों ने घरवालों को बंधक बनाकर लाखों रुपये के सामान की डकैती कर फरार हो गये। घटना रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम में घटी थी। अपराधियों ने प्रमोद कुमार पांडेय के घर हुई। अपराधियों ने वहां से 20 लाख से अधिक की संपति लूट लिया। इस मामले में पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### केस नंबर तीन

रांची के हिंदपीढ़ी में बंद घर को अपराधियों ने निशाना बनाया। जिस घर में चोरी हुई वे सभी परिवार शादी समारोह में बाहर गये हुए थे। अपराधियों ने वहां से 40 लाख के जेवरात की चोरी कर ली है। इस मामले में पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल पाया है।

# रांची-बनारस वंदे भारत का परिचालन सप्ताह में छह दिन

## रांची-बनारस वंदे भारत की समय सारणी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची से बनारस चलनेवाली वंदे भारत का परिचालन गुरुवार छोड़कर सप्ताह में छह दिन किया जायेगा। ट्रेन सुबह 5:10 बजे रांची से बनारस के लिये रवाना होगी। जो दिन के एक बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 16:05 बजे बनारस से रवाना होगी। जो रात 23:55 बजे रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से रांची से बनारस की दूरी साढ़े सात घंटे की होगी। इसका पहला परिचालन रांची से बनारस तक किया जायेगा। इससे पहले दो वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा व पटना के लिए संचालित हैं। रांची से बनारस वंदे भारत ट्रेन के रूट की बात करें तो यह ट्रेन बोकारो स्टील सिटी, हजारीबाग, कोडरमा व गया जंक्शन होकर चलेगी। रांची से बनारस के लिये किराया की घोषणा अभी तक नहीं की गयी है।



### किराया तय

दक्षिण पूर्व रेलवे की मानें तो इस ट्रेन के परिचालन के लिए किराया तय कर दिया गया है। इसके तहत चेयरकार कैटरिंग के साथ 1505, चेयरकार बगैर कैटरिंग 1160, एग्जीक्यूटिव क्लास कैटरिंग 2725, एग्जीक्यूटिव क्लास बगैर कैटरिंग 2335 रुपए है। वापसी में बनारस से रांची के लिए चेयरकार कैटरिंग 1450, चेयरकार बगैर कैटरिंग 1160, एग्जीक्यूटिव कैटरिंग 2675 और एग्जीक्यूटिव बगैर कैटरिंग 2325 रुपए तय की गयी है। ट्रेन के आठ कोच में 560 सीट है।

## रोटरी क्लब ऑफ लंदन ने जलवायु और स्वास्थ्य पर बैठक किया




**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ लंदन द्वारा आयोजित जलवायु और स्वास्थ्य पर बैठक सोमवार को हुआ। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ रांची के आरटीएन गौरव बैगरॉय ने रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष आरटीएन गॉर्डन मैकइनैली को क्लब का झंडा प्रस्तुत किया। झंडे में बिरसा मुंडा और जगनाथपुर मंदिर की तस्वीरें हैं, और आरटीएन गौरव ने आरआई अध्यक्ष को उनका महत्व समझाया।

## बिहार के युवक ने डोरंडा इलाके में किया सुसाइड

रांची। राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। मृतक युवक का नाम चंदू कुमार झा है और वह बिहार का रहने वाला है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक युवक का आधार कार्ड बरामद किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# आईएचएम रांची में हुआ झारखंड कौशल प्रतियोगिता का आगाज

## विजेता प्रतिभागी को मिलेगा फ्रांस में होनेवाले विश्वस्तरीय वर्ल्ड स्किल कम्पिटीशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 का शुभारंभ सोमवार को रांची स्थित आईएचएम में हुआ। राज्यस्तरीय इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रतियोगिताका आयोजन आईएचएम, आईटीआई, झारखण्ड गर्वन्मेंट टूल रूम, राज हॉस्पिटल, प्रेमसंस मोटर्स एवं साई ब्यूटी संस्थान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पीके मडावी, उप निदेशक, आरडीएसडीई ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए चार बातें कौशल, ज्ञान, मेहनत और विचारधारामहत्वपूर्ण होती हैं। मैं चाहता हूं कि झारखण्ड के प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे और विश्व स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करें। मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है। बताते चलें कि झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 के तहत विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां देश के अलग-अलग राज्यों के विजेता प्रतिभागी शामिल होंगे। इंडिया स्किल्स के विजेता प्रतिभागी को इस साल फ्रांस में होनेवाले विश्वस्तरीय वर्ल्ड स्किल कम्पिटीशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। आईएचएम के प्राचार्य भूपेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का विजेता कोई एक ही चुना जाएगा। लेकिन उनके लिए हर वह प्रतिभागी विजेता है, जिसने पूरी ईमानदारी और मेहनत से प्रतियोगिता में भाग लिया है। हर फाइटर विनर है। आप इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें। इस दौरान राजीव खरे, प्रोजक्ट मैनेजर, यूएनडीपी ने झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला।




## रोजगार मेले में 22 अभ्यर्थियों का चयन



**रांची।** डीजीटी भारत सरकार और नियोजन एवं श्रम प्रशिक्षण निदेशालय झारखंड की ओर से कलावती कॉलेज आफ फामेर्सी द्वारा शिक्षा दीप भवन कमरे रांची के सभागार में प्रधानमंत्री अप्रेटिंस रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की निदेशक शिवनंदन पाठक प्रचार विश्व दीपक पांडे एवं मेला प्रभारी सरकारी आईटीआई रांची आशीष कुमार नापित के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं इस अप्रेंटिसशिप मेले के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित कुल 13 प्रतिष्ठानों के द्वारा भी अपने-अपने प्रतिष्ठानों को कार्य क्षेत्र के बारे में जानकारी दी गई। उक्त मेले में 111 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 30 अभ्यर्थियों का निबंधन कराया गया। 81 अभ्यर्थी पूर्व से निबंधित थे। कंपनियों कें दवारा 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

12.03.2024

नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 239




14 रवीना टंडन की फिल्म शुक्ला का ट्रेलर रिलीज


इफ्तार : शाम 5.58 (12 मार्च)
सेहरी : भोर 4.37 (13 मार्च)

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

HIND I.T.I
INSTRUMENTATION
QUALITY CONTROLLER
ELECTRICIAN/HVAC
MOBILE CRANE OPERATOR
ARC & ARGON WELDING
SAFETY MANAGEMENT
FORKLIFT OPERATOR/ETC
7061668986 Dr. Mohammad Tahir Hussain
Head office : Nisha Apartment near Kerala Public School Main Road No 17, Mango, Jamshedpur (TATA NAGAR) Jharkhand, India
www.hinditi.com


# देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून देशभर में लागू हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार शाम छह बजे सीएए के नियमों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। इस कानून से दूसरे देशों में रह रहे गैर मुस्लिम शरणार्थियों को लाभ होगा। देश से सटे पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश समेत अन्य पड़ोसी देशों में रहने वाले तमाम गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को इसका लाभ मिलेगा जो भारत की नागरिकता लेना चाहते हैं। पांच साल पहले ही संसद और राष्ट्रपति ने इसे लेकर मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गयी थी।

**भारत की नागरिकता लेने की चाह रखने वाले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश समेत अन्य पड़ोसी देशों में रहने वाले सभी गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगा इसका लाभ**



इस बीच भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर कहा, जो कहा सो किया, मोदी सरकार ने अपनी गारंटी पूरी की। वहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि इस कानून से अगर कोई भेदभाव होता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। सीएए के लिए नियमावली और ऑनलाइन पोर्टल तैयार है।

**केंद्र सरकार का मास्टर स्ट्रोक :** आने वाले कुछ ही दिनों में आगामी लोकसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो सकता है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा देश में नागरिकता संशोधन कानून के लिए अधिसूचना जारी करना मास्टर स्ट्रोक है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सीएए का क्रियान्वयन कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि यह देश का कानून है।

**सीएए में कौन कौन धर्म हैं शामिल :** सीएए में छह गैर-मुस्लिम समुदायों हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। इन्हें केवल भारतीय नागरिकता तब ही मिल सकती है, जब इन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में शरण ली हो। नियम जारी होने के बाद जो लोग बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आये थे केवल उन्हें ही केंद्र सरकार द्वारा भारतीय राष्ट्रीयता दी जायेगी। सीएए दिसंबर 2019 में पारित हुआ था और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गयी थी। इसके खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन भी हुए थे।

> सीएए लागू होने के बाद भाजपा ने कहा-जो कहा सो किया, मोदी सरकार ने पूरी की एक और गारंटी।
> **भाजपा**

> बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए को लेकर कहा कि अगर कोई भेदभाव होता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।
> **ममता बनर्जी**

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का हुआ शुभारंभ

# विद्यार्थी भविष्य संवारने पर ध्यान दें सरकार देगी आर्थिक मदद : सीएम

**विद्यार्थियों को तोहफा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा है कि झारखंड के गरीब बच्चे-बच्चियों को पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी है। बच्चे अपना भविष्य संवारने की दिशा में आगे बढ़ें, सरकार आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि अब आप और आपकी पढ़ाई के बीच आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने देंगे। आपके करियर को सरकार उड़ान देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही है। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीआईजी अखिलेश कुमार झा, उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव आदि उपस्थित थे।



**समारोह में इन योजनाओं को किया गया लॉन्च**

- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के पोर्टल की हुई लॉन्चिंग।
- 1200 विद्यार्थियों को मिला गुरुजी क्रेडिट कार्ड जबकि 900 छात्राओं को मांकी मुंडा छात्रवृति योजना का लाभ।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद का वेब पोर्टल शुरू।
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग का सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक धनबाद एवं एचडीएफसी बैंक के साथ एमओयू।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद और राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के मध्य हुआ एमओयू।
- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में नवनिर्मित 3-डी थिएटर का उद्घाटन।

**नहीं रखनी होगी कुछ गिरवी, सरकार बनेगी गारंटर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ भी गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी, उन्हें आर्थिक मदद के लिए गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार गारंटर बनेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मिलेगा। मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत डिप्लोमा स्तरीय कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए और बी-टेक कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

## आज शाम तक चुनाव आयोग को सौंपे चुनावी बांड का विवरण : कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट में एसबीआइ की याचिका खारिज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक को निर्देश दिया है कि वह चुनावी बॉन्ड का ब्यौरा मंगलवार शाम तक चुनाव आयोग को सौंप दे। न्यायालय ने इस सिलसिले में बैंक को और अधिक समय देने से इंकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्वाचन आयोग को भी बैंक की ओर से दी गई सारी जानकारी 15 मार्च शाम पांच बजे तक सरकारी वेबसाइट पर साझा करने का निर्देश दिया है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय से इस सिलसिले में ब्योरा देने के लिए 30 जून तक समय देने का अनुरोध किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 15 फरवरी को चुनावी बॉन्ड योजना पर रोक लगा दी थी। निर्वाचन आयोग को चंदे का ब्योरा 13 मार्च तक सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था।

### कोर्ट के आदेश से भाजपा की असलियत पता चलेगी : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड को लेकर कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से एसबीआई के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की भाजपा की कोशिश पर पानी फिर गया है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति मॉरीशस की तीन दिवसीय यात्रा पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू तीन दिन की राजकीय यात्रा पर कल मॉरीशस पहुंचीं। वे आज मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। समारोह में भारतीय नौसेना का एक दल भी हिस्सा ले रहा है। श्रीमति मुर्मू और मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रोपुन तथा प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनॉथ के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को झटका

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 7 फरवरी को एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? शीर्ष अदालत ने इसके बाद सीबीआई जांच के आदेश में पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### छग सीएम ने देवघर बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की

**देवघर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय सोमवार को देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे दुमका लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भाग लेने निकल गये।

### ट्रेनिंग से लौट रहे एनसीसी कैडेट की दुर्घटना में मौत

**मेदिनीनगर।** पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के लोहरसी के एनसीसी कैडेट अमित पांडे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह ट्रेनिंग के बाद घर लौट रहा था। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### नहर किनारे मिली प्रेमी युगल की लाश, जांच शुरू

**खूंटी।** तमाड़ में बांड़वा गांव के नहर किनारे सोमवार को एक युवक और युवती की लाश मिली है। दोनों प्रेमी-प्रेमिका हैं। उनकी पहचान युवक प्रह्लाद लोहरा (22) और युवती संगीता कुमारी (18) के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार दोनों एक ही गांव के थे, और पिछले चार वर्षों से दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। इससे दोनों के परिवार वाले नाखुश थे। जिससे दोनों डिप्रेशन में थे।

## चांद नजर आया, रमजान माह का पहला रोजा आज से शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी रिजवी ने घोषणा की कि सोमवार को राज्य के लगभग 65 जगहों पर रमजानुल मुबारक का चांद देखा गया। जिस के बाद दरगाह परिसर में दारुल कजा की आयोजित बैठक में काजीयाने शरीयत ने चांद नजर आने की घोषणा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रमजान माह का पहला रोजा 12 मार्च यानी आज मंगलवार से प्रारंभ होगा। बैठक में मौलाना मुफ्ती आबिदहुसैन मिस्बाही मुख्य काजी शरीयत, मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मुफ़्ती अनवर हुसैन निजामी, मौलाना मुफ़्ती इजाज हुसैन,मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली, कारी मुहम्मद अय्यूब रिजवी आदि थे।

## चुनाव में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें पर्यवेक्षक: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों से पहले सभी पर्यवेक्षकों को देश भर में स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और



केंद्रशासित प्रदेशों में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए सोमवार को ब्रीफिंग करते हुए कहा कि चुनाव में सभी पर्यवेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे पेशेवर ढंग से कार्य करें और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ रहें। पर्यवेक्षकों को आचरण में सख्त लेकिन विनम्र रहने का निर्देश दिया। उन्होंने उनसे मतदान केंद्रों का दौरा करने और इलाकों की जानकारी लेने तथा संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लेने को कहा।

## पीएम आज रांची-बनारस वंदे भारत को दिखायेंगे हरी झंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी रेलवे के 85 हजार करोड़ की योजनाओं को भी देश को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही श्री मोदी रांची-बंडामुंडा दोहरीकरण रेल लाइन का लोकार्पण एवं मंडल के रांची, हटिया, गोविन्दपुर रोड, इटकी, मुरी, पिस्का, सिल्ली एवं टाटीसिलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के स्टॉल का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे।

रांची रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक निशांत कुमार ने बताया कि सुबह 07:45 बजे रांची रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार देशभर में 10 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी जायेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध कोर्ट ने जारी किया समन



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध कोर्ट ने समन जारी किया है। रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम ने समन जारी करते हुए हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि बीते सोमवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर अपना फैसला सुनाया था। अपने फैसले में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का कई बार उल्लंघन किया है।

## बसंत सोरेन ने बाबूलाल मरांडी को लोस चुनाव जीतने की दी चुनौती

### बाबूलाल के खिलाफ सोरेन परिवार हमलावर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद सोरेन परिवार से मंत्री बनने झामुमो विधायक बसंत सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर हमला बोला है। बसंत सोरेन ने उन्हें कहीं से भी लोकसभा चुनाव लड़कर जीतने की चुनौती दी है।

बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भाजपा की ओर से इकलौते ऐसे नेता हैं जो शिबू सोरेन समेत उनके पूरे परिवार पर खुलकर निशाना साधते रहे हैं, लेकिन अब सोरेन परिवार भी सामने आकर बाबूलाल मरांडी को चुनौती दे दी है। बसंत ने बाबूलाल मरांडी को चुनौती देते हुए कहा कि वे 14 में से किसी एक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ें और जीतकर दिखायें। इधर हेमंत सोरेन के जेल में जाने के बाद पत्नी कल्पना सोरेन ने चुनावी नैया को पार कराने में सहानुभूति की पतवार भी थाम ली है। अलग-अलग सभाओं में बता रही हैं कि साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में भेजा गया है।

बता दें कि झारखंड में लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं। इनमें पांच सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

## प्रदीप वर्मा और सरफराज अहमद ने किया नामांकन

**राज्यसभा चुनाव**

### दोनों प्रत्याशियों हो जायेंगे निर्विरोध निर्वाचित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए की ओर से प्रदीप वर्मा और इंडिया गठबंधन की ओर से डॉ सरफराज अहमद ने सोमवार को नामांकन किया। एनडीए प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा ने तीन सेट में नामांकन दाखिल किया। विधानसभा सचिवालय में नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक बिरंची नारायण, जेपी पटेल, नीरा यादव, राज सिन्हा, ढुल्लू महतो, अनंत ओझा सहित पार्टी के अन्य विधायक और पार्टी पदाधिकारी के अलावा एनसीपी विधायक कमलेश सिंह, आजसू पार्टी विधायक लंबोदर महतो भी उपस्थित थे।





वहीं, इंडिया महागठबंधन की ओर से झामुमो के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल किये जाने के दौरान मुख्यमंत्री चौपाई सोरेन, राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस विधायक व नेता आलमगीर आलम और माले विधायक विनोद सिंह शामिल थे।

**नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचे हरिहर महापात्र :** तीसरे प्रत्याशी के रूप में मुंबई के व्यवसायी हरिहर महापात्र ने भी नामांकन के लिए पर्चा खरीदा था। हालांकि वे नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचे। नामांकन करने का अंतिम समय दोपहर 3:00 बजे तक ही था। इस प्रकार अब संख्या बल के आधार पर डॉ सरफराज अहमद और प्रदीप वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हो जायेंगे। 12 मार्च को स्क्रूटनी होगी। वहीं 14 मार्च दोपहर तीन बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। विधानसभा के सचिव सैय्यद जावेद हैदर उसी दिन चुने गये प्रत्याशी की घोषणा करेंगे। इसके बात प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा जायेगा। बताते चलें कि नामांकन दाखिल करने के लिए झारखंड विधानसभा के सदस्यों की संख्या के अनुसार, कम से कम 10 विधायकों का प्रस्तावक होना जरूरी है, जो धन कुबेर को नहीं मिले। नतीजा वह नामांकन से वंचित रह गये। (शेष पेज 11 पर)

## बदनामी के डर से बेटी को काटा, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** जिला पुलिस ने 16 वर्षीय पम्मी कुमारी हत्याकांड में संलिप्त पिता और भाई समेत 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में पिता मथुरा सिंह, भाई जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, हरेंद्र सिंह, सिविल सर्जन सिंह, रामचन्द्र सिंह शामिल है। पुलिस ने खुलाया किया कि प्रेम-प्रसंग के कारण इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार लड़की के पिता और भाई उसकी हरकतों से नाराज थे। गुस्से में पिता और भाईयों ने टांगी से उसके सिर पर वार कर दिया।

## ज्ञानवापी की तरह धार के भोजशाला का भी होगा एएसआइ सर्वे

**हाइकोर्ट का फैसला**

**एजेंसी**

**इंदौर।** भोपाल की आर्थिक राजधानी इंदौर हाइकोर्ट ने धार भोजशाला विवाद को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट ने ज्ञानवापी की तरह धार भोजशाला का एएसआइ सर्वे कराने की इजाजत दे दी है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की अपील को मानते हुए कोर्ट ने सर्वे की इजाजत दे दी है। इस मुद्दे को लेकर सामाजिक संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने याचिका दाखिल की थी।



**कोर्ट ने सर्वे के लिए कमेटी की गठित :** इंदौर हाईकोर्ट में भोजशाला के सर्वे की मांग वाली याचिक पर बहस पहले ही हो चुकी थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था। हिंदू पक्ष ने पुरातत्व विभाग से सर्वे कराने की मांग की थी। कोर्ट में इस मामले में करीब सात याचिकाएं दाखिल की गयी थीं। इंदौर कोर्ट में जबलपुर हाई कोर्ट में चल रहे सभी केस की लिखित और विस्तारपूर्वक जानकारी देने कहा था। कोर्ट ने सर्वे के आदेश के साथ ही पांच सदस्यीय कमेटी भी गठित कर दी है। कमेटी को छह हफ्ते का समय दिया गया है।

**क्या है भोजशाला विवाद :** भोजशाला को सभी हिंदू संगठन सरस्वती का मंदिर मानते हैं। हिंदूओं का कहना है कि राजवंश काल में यहां कुछ समय के लिए मुस्लिमों को नमाज पढ़ने की अनुमति दी गयी थी। वहीं दूसरे पक्ष मुस्लिमों का कहना है कि वो सालों से यहां नमाज पढ़ रहे हैं। वे इसे भोजशाला कमान मौलाना मस्जिद मानते हैं, जबकि हिंदू इसे पूजा का स्थल या कहें सरस्वती मंदिर मानते हैं।

**भोजशाला से जुड़ा इतिहास :** इतिहासकारों के मुताबिक करीब 1 हजार साल पहले धार में परमार वंश का शासन था। यहां सन 1000 से 1055 ईस्वी तक राजा भोज ने राज किया था। राजा भोज ने 1034 ईस्वी में यहां एक महाविद्यालय की स्थापना करायी और मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की, जिसे बाद में 'भोजशाला' के नाम से जाना गया। कहा जाता है कि 1305 ईस्वी में अलाउद्दीन खिलजी ने भोजशाला को ध्वस्त कर दिया था। बाद में 1401 ईस्वी में दिलावर खान गौरी ने भोजशाला के एक हिस्से में मस्जिद बनवा दी थी। 1875 में यहां पर खुदाई में यहां मां सरस्वती की प्रतिमा मिली थी। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गये थे, जो अभी लंदन के संग्रहालय में रखी है। हाई कोर्ट से इस प्रतिमा को वापस लाने की भी मांग की गयी है।

## जमशेदपुर से अयोध्या पैदल निकले तीन युवा

**जमशेदपुर।** जिले के तीन धावक 820 किलोमीटर की लंबी दौड़ पर अयोध्या के लिए रवाना हुए। दौड़ का उद्देश्य अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराने के लिए पीएम मोदी और यूपी सरकार के प्रति आभार जताना है और युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना है। कुल 820 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर तीनों धावक अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। युवा धावक सन्नी तिवारी, विशाल तिवारी और अमन कुमार सिंह के इस जागरुकता दौड़ में उनके तीन मित्र क्रमशः अनुराग कुमार, पीयूष सोनी और मनीष कुमार झा सहयोगी की भूमिका में पूरी यात्रा में साथ चलेंगे।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**



## हक की बात


देश की आजादी के समय जो समस्या थी वह आज भी महिलाओं के पीछे साया की तरह लगी है। हम आज भी महिलाओं को सुरक्षा देने में इतने असफल क्यों हैं। महिलाओं को समान अधिकार की चर्चा हमारी राजनीति में इतनी गूंजती है कि मानो हम भी अब महिला को पूर्ण रूप से बराबर का दर्जा दे चुके हो, लेकिन हर रोज हो रही दर्दनाक घटनाओं ने सुरक्षा की सारी कलई खोल दी। सुरक्षा के लिहाज से महानगरों को सबसे सुरक्षित माना जाता है और जब बात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हो तो ऐसा लगता है हम पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं चूंकि देश के प्रधानमंत्री से लेकर हर बड़े पद पर आसीन नेता व अधिकारी यहीं रहता है। सरकारें दावा करती हैं कि राजधानी पूरी तरह से सीसीटीवी लैस है, लेकिन बदमाशों पर निगाह शून्य है, चूंकि इसका सजीव उदाहरण छोटे बच्चियों से हो रही रेप की घटना और उनकी जघन्य हज्या ही है। पूरे समाज को इससे विचलित होने की आवश्यकता है। न्याय को भी सजग होना चाहिए। उनको पुलिस-प्रशासन का कतई भी डर नहीं होता। यह मामला सिर्फ दिल्ली का नहीं है पूरे देश का है। पुलिस की विश्वसनीयता के साथ न्यायिक सक्रियता पर भी लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। इस विश्वास बहाली के लिये पुलिस और न्यायिक व्यवस्था को सक्रिय होना ही होगा। कुछ अन्य पीड़ितों ने बताया कई मामलों में पुलिस को पहले ही अवगत कराया गया था, लेकिन उसमें पुलिस से कोई मदद नहीं मिली। ऐसे मामलों में पुलिस अपनी ओर से कहती है कि उनके पास पुलिस बल की कमी रहती है। महिलाओं के प्रति अपराध आज भी बढ़ना एक दुखद संकेत हैं। शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से देखे तो आज भी देश में आधी आबादी का महत्व कम ही आंका जाता है। आखिर उनके हक के बिना राष्ट्र सक्षम राष्ट्र कैसे होगा?

## बढ़ता तनाव

यूक्रेप और रूस के बीच तनाव जारी है। पूरे प्रकरण में भारत के लिए तटस्थ रहना इतना आसान नहीं है। विदेश नीति में तटस्थता की अलग कीमत चुकानी पड़ती है। इस मामले में अमेरिका यूक्रेन की ओर से होकर भारत को अपने पाले में देखना चाहेगा, लेकिन भारत रणनीतिक तौर पर रूस का भी करीबी है। वह लंबे वक्त से रूसी रक्षा उपकरणों और हथियारों का खरीदार रहा है, इसलिए रूस पर उसकी निर्भरता बनी हुई है। इसके साथ ही उसे चीन के आक्रामक रुख का भी सामना करना पड़ता है, इस लिहाज से भी रूस का साथ जरूरी है। भारत के विदेश मामलों के जानकारों ने इस ओर संकेत दिया है कि भारत, अमेरिका और रूस दोनों देशों के करीब है, ऐसे में यूक्रेन को लेकर बना तनाव कम करने में भारत मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दमयत्रो कुलेबा ने रूस के शांति की बहाली में भारत से मदद की गुहार लगाई है। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि 'इसका असर पड़ेगा।' इसके साथ ही भारत ने शांतिपूर्ण बातचीत के जरिये तनाव को तत्काल कम करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने स्पष्ट किया, भारत का हित एक ऐसा समाधान खोजने में है, जो सभी देशों के वैध सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए तनाव को तत्काल कम कर सके और इसका उद्देश्य क्षेत्र और उससे बाहर दीर्घकालिक शांति और स्थिरता कायम करना है। वहीं यूक्रेन मामले में रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की पश्चिमी देशों की धमकियों के बीच भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह रूस के खिलाफ किसी भी आर्थिक प्रतिबंध का पक्षकार नहीं बन सकता। भारतीय तटस्थता के परिणाम काफी दूरगामी हैं। अब अमेरिका और रुस के बीच कईस्तरों पर बात भी हो रही है लेकिन ऐसे मसलों पर कब तनाव बढ़ जाएगा यह कहना कठिन है।

# शैक्षणिक संस्थाओं की गरिमा सबके हित में





\- मृत्युजय दीक्षित

> हिजाब आंदोलन में बॉलीवुड भी कूद पड़ा है जो फिल्म अभिनेत्रियां फिल्मों में बिकनी पहनती हैं वह भी हिजाब का समर्थन कर रही है। एक सिने अभिनेत्री ने तो यह तक कह डाला कि जब एक सिख पगड़ी बांधकर स्कूल जा सकता है तो मुस्लिम महिला हिजाब पहनकर क्यों नहीं जा सकती। यह कितनी घातक और विकृत सोच है।

**अगर** कटटरपंथियों के दबाव में आकर उनकी यह मांग एक मान ली गयी तो उनकी डिमांड और बढ़ती जायेगी। विद्यालयों में बच्चों के बीच समानता बढ़ाने के लिए यूनिफार्म का प्रावधान किया गया है। कुछ तत्व इस बात को अनदेखा कर इस्लाम के नाम पर हंगामा कर रहे हैं। कर्नाटक में उडुप्पी के एक छोटे से स्कूल से प्रारम्भ हुआ हिजाब विवाद अब एक बड़ा और विकराल रूप ले चुका है। देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन करके विवाद को और गहरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जब विश्व के कई देशों ने मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया है, तब भारत में इस्लामिक कटटरपंथियों द्वारा हिजाब आंदोलन खड़ा कर देना एक राजनैतिक साजिश लग रही है जो प्रथम दृष्टया विपक्षी दलों का काम लग रहा है किन्तु इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता ।

अब कर्नाटक के स्कूल की छह लड़कियों के पीछे के कट्टरपंथियों ने कमान संभल ली है। कर्नाटक से लेकर हैदराबाद और जयपुर तक तथा दिल्ली के शाहीन बाग से लेकर बंगाल के मुर्शिदाबाद तक और उप्र के अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय तक सभी जगह हिजाब समर्थक गोलबंद होकर सड़कों पर निकल आये हैं। यह प्रदर्शन तब हो रहे हैं जबकि कर्नाटक हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी मामले की सुनवाई चल रही है।

जिस तरह सेक्युलर दलों ने हिजाब विवाद को लपका तथा आग में घी डाल कर भड़काने का काम किया वो आश्चर्यचकित करने वाला है, कर्नाटक से लेकर महाराष्ट्र के मालेगांव तक इनकी भूमिका "आग लगा दो, रोटी सेक लो" वाली दिखाई दे रही है। महाराष्ट्र में एआईएएम, शरद पवार की एनसीपी ने तो मुस्लिम समाज की महिलाओं व कटटरपंथियों को भड़काकर हिजाब डे तक बना डाला है। एआईएएम नेता ओवैसी यहां तक बौखला गये हैं कि वह कह रहे हैं कि जब तक हिजाब नहीं तब तक किताब नहीं, वह यह भी कह रहे हैं कि एक दिन एक हिजाबी देश की प्रधानमंत्री भी बनेगी। यह पूरा का पूरा घटनाक्रम एक बहुत बडी साजिश है जिसे तथाकथित सेकुलर राजनैतिक दल अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए अंजाम दे रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष हिजाब विवाद की आड़ में मोदी सरकार, भाजपा व संघ के खिलाफ नये सिरे से नफरत फैला रहा और मुसलमानों का तुष्टिकरण करने के लिए खूब बयानबाजी कर रहा है।

हिजाब विवाद को राजनैतिक रंग देने और नफरत की आग को भड़काने के लिए सोशल मीडिया का भी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो जारी किये गये हैं जिसमें जिसमें कुछ मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनकर क्रिकेट खेल रही हैं और कहीं फुटबाल और हॉकी खेल रहीं हैं। एक मुस्लिम महिला चिकित्सक का वीडियो आया जो हिजाब पहनकर हास्पिटल जा रही है और मरीजों को देख रही है। बिना हेलमेट राइडिंग करती और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर भद्दे इशारे करती बुर्कानशीनों के वीडियो भी आ रहे हैं।

राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बहुत सी मुस्लिम महिलाएं व युवतियां जो तीन तलाक कानून से बहुत खुश हैं तथा जिन गरीब मुस्लिम महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है, फ्री राशन मिला है आवास मिला है और सुरक्षा मिली है वे बीजेपी को वोट देने जा रही थीं अतः ऐसे में वातावरण को खराब कर उन महिलाओं को वोट देने से रोकने के लिए यह आंदोलन खड़ा किया गया है।

अगर कटटरपंथियों के दबाव में आकर उनकी यह मांग एक मान ली गयी तो उनकी डिमांड और बढ़ती जायेगी। विद्यालयों में बच्चों के बीच समानता बढ़ाने के लिए यूनिफार्म का प्रावधान किया गया है। कुछ तत्व इस बात को अनदेखा कर इस्लाम के नाम पर हंगामा कर रहे हैं। क्या इन लोगों को पता नहीं है कि भारतीय संविधान के अनुसार प्राथमिक शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है। इस अनिवार्यता के बावजूद आज भी देशकी 66 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं निरक्षर हैं। इसी मजहबी कट्टरता ने मुस्लिम महिलाओं की साक्षरता दर को इतना नीचे रखा। बेटियों को घरों से निकलने नहीं दिया जाता। दूसरा उन पर बुर्के को लाद दिया जाता था। बेटियों को सिर से पांव तक बेडियों की तरह जकड़ दिया गया। आज केंद्र सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत शिक्षा के लिए विशेष प्रारंभ किये हैं जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हो रहे थे लेकिन मुस्लिम समाज के कुछ ठेकेदारों और उनके हमराह राजनैतिक दलों को यह बात पसंद नहीं आ रही है।

उडुप्पी जिले का एक हिजाब विवाद आज पत्थरबाजी व हिंसक प्रदर्शनों में बदल गया है। दिल्ली के शाहीन बाग में नारा-ए-तकदीर व अल्लाह हू अकबर के नारे गूंज रहे हैं। बुर्कानशीं मुस्लिम लड़की कटटरपंथियों की पोस्टर गर्ल बन बन चुकी है। पाकिस्तान, तुर्की से उसे बधाई मिल रही है और तो और मलाला जैसे लोग उसके समर्थन में ट्वीट कर रहे हैं।

इस बवाल में देशमें जिहाद, अलगाववाद व इस्लामिक कटटरता की फैक्टरी कहलायी जाने वाली संस्था एसडीपीआई, पीएफआई की संलिप्तता जगजाहिर हो गई है। हिजाब की आड़ में भारत में दंगे की आग को भड़काने की साजिश भी बेनकाब हो चुकी है। इस आग को भड़काने में पाक खुफिया एंजेसी आईएसआई व सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों की भूमिका सामने आ रही है।कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवप्रसाद व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भडकाऊ ट्वीट किये। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने देशमें गृहयुद्ध छिडने की बात कह दी। कांग्रेस सहित सभी दल एक बार फिर तुष्टिकरण के चलते नीचता पर उतर आये हैं। उप्र में एक सपा नेता ने हिजाब पर विवादित बयान दिया कि हिजाब पर हाथ डालने वालों का हाथ काट देंगे, आखिर यह लोग चाहते क्या हैं। स्पष्ट है कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल एसडीपीआई, पीएफआई तथा आईएसआई व सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों का सहारा लेकर चुनाव में है।

### खास बात

## ट्रेड के दिन ही हो जायेगा सेटलमेंट

**मार्केट** रेगुलेटर सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच ने आज यानी 11 मार्च को टी+0 सेटलमेंट (टी+0) सेटलमेंट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। गौरतलब है कि अभी भारत में टी +1 सेटलमेंट लागू है। इसके तहत जब आप शेयर बाजार में कोई चीज खरीदते या बेचते हैं, तो सब कुछ कंपलीट होने में एक दिन का समय लगता है। यानी अगर आपने आज शेयर खरीदा या बेचा है तो उसका सेटलमेंट कल तक होगा। लेकिन जब सेटलमेंट लागू हो जाएगा तो सारा सेटलमेंट उसी ही दिन पूरा हो जाएगा।

माधवी पुरी बुच आज एम्फी के कार्क्रम में महिला फंड मैनेजरों को सम्मानित करने के लिए गईं थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि तत्काल निपटान ट्रेड साइकल भी 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसके पूरा हो जाने के बाद से जैसे ही शेयरों की खरीदारी या बिक्री होगी, वैसे ही उसका सेटलमेंट भी हो जाएगा।

सेबी चेयरमैन माधवी पुरी ने इस दौरान यह भी कहा कि मार्केट रेगुलेटर की तेजी का सबसे बड़ा कारण क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने की वजह से है। बता दें कि क्रिप्टोकरेंसी में सौदं का निपटान हर घंटे हो जाता है, जिससे निवेशक बिना रिस्क की परवाह किए उसकी ओर ज्यादा भागने लगे हैं। ऐसे में मार्केट रेगुलेटर पारदर्शिता के साथ भारतीय शेयर बाजारों को मजबूत और फास्ट करने में लगा हुआ है।

पिछले साल, 2023 में, बुच ने कहा था कि सेबी यह चाहता है कि भारत में 2024 में मार्च के अंत तक टी+0 सेटेलमेंट शुरू कर दिया जाए और उसके 1 साल के अंदर ही अंदर वन डे सेटेलमेंट की सुविधा निवेशकों को दी जाए।

**चीन सबसे आगे**

अभी तक पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में कम से कम टी+2 सेटलमेंट साइकल को फॉलो किया जाता है। लेकिन एशिया के दो देश ऐसे हैं जो इससे भी फास्ट हो चुके है। और वे हैं भारत और चीन। चीन इस समय टी+0 सेटलमेंट साइकल को फॉलो कर रहा है जबकि भारत टी+1। अगर भारत में टी +0 सेटलमेंट साइकल लागू हो जाती है तो यह सिर्फ चीन में।

## अहिरावण वध

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हनुमान** जी ने अहिरावण की भुजा उखाड़ ली। राक्षस दल ने हनुमान जी के करतब देखकर सभी कहने लगे कि वही हनुमान आ गया है जिसमें लंका दहन किया था। जबसे उन्होंने लंका दहण किया था राक्षसदल में एक भय व्याप्त हो गया था। वे डर के मारे इधर से उधर भागने लगे। अहिरावण समेत अनेक मारे गये। हनुमान ने रात में ही राम और लक्ष्मण को शिविर में पहुंचा दिये। प्रसंग का अध्यात्म

इस कहानी का सबक है कि हनुमान जी को अपनी भक्ति पर भरोसा था और वे जानते थे कि अगर मेरी निष्ठा पक्की है तो मेरी भक्ति उपर की ओर है और अगर भक्ति उपर की ओर है तो जीत पक्की है। अगर भगवान का कोई अपहरण कर सकता है तो भक्ति उससे बड़ी होती है भगवान से बड़ी होती है भक्ति। इस भक्तिके बल परवे भगवान को भी छुड़ा कर ला सकते हैं। इसलिये गुरुजी के द्वारा वह सेवा दी गयी थी। गुरु की भगवान मुकर्रर करते हैं। तो भक्ति में बड़ी शक्ति है। इस घटना का यही सबक है। भक्ति करने वाला सदा अपनी निष्ठा पर भरोसा करता है और निष्ठा की शक्ति संचार में सर्वोच्च शक्ति है।

लक्ष्मण संग जाहु सब भाई। करहु विध्वंस जग्यकर जाई।। तुम्ह लछिमन मारेहु रन ओही। देखि समय सुर दुख अति मोही।।

जबअहिरावण की योजना विफल हो गयी तो रावण सोचने लगा कि युद्धक्षेत्र में मेधनाथ ही कुछ कर सकता है। इसके सिवा अब कोई और उपाय नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**जिस** दिन चंद्रमा अपना अगला चक्र शुरू करता है। यह दिन अपनी भौतिकता से परे जाने का प्रयास करने वालों के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करता है। इस दिन, आप अधिक आसानी से उन गुणों को विकसित कर सकते हैं जिनकी आप आकांक्षा रखते हैं, जैसे आनंद और शांति।

**– जग्गी बासुदेव, ईशा फांउडेशन**

### रोचक ट्वीट

**कोई** भी देश हो, कोई भी समाज हो, वो नारीशक्ति की गरिमा बढ़ाते हुए, उनके लिए नए अवसर बनाते हुए ही आगे बढ़ सकता है

**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**





झारखण्ड प्रदेश भाजपा के महासचिव एवं संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता श्री प्रदीप वर्मा जी को झारखंड से राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी नामित किए जाने की हार्दिक बधाई एवं विजय की अग्रिम शुभकामनाएं!

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

### कार्टून वर्ल्ड

दुनिया गयी ...



कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

# नशीले पदार्थ का बढ़ता व्यापार खतरनाक स्तर पर पहुंचा

**सुधांशु कुमार**

### समस्या

**देश** के विभिन्न हिस्सों में नशीले पदार्थों की बरामदगी में तेजी आना हमारी गंभीर चिंता का विषय है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि नशे की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी में सूचना व तकनीक के आधुनिक तौर-तरीकों का सहारा लिया जा रहा है, जिसके चलते यह जांच एजेंसियों की पकड़ में आसानी से नहीं आ पाती। इतना ही नहीं, कोरोना संकट के काल में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों का कारोबार कुख्यात इंटरनेट प्लेटफॉर्म डार्कनेट और समुद्री मार्ग के जरिये बढ़ा है। इसके लिये कूरियर सेवाओं के जरिये भी नशीले पदार्थों की आपूर्ति की जाती रही है। देश में हेरोइन की बरामदगी तीन गुना से अधिक हो गई है। जहां वर्ष 2017 में 2,146 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई थी, वहीं वर्ष 2021 में इसकी मात्रा 7,282 किलोग्राम तक जा पहुंची। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी का दावा है कि प्रभावी कार्रवाई के चलते नशीले पदार्थों की बरामदगी में तेजी आई है। हालांकि नशे के तस्कर कार्रवाई करने वाली एजेंसियों से बचने के लिये लगातार तस्करी के तौर-तरीके बदलते रहते हैं। इंटरनेट में काले धंधों के बदनाम इंटरनेट प्लेटफॉर्म डार्कनेट के जरिये नशे की तस्करी दुनियाभर के देशों के लिये चिंता बढ़ाने वाली है। विशेष सॉफ्टवेयरों का उपयोग करने वाले तस्करों तक पहुंच बनाना सहज नहीं हो पाता, जो जांच अधिकारियों के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बताया जाता है कि डार्कनेट बाजार में नब्बे प्रतिशत बिक्री कथित तौर पर नशीले पदार्थों से संबंधित है। तस्कर आधुनिक तकनीकों का सहारा लेकर कानून-व्यवस्था की आंख में धूल झोंकने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे में सरकारी एजेंसियों को साइबर मोर्चे पर इस खेल पर अंकुश लगाने के लिये उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करना होगा, क्योंकि आने वाले समय में इस चुनौती में विस्तार ही होगा। हाल ही के दिनों पंजाब व जम्मू कश्मीर में नशीले पदार्थों की तस्करी में परंपरागत तौर-तरीकों के साथ ही आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। बीएसएफ द्वारा बड़ी मात्रा में हेरोइन की बरामदगी इन आशंकाओं की पुष्टि करती है। अटारी-वाघा सीमा पर 532 किलोग्राम हेरोइन बरामद होने के दो साल बाद दिसंबर, 2021 में गुजरात तट पर एक पाकिस्तानी नाव से 77 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती को सुरक्षा खतरे के मद्देनजर नार्को आतंकवाद पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। सीमा पर सख्ती के चलते आतंकवादियों को हथियार व गोला-बारूद जुटाने में मदद के लिये नशे की खेपों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि बड़े पैमाने पर ड्रोनों का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रों में नशे की खेप पहुंचाने के लिये किया जा रहा है। पिछले साल सितंबर में गुजरात के कच्छ इलाके में मुन्दरा बंदरगाह पर करीब 3000 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी ने देश को चौंकाया था, जो बताता है कि नशे की तस्करी के लिये समुद्री मार्गों का भी लगातार इस्तेमाल हो रहा है। भारत को यह शिपमेंट अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते भेजा गया, जो यह बताता है कि नई पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने के लिये किस तरह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साजिशें हो रही हैं। यह सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट की भागीदारी की ओर इशारा करता है। इस बड़ी साजिश की व्यापक जांच की जरूरत है ताकि नशे के कारोबार की बड़ी मछलियों पर नकेल कसी जा सके। एशिया ही नहीं, पूरी दुनिया में नशीले पदार्थों की आपूर्ति अफगानिस्तान से की जाती रही है। इसमें तालिबान के सत्ता में काबिज होने के बाद इजाफा बताया जा रहा है। दरअसल, आर्थिक संकट से जूझते अफगानिस्तान में नशीले पदार्थ आय का बड़ा जरिया बनते जा रहे हैं; जिसको लेकर पूरी दुनिया चिंतित है।

# चारा घोटाले में सजा पर अंगुली उठाना गलत

**अवधेश कुमार**

### सामयिक

**झारखंड** के डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ 35 लाख रुपये की अवैध निकासी में 75 लोग दोषी पाए गए। लालू यादव को पांच साल की सजा और 60 लाख जुर्माना लगाया गया। इसके पूर्व देवघर, चाईबासा, डोरंडा कोषागार का एक मामला और दुमका मामले में उन्हें सजा हो गई थी। पिछले वर्ष मिली जमानत पर अभी बाहर थे। लालू यादव को सितंबर 2013 में सजा मिली और वह वंचित हो गए। अगर उच्चतम न्यायालय का फैसला नहीं होता तो वे जेल के अंदर से भी चुनाव लड़ते और इस समय शायद राजनीति में एक सांसद या विधायक के विशेषाधिकार के साथ सक्रिय होते। लालू यादव के साथ अन्य कई आरोपी अपने समय के शीर्ष नेता और नौकरशाह थे और उनकी ओर से बड़े-बड़े वकीलों ने केस लड़ा। दरअसल, 1990 से 95 के बीच पशुपालन विभाग के लिए आवंटित राशि का अलग-अलग कोषागारों से अजीब तरीके से निकासियां हुईं। तब बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे। इस मामले में आरंभ में 170 लोगों को आरोपी बनाया गया था जिनमें से 55 की मृत्यु हो चुकी है। सात इसमें सरकारी गवाह बन गए। 6 आरोपियों का अभी तक पता नहीं चला है। जिस मामले में अभी उन्हें सजा हुई है वहां डोरंडा कोषागार में 50 हजार तक के बिल का प्रावधान था। घोटालेबाजों ने इससे थोड़ा कम दिखाकर कई भागों में बांट कर अलग-अलग बिल से करोड़ों रुपये निकाल लिए। छानबीन में ये सारे भ्रष्टाचार साबित हो गए। यह बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि सीबीआई ने न्यायालय के समक्ष सबूत के रूप में 16 ट्रक दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इसमें 575 गवाह गुजरे जबकि बचाव पक्ष की ओर से केवल 25 गवाह। जिस समय मामला दर्ज हुआ उसके कुछ ही दिनों बाद केंद्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार आई जिसमें लालू यादव की पार्टी भी भागीदार थी। वे उसके मुख्य रणनीतिकार में शामिल थे। यह मामला केंद्र की संयुक्त मोर्चा सरकार के समय ही आगे बढ़ा, जब एचडी देवेगौड़ा और बाद में इंदर कुमार गुजराल प्रधानमंत्री थे। पूरे देश ने उस दृश्य को विस्मय से देखा जब सीबीआई के तत्कालीन संयुक्त निदेशक यूएन विश्वास ने लालू प्रसाद की गिरफ्तारी की कोशिश की और उनके साथ क्या हुआ।

विश्वास ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सेना की मदद मांगी थी। रैपिड एक्शन फोर्स तैनात करनी पड़ी, मुख्यमंत्री आवास घेरा गया, लेकिन लालू यादव के समर्थक इस तरह डटे रहे लगा जैसे गोली चलानी पड़ेगी। हालांकि लालू प्रसाद को अंततः सीबीआई न्यायालय में आत्मसमर्पण करना पड़ा। 1996 में मामला दर्ज हो और सजा 2022 में मिले तब भी कहा जाए कि किसी के साथ अन्याय हो गया तो फिर न्याय किसे कहेंगे? जरा सोचिए, यह ऐसा मामला था जिसमें पशुओं को स्कूटर व मोटरसाइकिल पर ढोने के बिल बनाए गए थे। सीबीआई ने छानबीन में पाया कि 460 सांड हरियाणा और दिल्ली से स्कूटर और बाइक से रांची लाए गए। क्रॉस ब्रीड की बछिया और भैंस की खरीद का करीब 84 लाख का भुगतान मुद्रा लाइव स्टॉक दिल्ली के प्रोपराइटर विजय मलिक ने किया था। भेड़ और बकरी के लिए 27 लाख और 84 हजार के भुगतान करने का आरोप था। यह गरीबों के पैसे का सबसे बड़ा बंदरबाट था। अब यह पाप फूटने वाली बात सच हो रही है।

### लेटर टू एडिटर

#### सौर ईंधन

**सरकार** को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**–राहुल उपाध्याय, रांची**

#### नशे का कारोबार

**देश** में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। नशीले पदार्थों के निरंतर सेवन से पथभ्रष्ट युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहा है।

**–अनिल कुमार, हजारीबाग**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## मामले के निष्पादन को लेकर विश्वविद्यालय को दिया 8 दिनों का समय

# झारखंड छात्र मोर्चा ने रांची विवि के मुख्य द्वार पर जड़ा ताला, वार्ता को बाद खोला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति ने छात्र हित के विभिन्न मांगो को लेकर रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय पर सोमवार को ताला लगा दिया। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक मौके पर पहुंचे और एक एक कर उनकी मांगो को सुना। पहली मांग पर सभी छात्रों से प्रतिवेदन मांगा और 8 दिनों का समय। रिजल्ट सुधारने के मामले में कहा कि रिजल्ट में संशोधन जब तक नहीं हो जाता तब तक परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि दोनों को बढ़ा दिया जायेगा। इस पर जेसीएम रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि सभी मांगें 8 दिनों में पूरी नहीं होगी तो जेसीएम विश्वविद्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेगा। इसकी जिम्मेदर विश्वविद्यालय प्रशासन होगी। मौके पर जेसीएम के विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा आए दिन विश्वविद्यालय उनकी मांगों को अनदेखा करती है। नतीजा विवश होकर उन्हें आंदोलन करने को विवश होना पड़ता है। तालाबंदी में छात्र मोर्चा अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान अहमद, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान,संयुक्त सचिव कासिफ रजा, कृष्णा कुमार, तनवीर, बबिता लामा, प्रयंका टोप्पो, अरशी परवीन, पुष्पा कुमारी, तन्नू कुमारी, नीतीश कुमार आदि सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

**जेसीएम की मांगें :** छात्र हित में सेमेस्टर 4 के 90% लगभग बच्चे अनुतीर्ण हुए उन्हें पास किया जाये। यूजी सेमेस्टर 5 की जब तक सिलेबस पूरा नही हो जाता तब तक सेमेस्टर 5 की परीक्षा तिथि को बढ़ाया जाये। महाविद्यालयों में अनावश्यक परीक्षा सेंटर देकर कक्षा को बाधित न किया जाये। यूजी सेमेस्टर 4 के परीक्षा परिणाम किए बगैर यूजी सेमेस्टर का मिड सेम की परीक्षा ली गई जो बिल्कुल गलत है, उसे निरस्त किया जाये। एक अथवा दो पेपर के परीक्षा शुल्क (बाकलोग) को कम किया जाये। वर्तमान में 700 लिया जाता है, उसे पर पेपर के हिसाब से लिया जाये और परीक्षा विलंब शुल्क को कम किया जाये।

## 18 निजी विद्यालय को मान्यता देने को लेकर विचार-विमर्श

**रांची।** झारखण्ड निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता को लेकर जिला प्रारंभिक शिक्षा की बैठक हुई। उपायुक्त द्वारा यह निर्देश दिया गया कि झारखण्ड निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 के तहत जो प्रावधान है, उसके तहत जो निजी विद्यालय अर्हता पूरी करते है, उन्हें मान्यता देने की सहमति दी गयी। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समिति द्वारा 18 निजी विद्यालयों को मान्यता देने पर सहमति बनी।

यह बैठक रांची समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में किया गया। झारखण्ड निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने को लेकर जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की हुई बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, श्री मिथलेश केरकेप्ता, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।


एनएचपीसी NHPC

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
विज्ञापन सं.: एनएचपीसी/04/2023-24

अपने जुनून की खोज करें ............. हमारे साथ अपना करियर बनाएं

एनएचपीसी और उसके संयुक्त उद्यम (एनएचडीसी) के लिए गेट-2023 के स्कोर के माध्यम से प्रशिक्षु अभियंताओं / प्रशिक्षु अधिकारियों की भर्ती

एनएचपीसी, एक प्रमुख शेड्यूल-ए, 'मिनी रत्न' कंपनी, एनएचपीसी लिमिटेड और इसके जेवी एनएचडीसी लिमिटेड में शामिल होने के लिए उज्ज्वल शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले युवा प्रशिक्षु इंजीनियरों / अधिकारियों की तलाश कर रही है। रिक्ति विवरण इस प्रकार है:

एनएचपीसी के लिए

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अभियंता (सिविल) | 80 |
| 2 | प्रशिक्षु अभियंता (मकैनिकल) | 74 |
| 3 | प्रशिक्षु अभियंता (इलेक्ट्रिकल) | 72 |
| 4 | प्रशिक्षु अभियंता (ईएंडसी) | 04 |
| 5 | प्रशिक्षु अभियंता / अधिकारी (आईटी) | 15 |
| 6 | प्रशिक्षु अधिकारी (जियोलोजी) | 03 |
| 7 | प्रशिक्षु अभियंता / प्रशिक्षु अधिकारी (पर्यावरण) | 06 |

एनएचडीसी के लिए

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अभियंता (सिविल) | 11 |
| 2 | प्रशिक्षु अभियंता / अधिकारी (आईटी) | 04 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com/ career.htm के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगें।

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख :06.03.2024 (प्रातः 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 26.03.2024 (सांय 06:00 बजे)

CBC 34128/12/0009/2324


## खबर एक नजर में

### संजय कुमार बने डीटीओ लोहरदगा

**रांची।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी खूंटी संजय कुमार की सेवा पंचायती राज विभाग से वापस लेते हुए उन्हें जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

### डीएवी कपिलदेव में 11वीं की प्रवेश परीक्षा 17 को

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में वर्ग ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 17 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभी डीएवी कपिल देव में वर्ग ग्यारहवीं में विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रोविजनल एडमिशन के लिए आवेदन पत्र आनलाइन और आफलाइन उपलब्ध है।

### बीआईटी लालपुर में खेल उत्सव शुरू

**रांची।** बी आई टी लालपुर सेंटर में चार दिवसीय खेल उत्सव की शुरूआत सोमवार को हुई। डॉ वंदना भट्टाचार्जी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से फिट रहने के लिए खेल कूद जरूरी है। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन में सहायक कुलसचिव श्री मनोज कुमार गिरी, डॉ प्रणव कुमार डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ प्रशान्त सिंह डॉ संजय कुमार डॉ अपर्णा शुक्ला डॉ मानशी गुप्ता श्री शांतनु सिन्हा, श्री मनोज कुमार, डॉ उमेश प्रसाद, डॉ सोमित्रो निखिल आंनद सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### रांची में चोरी करते रंगेहाथ गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची की सदर थाना पुलिस ने बोकारो के अपराधी को चोरी करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह सदर थाना क्षेत्र के मरहूम टोली स्थित एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार आरोपी बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र स्थित गांधीग्राम का रहने वाला गंभीर कुमार है। आरोपी के पास से एक बाइक (जेएच09ए क्यू3100) ओर मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है।

### झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने लगाया जांच शिविर

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नि:शुल्क चर्म रोग जांच शिविर का आयोजन एल. एन. टी. पटेल चौक में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 लोगों का चर्म रोग से संबंधित रोगों का जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए।

### इक्फाई विवि में महिलाओं में निवेश प्रगति में तेजी लाएं विषयक जागरूकता सत्र आयोजित

**रांची।** इक्फाई श्वविद्यालय झारखंड ने सोमवार को महिलाओं में निवेश : प्रगति में तेजी लाएं विषयक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेष अतिथियों में झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता वंदना सिंह और श्रुति श्रेष्ठ उपस्थित थीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रमन कुमार झा ने अपने गहन विचार साझा किये। डीनडॉ. शोवोना चौधरी ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किया। इस बात पर चर्चा की गई कि महिलाओं में निवेश एक मानवाधिकार अनिवार्यता है और समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है। महिलाओं की प्रगति से हम सभी को लाभ होता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिया।

### इंटीरियर डिजाईन पर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ एनीमेशन और इंटीरियर डिजाईन, आईक्यूएसी व स्टूडियो मेदुस्सा ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए लेटेस्ट ट्रेंड्स ऑन इंटीरियर डिजाईन विषय पर एक दिवसीय सेमीनार रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टूडियो मेदुस्सा की फाउंडर कोमल गुप्ता व तलत आजमी बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटीरियर डिजाईन से जुड़े बारीकियों को साझा करते हुए वर्तमान दौर में कैसी सामग्री उपयोग में लाया जा सकता है और कैसे बाजार में अपने आप स्थापित किया जा सकता है।

## ग्रामीण कार्य विभाग के 25 अभियंताओं का स्थानांतरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग ने विशेष प्रमंडल के अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत सुनील चंद्रनाथ को सचिव प्रावेधिक की मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष पर क्षेत्र रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अवधेश कुमार को ग्रामीण विकास विशेष चंचल हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल साहिबगंज रमाकांत को स्थानांतरित करते हुए विशेष अंचल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विजय कुमार राय को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गढ़वा, राजू मरांडी को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल बोकारो, राजीव कुमार को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गोड्डा, महादेव उरांव को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गुमला, श्रीधर शंभू रजक को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल जमशेदपुर, राधा कृष्ण मुरारी को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल कोडरमा, राम पुकार राम को ग्रामीण विकास विशेष मंडल पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। सुरेश पासवान को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल लोहरदगा में पद स्थापित किया गया है। वही इतवारी मंडल को कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल गोड्डा के पद पर स्थापित किया गया है। सिंघेश्वर मंडल को अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार दुमका, बाल किशन किसको को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल हजारीबाग, अजय तिर्की को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल सरायकेला, श्याम सुंदर मुर्मू को कार्यपालक अभियंता जीएसआरडीए, विजय कुमार दास को कार्य आंचल रांची का अतिरिक्त प्रभाव दिया गया है। सुरेंद्र कुमार को कार्य प्रमंडल कोडरमा, मंगेश्वर हेंब्रम को कार्य प्रमंडल सिल्ली, कर्म सिंह को सहायक अभियंता मंडल चैनपुर, अंकुर चौरसिया प्रमंडल गढ़वा, विजय कुमार मुरमू को कार्य प्रमंडल चाईबासा, घनश्याम प्रसाद शाह को कार्यवर्ती मंडल हजारीबाग, रामजन्म मंडल को अभियंता प्रमुख कार्य रांची के पद पर स्थापित किया गया है। विजय कुमार को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही राज्य सरकार : बाबूलाल

### मिलन समारोह में झामुमो-कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा में 35 से 50 लाख तक में प्रश्न पत्र बेचा जा रहा है। यह सरकार सिर्फ बच्चों, नौजवानों का भविष्य ही नहीं, झारखंड के भविष्य को भी बर्बाद करने में लगी है। कहा कि पहले भी ऐसी कई परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आयी थी। लेकिन हेमंत सरकार मानने को तैयार नहीं थी। लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया, तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। आज झारखंड में जिनकी सरकार है, उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों एवं कार्य संस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं, वहीं दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है। उनका सिर्फ एक ही मकसद है, कैसे अपने परिवार को बचाएं और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करें। इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है मोदी को हटाओ। राज्य में झामुमो-कांग्रेस का स्वार्थी गठबंधन सरकार की अकर्मण्यता और विकास विरोधी मानसिकता से जनता परेशान है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

## आज 17 किलोमीटर की होगी निशान यात्रा

**रांची।** रंग रंगीलो फागण श्याम मेला में खाटू नरेश के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए रविवार को श्री श्याम मित्र मंडल के 108 भक्तों का दल अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में हवाई मार्ग से खाटू धाम, राजस्थान के लिए प्रस्थान किया। रात 11:00 बजे यात्रियों का दल खाटू पहुंचकर मंडल के विश्रामगृह में रात्रि विश्राम किया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम की अनुपम यात्रा के लिए मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी को यात्रा का संयोजक एवं राजीव रंजन मित्तल को उप संयोजक मनोनीत किया गया है। यात्रा संयोजक सुरेश सरावगी ने बताया कि आज रींगस में भजन संकीर्तन एवं अखंड ज्योति प्रज्वलित कर निशान पूजन किया जाएगा। श्याम भक्तगण भजन संकीर्तन करते हुए 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा में पवित्र ध्वज को लहराते हुए चलेंगे और खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर में पवित्र एवं पूजित निशानों को श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे।


**Office of the Executive Engineer**
**D.W. & S. Mechanical Urban Division Ranchi**

**Very Short e-Tender cum Auction Notice**
**e-Auction Notice No. 01/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand |
| 2. | Name & address of officer inviting tender | Executive Engineer, D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi |
| 3. | Date of publication of tender on website | 11.03.2024/ 02:00 PM |
| 4. | Last date/time of receipt of bid on website | 18.03.2024 / 03:00 PM |
| 5. | Last date/time of online submission of cost of BOQ and EMD | 18.03.2024 / 03:00 PM |
| 6. | Date/time of opening of tender | 19.03.2024 / 04:00 PM |
| 7. | Details of Auction Notice :- | |

| Sl. No. | Name of the work | Estimated cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | B.O.Q. cost (in Rs.) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Auction/disposal of scraps and unserviceable materials lying in the Section/Sub Division Store under D.W. & S. Mechanical Sub Division, Rukka, Booty & Hatia. | 6357240.00 | 127200.00 | 10000.00 (non-refundable) | 30 days |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D.W. & S. Mechanical Urban Division
Ranchi

PR 322132 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No RCD/FSD /AP/ RAN/68/23-24, जिसका पी० आर० न० 321598 Road (23–24) D है, में भूलवश कुछ त्रुटि है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through onlinemode only. **EMD :-** Rs- 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 2- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.03.2024, 05.00 PM |
| 3- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.03.2024, 12.30 PM |
| 4- | Date and Timing of Bid opening | 19.03.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR 322169 Road(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**
**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ F,-45/2023-24 दिनांक – 11.03.2024**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.03.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.04.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.04.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | साखु नाला पर चेकडैम निर्माण। | डुमरी | 65,34,200.00 | 1,30,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 2 | पारस नाला पर चेकडैम निर्माण । | डुमरी | 59,31,100.00 | 1,18,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 3 | बहमनि झरिया नाला पर चेकडैम निर्माण । | चैनपुर | 66,95,100.00 | 1,34,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 4 | किरतोटोली ढोढा नाला पर चेकडैम निर्माण । | चैनपुर | 64,76,000.00 | 1,29,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 5 | डुमरटोली नाला पर चेकडैम निर्माण । | P.A.I.जारी | 62,88,000.00 | 1,25,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 6 | बर नाला पर चेकडैम निर्माण । | P.A.I.जारी | 54,58,400.00 | 1,09,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 7 | रामपुर नाला में चेकडैम निर्माण । | कामडारा | 58,41,000.00 | 1,16,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 8 | बाटालोया नाला में चेकडैम निर्माण । | बसिया | 53,55,000.00 | 1,07,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 9 | बानागुटु नाला में चेकडैम निर्माण । | बसिया | 50,26,000.00 | 1,00,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 10 | सलगी नदी पर एकल चेकडैम निर्माण । | घाघरा | 89,39,700.00 | 1,78,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 11 | पारला बगीचा नाला पर चेकडैम निर्माण । | घाघरा | 55,25,400.00 | 1,10,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 12 | सुग्धा नदी पर चेकडैम निर्माण । | विशुनपुर | 79,85,000.00 | 1,59,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 13 | जिरहुल नाला 2 पर एकलचेकडैम निर्माण । | भरनो | 64,41,600.00 | 1,28,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 14 | समशेरा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण । | भरनो | 63,37,800.00 | 1,26,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 15 | सालम नवाटोली नाला पर चेकडैम निर्माण । | विशुनपुर | 58,05,500.00 | 1,16,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 16 | रांगे नदी पर चेकडैम निर्माण । | विशुनपुर | 87,39,500.00 | 1,74,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 322061 Minor Irrigation(23-24)D


# हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए झारखंड की जनता में बढ़ता जा रहा है आक्रोश : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो सरायकेला- खरसावां जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। जिसमे सरायकेला- खरसावां जिला के साथ रांची जिला समिती के कार्यकर्त्ता शामिल हुए। मौके पर झामुमो सरायकेला- खरसावां जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो ने कहा आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनके परिवार का झारखंड के लिए जो योगदान रहा है जिस कारण वो सभी के दिल मे बसते हैं। हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर फसाने का काम किया है और इसके जवाब में यहां की जनता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगी।

झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा झूठे और निराधार केस बनाकर हेमंत सोरेन जी को प्रताड़ित किया जा रहा है जिसके विरोध मे लोगों मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर हेमंत सोरेन को जल्द रिहा नहीं किया गया तो जनता उग्र आंदोलन के लिए भी विवश होगी। उपवास कार्यक्रम में नंदकिशोर मेहता, सरायकेला- खरसावां जिला से केंद्रिय सदस्य पप्पू वर्मा, गुरुचरण मुखी, रांची जिला से केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, सरायकेला- खरसावां जिला कोषाध्यक्ष मनोहर कर्मकार, रांची जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, बीरु साहू, अश्विनी शर्मा, सरायकेला नगर अध्यक्ष बड़ा बाबू सिंह देव, आदित्यपुर नगर सचिव संजय दास, संगठन सचिव राजेश लाहा, रांची जिला से आफताब आलम, रांची जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, तालकेश्वर महतो, संजय राय, बबलू राम, आदित्यपुर नगर सह सचिव घनश्याम मंडल, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, कैथरीना तिर्की, सरायकेला- खरसावां जिला से डोनाल मंडल, रॉकी कालिंदी, मंगला प्रधान, महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष सालो देवी, महानगर संगठन सचिव राधा हेंब्रम, अंशू लकड़ा, सोहेल खान, अलबीन लकड़ा, अमृता कुजुर, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, जिला सचिव सुजीत कुजुर, राजेश सिंह, हनीफ अंसारी, अजीत लकड़ा, कयूम अंसारी, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, रांची क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सज्जाद अंसारी, अमर लकड़ा, विकास तिर्की, बुढ़मू प्रखंड भुनेश्वर साहू, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सबीबुल रहमान, सचिव नवीन तिर्की, मुकेश मुंडा, रंथु उरांव, बचन उरांव, बबलू मिंज, अरविंद ठाकुर, हरीश महतो, राकेश वर्मा, राजीव, नीरज वर्मा, ओम शर्मा समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता थे।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व विधायक ने की खुशहाली की कामना




**मनातू पलामू।** प्रखंड के मझौली में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर प्रांगण मे भव्य मेला लगा। जिसके मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह थे। मेला कमेटी के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही शिव मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना भी की। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष विकेस भुइयां, संचालनकर्ता बिनय विश्वकर्मा, गुड्डु भुइयां, कुलेश भुइयां, रवि कुमार, उमेश भुइयां, योगेंद्र राम, प्रभु भुइयां समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### चंद्रशेखर बने पंडवा के थाना प्रभारी



**पंडवा पलामू।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पंडवा थाना में पुअनि चंदशेखर यादव ने शुक्रवार को पंडवा थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास पंडवा थाना क्षेत्र के जनता को भय मुक्त वातावरण दिलाना है। थाना क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान मेरा प्रयास रहेगा। इसके पूर्व पंडवा थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव दो माह रहे।

### डंडीला खुर्द में डे-नाइट वॉलीबॉल 15 से

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में 15 मार्च से जिला स्तरीय डे-नाईट बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इसका आयोजन डंडीला खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने किया है। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी प्रो नंदलाल शुक्ला ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारी जोरों पर चल रही है। उद्घाटन वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला करेंगे।

### लंगरकोट में नगदी-मोबाइल की चोरी



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के लंगरकोट में रविवार की रात लंगरकोट के अवध बिहारी सिंह के घर से चोरों ने 50 हजार रुपये नगद समेत मोबाइल फोन की चोरी कर ली। इस संबंध में अवध बिहारी सिंह ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। चोर नगद व मोबाइल फोन और त्रिपाल भी साथ ले गये। भुक्तभोगी ने बताया कि एक महीने पूर्व में 10 हजार रुपये एवं मोबाइल की चोरी हुई थी। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि भुक्तभोगी के लिखित शिकायत पर चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

### जदयू की बैठक में आम चुनाव पर चर्चा




**पाटन पलामू।** जनता दल यूनाइटेड पलामू की बैठक लोकसभा के आसन्न चुनाव पर चर्चा हेतु की गयी। विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने चर्चा में हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने की। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने एनडीए गठबंधन के तहत जनता दल यूनाइटेड को झारखंड में चुनाव लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में जदयू जिलाध्यक्ष दुबे ने चतरा लोकसभा क्षेत्र अथवा पलामू लोकसभा क्षेत्र में जदयू का उम्मीदवार देने की मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष से किया। चर्चा में लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र राय, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, मनिका प्रखंड अध्यक्ष अरुण राम, पाटन प्रखंड अध्यक्ष मनोज मेहता, विवेक मेहता, इंदू देवी मनिका, शारदा देवी सतबरवा, जगदीश उरांव, राजपति प्रजापति थे।

### शिक्षा और अनुशासन से सामाजिक परिवर्तन हो सकता है : विवेकानंद सिंह



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के एक्सलेंट एकेडमी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर अतिथि झामुमो युवा नेता विवेकानंद सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व अनुसाशन प्राथमिक शिक्षा में अति आवश्यक हैं। वे एक्सलेंट एकेडमी से विद्या अध्ययन करने वाले बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं स्कूल के डायरेक्टर तौशिफ जी को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए बधाई दी। कहा कि यह विद्यालय हैदरनगर के सुदूरवर्ती इलाके के बच्चों को सीबीएसई से अंग्रेजी व तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम में हिमांशु तिवारी, राशिद खान, परवेज आलम व कई शिक्षक भी थे।

### क्षेत्र भ्रमण पर निकले नावा जयपुर थाना प्रभारी ने की बैठक



**पाटन पलामू।** क्षेत्र भ्रमण पर निकले नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे थाना क्षेत्र के कमार्ही, होमिया ग्राम पहुंचे। उन्होंने वहां के ग्रामीणों के साथ बैठक कर संवाद किया। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने अपना मोबाइल नंबर लोगों को उपलब्ध कराया। उन्होंने लोक सभा चुनाव को लेकर बूथों का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकें बांटी। उन्होंने बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। लोगों से कहा कि किसी तरह की समस्या अगर होती है, तो इसकी सूचना देने का काम करें। पुलिस त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान करेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस का काम क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना है इसके लिए पुलिस और जनता में आपसी सहयोग जरूरी है। थाना प्रभारी के इस कार्य से क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास जगी है।

## नवपदस्थापित एसडीएम आइएएस पीयूष सिन्हा ने दिया योगदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** नवपस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी आइएएस पीयूष सिन्हा ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें निवर्तमान एसडीओ अशीष गंगवार ने पदभार सौंपा। पीयूष सिन्हा 2020 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पूर्व वह जमशेदपुर के धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना प्राथमिकता होगी। वहीं निवर्तमान एसडीएम आइएएस आशीष गंगवार ने उन्हें गुदस्ता देकर योगदान दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा हुसैनाबाद एक बेहतर जगह हैं स्थान्तरण तो सरकारी प्रकिया हैं लेकिन पुनः हुसैनाबाद में एक बेहतर पदाधिकारी का पोस्टिंग हुआ है निश्चित रूप से यहां के लोगों को लाभ मिलेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी रौशन कुमार आदि मौजूद थे।

## अज्ञात नाबालिग किशोरी की हत्या कर दफनाने के मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, छह गिरफ्तार

- युवती के पिता व भाई ही निकला हत्यारा : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता



पत्रकार वार्ता में जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलतुआ निवासी मथुरा सिंह पिता पातो सिंह ने नशे की हालत में अपनी नाबालिग पुत्री पम्मी कुमारी को टांगी से मारकर हत्या कर दिया था। इसके बाद मथुरा सिंह ने पुत्र जितेंद्र सिंह एवं अन्य सहयोगियों के साथ शव को चार मार्च की रात्रि में सलतुआ गांव के समीप सेवरी नदी कल्टुदह के पास गड्ढा कर दफना दिया था।

जिसकी भनक गांव वालों को लगी तो इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी गयी थी। इस मामले में एसपी ने दंडाधिकारी के नेतृत्व में शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया। इस निर्देश के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने चैनपुर सीओ के नेतृत्व में शव को निकाला। साथ ही कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

**क्या बोलीं एसपी :** रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता में बताया कि मथुरा सिंह की पत्नी का पूर्व में ही निधन हो चुका था। वह अपनी पुत्री व पुत्र के साथ घर में रहता था। जो नशा का आदी था। उसे शक था कि पम्मी का किसी दूसरे लड़के के साथ अवैध संबंध है। शक के आधार पर चार मार्च की रात उसने पम्मी को टांगी से मार डाला। हत्या के बाद पुत्र जितेंद्र, सहयोगी संजय सिंह पिता मंगरू सिंह ग्राम बुखारी, हरेंद्र सिंह पिता संजय सिंह ग्राम सलतुआ, सिविल सर्जन सिंह उर्फ बिगू सिंह पिता तुफानी सिंह ग्राम सलतुआ, रामचंद्र सिंह पिता जयश्री सिंह सभी चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी के साथ मिलकर सेवती नदी के पास शव दफना दिया था। इस मामले में मथुरा को छोड़ शेष पांच लोगों को साक्ष्य छुपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मथुरा व जितेंद्र को सतबरवा थाना क्षेत्र से जबकि शेष चार लोगों को चैनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। हत्या में प्रयोग टांगी, खून लगा कपड़ा बरामद हो गया है। प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर जीतराम महली, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी व अन्य मौजूद थे। जबकि छापेमारी में थाना प्रभारी के साथ पुअनि चंदन कुमार, अमित द्विवेदी, बाबूलाल दूबे, सअनि संजय कुमार, मो शाहंशाह आलम सिदिकी, पुलिस राकेश विश्वकर्मा, मिथलेश पांडेय, राजेश मांडी, अनिल कांत सिंह मुंडा व अन्य शामिल थे।

### हिंडालको का 30 दिवसीय काशी ग्रास क्राफ्ट प्रशिक्षण संपन्न

## अभ्यर्थियों को मिला सर्टिफिकेट

खबर मन्त्र संवाददाता



सर्टिफिकेट वितरण करतीं डीपीएम व उपस्थित अन्य।

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर टीम द्वारा आयोजित 30 दिवसीय काशी ग्रास क्राफ्ट प्रोडक्ट का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी ने भाग लिया। डीपीएम शांति मार्डी, कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती व दीपनारायण सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया। डीपीएम शांति मार्डी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी देश का सर्वांगीण विकास होगा। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चाहत है कि देश के प्रत्येक महिला लखपति बने। डीपीएम शांति मार्डी ने महिलाओं के विकास के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब किसी भी उत्पाद की बिक्री के लिए बाजार का आभाव नहीं है। सरकार बाजार उपलब्ध कराने का काम कर रही है।

- शांति मार्डी ने महिलाओं को अपने उत्पाद को गुणवत्तापूर्ण बनाने एवं बाजार के लिए घर से निकलने की अपील की। एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड महिलाओं के उत्तरोत्तर विकास के लिए निरंतर सक्रियता के साथ काम करती हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने काम करने को कहा, ताकि आपका जीवन बेहतर बन सके। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा- कंपनी महिलाओं के स्वावलंबन व आत्मनिर्भर बनाने के लिए टेलरिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग, काशी घास क्राफ्ट प्रोडक्ट का प्रशिक्षण दिला कर उन्हें स्वरोजगार दिला रही है। साथ ही मशरूम खेती भी करायी जा रही है। शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी केवल व्यवसाय नहीं करती, बल्कि आसपास के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ काम करती है।

## विश्रामपुर विस क्षेत्र में बिछाया जा रहा है पक्की सड़कों का जाल : रामचंद्र चंद्रवंशी

- विधायक ने विश्रामपुर विस क्षेत्र मे सात सड़क कालीकरन योजना का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के विभिन्न सात गांवो में सड़क कालीकरण निर्माण योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का असली पैमाना सड़क ही होता है। विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र को पूर्ण विकसित करने के उद्देश्य से यहां सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। क्षेत्र के सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराया जा रहा है। मेरे राजनीतिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य विकास के मामले में विश्रामपुर विस क्षेत्र को प्रदेश में पहले स्थान पर लाना है जिसके लिए हम दिन रात अथक परिश्रम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आने वाला है। कई मौसमी नेता आपको बरगलाने आयेंगे लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। क्षेत्र का विकास किया है और आगे भी हम ही करेंगे। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, संतोष राम, राधा कृष्ण साव, संजय चंद्रवंशी, ब्रह्मानंद चौबे, परमानंद चौबे, विनय चौबे, शिवबंश मिश्रा थे।

**इन सड़कों का हुआ शिलान्यास**



विश्रामपुर नप में भालुवानी खुर्द से पचघरा खुर्द तक पथ निर्माण, सोरडीहा से हरहेपा तक पथ निर्माण व गोदरमा से पांडेयपुर तक पथ निर्माण। विश्रामपुर प्रखंड में पीडब्ल्यूडी रोड से केतात खुर्द तक पथ निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड से बसना तक पथ निर्माण। नावा बाजार प्रखंड में पीडब्ल्यूडी रोड से खमडीहा तक पथ निर्माण और बाना से ताली तक पथ निर्माण योजना शामिल हैं।

## विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास युद्ध स्तर पर जारी : कमलेश

- विधायक ने किया 15 करोड़ की लागत से आठ सड़कों का ऑन लाइन शिलान्यास


अनुप कुमार



**मोहम्मदगंज पलामू।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को सोनबरसा मोड़ पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब 15 करोड़ की लागत से बननेवाले 8 सड़कों के करीब 22 किमी मजबूतीकरण कार्य का ऑन लाइन शिलान्यास किया। जिसमे मोहम्मदगंज जपल मुख्य पथ में सोनबरसा मोड़ से विरधवर, खरडीह से मोकहर कला होते हुए कुड़वा लोहरपुरवा, बिंदुबिघा मोड़ से चौकड़ी, कुकही मोड़ से कुकहि गांव तक,नोडीहा से कजीनगर, हैदरनगर बरेवा रोड से जमुआ, हैदरनगर पंसा रोड रहमानिया स्कूल मोड़ से कबराकला आदि रोड शामिल है।

## 2567 बोतल नकली कीटनाशक जब्त, कच्चा मेटेरियल भी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



- मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार की जा रही छापेमारी
- एसटीडी कॉलेज के निकट एक घर में बनाया जा रहा था ब्रांडेड कंपनी का नकली कीटनाशक दवा
- पुलिस ने इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड कंपनी के लोगों की सूचना पर की छापेमारी, बनाने वाले फरार

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला पुलिस ने महाराष्ट्र की इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों की सूचना के आधार पर रेहला बीमोड़ स्थित एसटीडी कॉलेज के निकट सुरेंद्र चौधरी के घर में छापेमारी कर 2567 बोतल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। हालांकि पुलिस इसके मास्टर माइंड को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रेहला थाना प्रभारी संतोष दास ने बताया कि इंडोफिल कंपनी कृषि कार्यों में उपयोग के लिए कीटनाशक दवा बनाती है। उक्त कंपनी के सर्वेयर को भनक लगी कि इस क्षेत्र में उनके कंपनी के नाम पर नकली दवा बनाकर बाजार में बेची जा रही है। कंपनी के सर्वेयर की सूचना पर रविवार शाम को रेहला पुलिस ने बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास कॉलेज के निकट सुरेंद्र चौधरी के घर की तलाशी ली। जहां नकली दवा बरामद की गयी।

### नाले में गिरने से बछड़ा की मौत

**मेदिनीनगर।** राज साउंड (वार्ड 25) हमीदगंज के निवास के बगल के नाले में अक्सर जानवर गिरकर मरते रहते हैं। बीती रात से ही गाय का एक बच्चा मरा पड़ा है। हर बार खुद पैसे लगा कर मृत पशु को हटवाना पड़ता है। वार्ड पार्षद एवं नगर निगम पहले भी कभी कोई मदद नहीं किया और आज भी अभी तक कोई पहल नहीं की है। भाजपा नेता शिव कुमार मिश्रा ने नगर निगम के आयुक्त से यथाशीघ्र मृत पशु हटवाने और सफाई का आग्रह किया है।

### गिट्टी लदा मिनी ट्रक खाई में पलटी, हताहत नहीं



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ में थाना मोड़ से भोला मोड़ के बीच सोमवार को गिट्टी लदा मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद खाई में पलट गयी। जानकारी मिलने पर मोहम्मदगंज थाना से एएसआई मनोज टोप्पो घटनास्थल पहुंच ट्रक को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार जपला की तरफ से सोमवार की सुबह में गिट्टी लदा मिनी ट्रक तेज गति से भोला मोड़ की तरफ चला जा रहा था। जैसे ही थाना मोड़ से आगे बढ़ा ड्राइवर का ट्रक से संतुलन खो गया। ट्रक सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद खाई में पलट गयी। इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना के बाद से चालक फरार है।

### ब्लॉक कैंपस मैदान में कचरे का लगा अंबार



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंचल कार्यालय के समक्ष मैदान में महाशिवरात्रि मेला लगा था। जिसमें लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। लेकिन कचरे का अंबार लग गया। जिसकी साफ सफाई दूसरे दिन हो जानी चाहिए थी, लेकिन तीन दिन गुजरने के बावजूद ब्लॉक कैंपस मैदान की साफ सफाई अभी तक नहीं हुई। सीओ और बीडीओ ब्लॉक कैंपस के मैदान से प्रति दिन आना जाना करते हैं फिर भी कचरे का अंबार नहीं दिखा। इसकी सफाई की दिलचस्पी लेने वाला कोई नहीं हुआ।

### महुडंड में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न




**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के महुडंड में विश्वकर्मा टोला स्थित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसे लेकर हड़वारी नदी से जल लाया गया। मुख्य यजमान कामेश्वर विश्वकर्मा के साथ सैकड़ों भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश स्थापन की। मुखिया पति शिवशंकर यादव ने महुडंड पंचायत वासियों के लिए बाबा भोलेनाथ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कहा कि शाम में अखंड कीर्तन और भंडारा का आयोजन किया गया है।

## शौर्यचक्र विजेता आयरनमैन प्रवीण ने संत मरियम के बच्चों में भरा जोश

- जिंदगी के जंग को झेले नहीं बल्कि खेल की तरह खेलें : आयरनमैन प्रवीण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम छात्रावास परिसर में शौर्य चक्र विजेता आयरनमैन कहे जाने वाले प्रवीण तेवतिया ने विद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों से मुलाकात की। इस जांबाज योद्धा के आगमन से बच्चों में जोश जुनून और उमंग की लहर देखने को मिली। और ऐसे वीर योद्धा से मिलने पर गौरवान्वित महसूस होना भी लाजमी है जो एक फेफड़ों के दम पर अपने जिंदगी के जंग को ही नहीं लड़ा बल्कि शारीरिक परीक्षण जैसे कई मैराथन में अव्वल आकर आयरनमैन का टैग पाया है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शौर्यचक्र से सम्मानित प्रवीण तेवतिया को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ कुछ देकर स्वागत किया। श्री तेवतिया ने अपने जीवन की रहस्यमयी घटनाओं के बारे में चर्चा की।

### वाहन चेकिंग के दौरान कांस्टेबल की पिटाई

**हुसैनाबाद पलामू।** दंगवार ओपी में पदस्थापित कांस्टेबल कयामुद्दीन अंसारी ने हुसैनाबाद थाना को लिखित आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना के सिद्धनाथ नगर निवासी छोटू सिंह समेत अज्ञात 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। कहा कि आरक्षी अधीक्षक के निर्देश के आलोक में ओपी प्रभारी संजय यादव ने अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच का निर्देश दिया था। पालन करते हुए वाहनों की जांच के दौरान टाटा नेकसन कार को हाथ दिया गया। जिसकी जांच के दौरान उनके साथ मारपीट की गयी।

## सतबरवा में शिवरात्रि महोत्सव का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सतबरवा ने शिवरात्रि महोत्सव का साप्ताहिक कार्यक्रम किया। जिसमें निराकार शिव परमात्मा का झांकी निकाली गयी। झांकी सतबरवा के चौक चौराहों से गुजरते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जिसमें दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी और मंदिर निर्माता सुनील कुमार मिश्रा और सामाजिक कार्यकर्ता हरिद्वार प्रसाद एवं गुमला सेवा केंद्र संचालिका शांति दीदी के निर्देशन अनुसार आशा बहन, सुचिता बहन उपस्थित हुई। संस्था का परिचय देते हुए ब्रह्माकुमारी अमृता बहन ने बताया कि यह संस्थान वैश्विक, शैक्षणिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक संस्था है जो विश्व प्रभाव से अनेक सामाजिक कार्य कर रही है।

### जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह और सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन वितरित

## महिलाएं सिलाई मशीन से बनेंगी आत्मनिर्भर : सुरेंद्र विश्वकर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में दसरे फेज में जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह एवं सखी मंडल की बहनों को आजीविका संवर्धन हेतु विधायक मद से सिलाई मशीन वितरण का किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा शामिल थे। मौके पर मुख्य अतिथि को फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंचायत जुरू, पूर्णाडीह, दारुडिह, नीलांबर पीतांबरपुर, कुराईनपतरा, पिपरा खुर्द पंचायत के जेएसएलपीएस के सखी मंडल की बहनों को सिलाई मशीन प्रदान किया गया। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री ने कहा कि सिलाई मशीन मिलने से जेएसएलपीएस के सखी मंडल की बहने आत्मनिर्भर होंगी। वे रोजगार कर आय प्राप्त कर अपने परिजनों का भरण पोषण बेहतर ढंग से कर सकती है। कार्यकम का संचालन शंकर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, गोपाल यादव, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, पलामू जिला के ओबीसी मोर्चा के संजय कुमार चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार वर्मा, समाजसेवी कमेश यादव, सुधीर तिवारी, चंदन मेहता, दिलीप चौधरी, रामराज सिंह, आशीष सिन्हा, सुदेश्वर मोची, मिथलेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, अरविंद मेहता, गुड्डू तिवारी, भगेशवर राम, जितेंद्र मेहता,कार्तिक सिंह, दिलीप मेहता, धर्मेंद्र मेहता, अजय पासवान, विरेंद्र मेहता, विधायक प्रेस मीडिया राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू भी थे।

## राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा कोशीआरा स्टेशन पर नवनिर्मित गुड्स शेड : बीडी राम

- पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए खुशखबरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप 12 मार्च दिन मंगलवार को डीडीयू मंडल के नए गुड्स शेड-मंडल के अंतर्गत बीडी सेक्शन में नबीनगर तथा कोसीआरा स्टेशनों पर नवनिर्मित गुड्स शेड का राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा। प्रातः 8 बजे से उद्घाटन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा एवं 9 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में 85,000 करोड़ से अधिक की लगभग 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे। सांसद विष्णु दयाल राम के जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए कहा कि इन गुड्स शेडों का निर्माण हो जाने से स्थानीय किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों को पास ही रेल से माल परिवहन की सुविधा मिल जायेगी जिससे उनको काफी लाभ होगा।



मौके पर उपस्थित डीडीयू मंडल सिग्नल दूरसंचार अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। पूर्णतः संरक्षित एवं त्वरित रेल परिचालन तथा बेहतर यात्री सुविधा प्रदान करने को लेकर भारतीय रेल पूर्णतया प्रतिबद्ध है। भविष्य को ध्यान में रखकर क्षमता वृद्धि एवं सुविधा विस्तार हेतु भारतीय रेल द्वारा बड़े पैमाने पर अवसंरचना निर्माण एवं उन्नयन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि हैदरनगर नरेंद्र सिंह ने कहा कि सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से अभार व्यक्त किया है। उन्होंने रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण के इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भाजपा के स्थानीय नेताओ, कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों को शामिल होने की अपील की है। सांसद बीडी राम ने कहा कि कोशीआरा स्टेशन पर नवनिर्मित गुड्स शेड राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### जीएन कॉन्वेंट में अंतिम इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम सम्पन्न



टीचर्स के साथ निदेशक

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में वर्तमान सत्र का पांचवा व अंतिम इन हाउस कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षा नीति में हो रहे निरंतर बदलावों को मद्देनजर रखते हुए शिक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जब तक शिक्षक प्रशिक्षित नहीं रहेंगे तब तक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान नहीं कर सकते। इसके लिए सीबीएसई मान्यता प्राप्त शिक्षकों के प्रत्येक शिक्षक को पचास घंटे की ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। इसमें 25 घंटे ट्रेनिंग सीबीएसई ऑनलाइन और 25 घंटे इन हाउस ट्रेनिंग देती है। ट्रेनिंग के दौरान शिक्षकों को क्लासरूम मैनेजमेंट, लेंग्वेज डेवलपमेंट, स्पेलिंग करेक्शन, रिजल्ट ओरिएंटेशन, फिजिकल एक्टिविटी, स्पोर्टस समेत अन्य गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी जाती है। इसके साथ-साथ विभिन्न विषयों के टपिक के अनुसार शिक्षकों के बीच एक्टिविटी का आयोजन कराया जाता है, ताकि वह उस विषय को अच्छे से समझ सके एवं विषय से संबंधित सभी जानकारी बच्चों के समक्ष रख सकें। इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन्स के रुप में संतोष प्रसाद एवं मुकेश कुमार भारती का प्रदर्शन अत्यंत ही रोचक, सुग्राहय एवं ज्ञानपूर्वक रहा।

### गाली गलौज व मारपीट करने को लेकर थाना में आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह पंचायत योगीडीह निवासी विजय साव ने थाना में आवेदन देकर गांव के सुनील यादव पर गाली गलौज तथा मारपीट करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वही दूसरी ओर सुनील यादव के द्वारा भी आवेदन दिया गया है।

### झूठे आरोप का भाजपा पुरजोर विरोध करेगी : नितेश



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के विरुद्ध कांग्रेस के कार्यकर्ता चांद आलम के द्वारा झुमरीतिलैया थाना में झूठे आरोप लगाया गया है और थाने में लिखित शिकायत की गई है। उसके संबंध में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी ने कड़ी भर्त्सना की है। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा की कांग्रेस के कार्यकर्ता हताश होकर उलजलूल बयान दे रहे हैं, और आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए राजद नेता सुभाष यादव के गिरफ्तारी पर रोने के लिए झंडा चौक पर प्रदर्शन करने के लिए आए थे। पूर्व से ही भारत सरकार की जनहित में किए गए कार्यों की प्रचार प्रसार गाड़ी एलईडी के मायम से झंडा चौक मोदी जी की गारंटी संकल्प पत्र पर सूझाव ले रही थी। एलईडी स्क्रीन वाहन को क्षतिग्रस्त करना कुत्सित मानसिकता प्रदर्शित करती है।

### रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम कर मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक



**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल के द्वारा रैली और मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया, इसके साथ ही मतदाताओं ने नैतिक मतदान की शपथ ली। मतदाताओं ने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताकिार का प्रयोग करेंगे की शपथ ली।

# 2.990 किलोग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** कुंदा पुलिस ने सोमवार को अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर प्रदीप सिंह पलामू जिला के मनातू थाना अंतर्गत जसपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 2.990 किलोग्राम गिला अफीम, दो सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल और एक एंड्राइड मोबाइल फोन जब्त किया है। सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुंदा थाना क्षेत्र में तीन अज्ञात व्यक्ति दो मोटरसाईकिल से अवैध गीला अफीम लेकर काशीलौंग गांव में खरीद बिक्री करने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम में कुंदा थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद और सशस्त्र बल को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही गठित छापामारी टीम काशीलौंग गांव पहुंची, पुलिस बल को देखते ही दोनो मोटरसाईकिल छोड़कर तीनों लड़के अलग- अलग दिशा में भागने लगे, जिसमे से एक एक को पुलिस बल के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया तथा दो लड़के जंगल- झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। तत्पश्चात पकड़ाये लड़के से उसका नाम पुछने पर अपना नाम प्रदीप सिंह, जिला पलामू, थाना मनातू और गांव जसपुर बताया।



तलाशी के क्रम में उसके मोटरसाईकिल के डिक्की से प्लास्टिक के पैकट में गीला अफीम जैसा तरल पदार्थ पाया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में सिमरिया एसडीपीओ के अलावा कुंदा थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद, एसडीपीओ के अंगरक्षक और थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, वाद निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।

बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन एवं प्रगति प्रतिवेदन की बिंदूवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा द्वारा बताया गया कि परियोजना पदाधिकारी, अशोका परियोजना, आम्रपाली परियोजना, मगध परियोजना एवं पुणार्डीह परियोजना, सर्वश्र सी0सी0एल0 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जिसमें प्रतिवेदित है कि परियोजनान्तर्गत सडक एवं रेल मार्ग से कोयला का परिवहन में शत-प्रतिशत ई-परिवहन चालान का उपयोग किया जाता है। इसके अलावे परियोजनाओं में सीसीटीवी का अधिष्ठापान,काटाघारों का समय समय पर जांच एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जेल भेजने से भी नही डरेगी आइएनडीआइए गठबंधन

### कोडरमा की जनता कराह रही, जनता बदलाव को तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** इंडिया महागठबंधन के घटक दलों ने झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में प्रेसवार्ता कर भाजपा पर जमकर हमला बोला। महागठबंधन के नेताओं ने कहा भाजपा टकराहट पैदा कर ध्यान भटकाने की कोशिश करने में माहिर है, मगर भाजपा के चाल चरित्र को विपक्ष बखूबी जानती है। वहीं उन्होंने कहा झंडाचौक विवाद में भाजपा उकसाने की राजनीति करना चाहती है, लेकिन इंडिया महागठबंधन संविधान और लोकतंत्र के सिद्धांतों को मानकर राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि सुभाष प्रसाद यादव ने कोडरमा, चतरा और पलामू में भाजपा की जमीन खिसका दी। जिसके वजह से ही उन्हें जेल की सलाखों में डाल दिया गया। भाजपा विपक्ष के नेताओं को जेल में डालकर लोकतंत्र को कमजोर कर तानाशाही शासन लाना चाहती है। देश में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर पहले विपक्ष की छवि धूमिल की जा रही है, फिर उसी नेता को भाजपा में शामिल होते ही भ्रष्टाचार मुक्त करार किया जा रहा। भाजपा के लिए भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नही है। सरकार के एजेंसी का इस्तेमाल कर विपक्ष को डराने-धमकाने और चुनावी चुनौती खत्म करने की है। भाजपा पूरी तरह से खुद डरी हुई है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि कोडरमा में राजद, कांग्रेस, लेफ्ट और जेएमएम समेत सभी विपक्षी दल एकजुटता के साथ लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त करेगी, साथ ही कहा कि कोडरमा की जनता कराह रही है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रामान यादव, राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, दीपक विश्वकर्मा, मनोज सहाय पिंकू, दामोदर यादव,संजय सेठ, महेंद्र यादव, चांद आलम, पवन भगत, घनश्याम तुरी, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

## अतिक्रमण नहीं हटाया तो होगी कार्रवाई : सीओ

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा के निर्देश पर सोमवार को सीआई दिनेश राम व सरकारी अमीन संजय कुमार ने बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित तुरीया मोहल्ला, दरगाह मोहल्ला, पांडेय मोहल्ला में रहने वाले ग्रामीणों के द्वारा मुख्य मार्ग पर पानी बहाव तथा सड़क को अतिक्रमण किए लोगों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटा लेने तथा पानी को बंद करने को कहा। वहीं इस संबा में सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि जो लोग अतिमक्रण किए हुए हैं और सड़क पर घर का पानी का बहाव कर रहे हैं उसपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सीआई तथा अमीन के द्वारा मापी कर दिया गया है। जल्द से जल्द अतिक्रमण हटा ले अन्यथा चिन्हितकर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। ज्ञात हो कि आए दिन सड़क पर घरों का पानी का बहाव कर दिया जाता है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों व स्कूली छात्र-छात्रओ को परेशानियों का सामन करना पड़ता है।

## डीसी ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों के साथ किया बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों के क्रम में जिला स्तरीय सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की गई। जिले में चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए नकदी और कीमती धातुएँ, शराब, नशीले पदार्थ, मुफ्त वस्तुएँ एवं अन्य से संबंधित किसी भी प्रकार की गोपनीय सूचना प्राप्त होने पर सूचना का आदान-प्रदान करते हुए संबंधित एजेंसी को त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता से संबंधित प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### डीईओ के आदेश को ठेंगा दिखला रहे हैं प्लस टू उवि के एचएम व लिपिक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय में नामांकन के नाम पर छात्र से रिश्वत मांगे जाने के आरोप में डीईओ द्वारा स्थानांतरित लिपिक चंद्रकांत पांडेय का अभी भी भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय से मोह भंग नहीं हुआ है। उक्त लिपिक अपने कार्यक्षेत्र नगर उंटारी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गरबांध से आये दिन बगली मारकर भवनाथपुर पहुंच जा रहे हैं। लिपिक चंद्रकांत पांडेय और प्रानाचार्य अंकित त्रिवेदी की सांठ गांठ से विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था में अराजकता का माहौल उत्पन्न होने के साथ ही विद्यालय विकास मद की राशि में भी बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की संदेह गहराने लगा है। लिपिक द्वारा विद्यालय के कार्य में हस्तक्षेप किये जाने से शिक्षकों में भी विद्रोह शुरू होने लगी है। इस विद्यालय से हटाये जाने के बावजूद यहां के सभी कार्यों में लिपिक श्री पांडेय का हस्तक्षेप जारी है। एचएम व उक्त लिपिक की कार्यशैली से विद्यालय के अन्य शिक्षक अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे है। मामले की जांच करने पहुंचे क्षेत्र शिक्षा पदाकिारी कैसर राजा ने लिपिक पर लगे आरोप की जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा था। जांच प्रतिवेदन पर लिपिक के उपर कार्रवाई करते हुए उसे भवनाथपुर से गरबांध हाई स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## चंदा फ्लावर मिल मालिक प्रदीप कुमार जैन को तीन वर्ष सश्रम कारावास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### दो करोड़ 65 लाख 50 हजार का लगाया जुर्माना

**कोडरमा।** तिलैया थाना कांड संख्या 520/2009, जीआर-835/2009 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी गझंडी रोड स्थित चंदा फ्लावर मिल के मालिक प्रदीप कुमार जैन पिता चुन्नीलाल जैन झुमरीतिलैया निवासी को 135 इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 2 करोड़ 65 लाख 50 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 138 इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। वहीं अभियोजन का संचालक बिजली विभाग के विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बिजली विभाग के विशेष लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से आिवक्ता कुमार रौशन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

**क्या है मामला :** इसे लेकर सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल झुमरीतिलैया के हरिप्रसाद शर्मा ने तिलैया थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि 24 सितम्बर 2009 को बिजली चोरी रोकथाम को लेकर चंदा रोलर और फ्लावर मिल गझंडी रोड झुमरीतिलैया में छापामारी की गई। उक्त छापामारी में जांच के दौरान यह पाया गया कि उपभोक्ता के परिसर में लगे ऊर्जा की खपत की रिकॉर्डिंग करने के लिए मीटर के अंदर इलेक्ट्रॉनिक सर्किट के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक चिप्स लगा हुआ था। जिसका उपयोग मीटर में वास्तविक ऊर्जा की खपत के रिकॉर्डिंग को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। विद्युत ऊर्जा की इस चोरी से विभाग को 88 लाख 50 हजार रूपये की छती हुई। इसे लेकर तिलैया थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

# लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी, एसपी व अन्य

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित कर कार्यों को करने का निर्देश दिया। साथ ही आदर्श आचार संहिता लगने के पश्चात की जाने वाली कार्रवाई के बारे में भी बताया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन की घोषणा के पश्चात 24 घंटे के अंदर सरकारी बैनर होर्डिंग हटाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही 72 घंटे के अंदर सभी विज्ञापनों को हटाना भी संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, सीओ सुनिश्चित करेंगे। जिला सूचना विज्ञान पदाकिारी जिले के आधिकारिक वेबसाइट से भी सरकारी विज्ञापनों को हटाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मतदान केंद्रों पर एएमएफ फैसिलिटी सुनिश्चित कराने को लेकर भी शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, सभी जेई, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल समेत अन्य को मतदान केन्द्रों पर जाकर पेयजल, शौचालय समेत और व्यवस्थाओं की दोबारा से जांच कर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गढ़वा जिले से सटे सीमावर्ती राज्यों के बर्डर पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्रों पर रैंप समेत अन्य फेसिलिटी की व्यवस्था को लेकर भी बीडीओ, जिला शिक्षा अधीक्षक, झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित को उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सभी बीडीओ, सीओ एवं अन्य संबंधित को रूट चार्ट दोबारा से तैयार कर भेजने का निर्देश दिया। जिससे मतदान के दिन पोलिंग पार्टी को आवागमन से जुड़े किसी भी प्रकार की समस्या ना हो एवं निर्धारित समय पर मतदान प्रारंभ कराया जा सके। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियश विजय टोप्पो, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय शाखा प्रभारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–39 / 2023–.24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 18.03.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 19.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–दिनांक 19.03.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2)अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :–01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Santari Post in Campus of CJM Residence Hazaribagh, District- Hazaribagh. | 690600/- | 14000/- | 1250/- | 03 माह |
| 2 | Construction of Night Guard Room in campus of CJM Residence , Hazaribagh, District- Hazaribagh | 2040600/- | 41000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | Raising of Boundary wall in Campus of CJM Residence Hazaribagh, District : Hazaribagh. | 2296000/- | 46000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.322085 Building(23-24):D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02 / 2023–24 (3rd Call) तिथि :– 11.03.2024

**P.R. No. 295311 & 298108 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची |
| 2. | विज्ञापनकर्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, रॉंची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.03.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 16.03.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधिक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 21.03.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 22.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न में |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधिक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 10. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying and fitting of 33 KV VCB with 33 KV C.T. & P.T. and renovation of Electric Sub-Station (33/11KV) with its all components for Booty Pumping Plant under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 39,67,924.00 | 79,400.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | 45 days |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे। सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉंची के आदेश संख्या 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में Tender Fee तथा EMD का भुगतान online करना होगा।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge / concerned officer से M.O.M. / Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल,रॉंची

PR 322135 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

# न्यूजीलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 2-0 से जीत से टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भारी फेरबदल, भारत की बदशाहत बरकरार

▶▶ कैरी प्लेयर ऑफ द मैच और हेनरी प्लेयर ऑफ द सीरीज बने

एजेंसी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ कर दिया है। क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे मुकाबले में कंगारुओं ने तीन विकेट से जीत हासिल की। 279 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक वक्त टीम ने 34 रन पर चार विकेट और 80 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी के बीच हुई 140 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मार्श 80 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कैरी ने 98 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, आखिर में कप्तान पैट कमिंस ने नाबाद 32 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से जीत दर्ज करने में मदद की। कंगारुओं की इस जीत से कुछ समय पहले तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर कब्जा जमाए बैठी न्यूजीलैंड की टीम अब तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। पहले उसे भारत ने इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर पहले से दूसरे पायदान पर खिसकाया और अब ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे स्थान पर खिसका दिया है। ऑस्ट्रेलिया अब खुद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।




## ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड टेस्ट का हाल

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट की बात करें तो कंगारू कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 162 रन बनाए। टॉम लाथम ने सबसे ज्यादा 38 रन की पारी खेली। वहीं, टॉम ब्लंडेल 22 रन, मैट हेनरी 29 रन और कप्तान टिम साउदी 26 रन बनाकर आउट हुए। विलियम्सन ने 17 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने पांच और मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिए। वहीं, कमिंस और ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 256 रन पर समाप्त हुई और उन्हें 94 रन की बढ़त हासिल हुई। मार्नस लाबुशेन ने 90 रन बनाए। इसके अलावा कोई 30 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने सात विकेट लिए। वहीं, साउदी, सीयर्स और फिलिप्स को एक-एक विकेट मिला। कीवी टीम ने अपनी दूसरी पारी में 372 रन बनाए और 278 रन की बढ़त हासिल की। टॉम लाथम ने 73 रन, केन विलियम्सन ने 51 रन, रचिन रवींद्र ने 82 रन, डेरिल मिचेल ने 58 रन और कग्लेजिन ने 44 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने चार और लियोन ने तीन विकेट लिए। वहीं, स्टार्क, हेजलवुड और ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। 279 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही थी। स्टीव स्मिथ नौ रन, उस्मान ख्वाजा 11 रन, मार्नस लाबुशेन छह रन, कैमरन ग्रीन पांच रन और ट्रेविस हेड 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। हालांकि, इसके बाद मार्श ने 10 चौके और एक छक्के की मदद से 80 रन और कैरी ने 15 चौके की मदद से नाबाद 98 रन की पारी खेली।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 9 | 6 | 2 | 1 | 74 | 68.51 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 6 | 3 | 3 | 0 | 36 | 50.00 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | द.अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 10 | 3 | 6 | 1 | 21 | 17.5 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

## 2 दिन में 4 क्रिकेटरों ने खेला अपना 100वां टेस्ट

**नयी दिल्ली।** 7 मार्च को शुरू हुए धर्मशाला टेस्ट के साथ ही 2 बड़े क्रिकेटरों ने अपने टेस्ट करियर के 100 टेस्ट मुकाबले पूरे कर लिए। भारत की ओर से जहां अश्विन ने यह उपलब्धि हासिल की तो वहीं, इंग्लैंड की ओर से जॉनी बेयरस्टो ने यह विशेष सम्मान हासिल किया। यह अजब संयोग ही रहा कि एक दिन बाद ही यानी 8 मार्च को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का टेस्ट मुकाबला शुरू हुआ जिसमें न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और टिम साऊदी अपना 100वां टेस्ट मुकाबला खेलने में सफल रहे। यानी क्रिकेट प्रशंसकों को दो दिन के अंदर ही 4 क्रिकेटरों द्वारा अपना 100वां टेस्ट खेलते देखने को मिला।

### 100 मैचों के बाद प्रदर्शन

जॉनी बेयरस्टो : 100 टेस्ट, 6042 रन, औसत 36, शतक 12

रविचंद्रन अश्विन : 100 टेस्ट, 3309 रन, विकेट 516, इकोनमी 2.81

केन विलियमसन : 100 टेस्ट, 8743 रन, औसत 55, शतक 32

टिम साऊदी : 100 टेस्ट, 2098 रन, विकेट 380, इकोनमी 2.99

### सबसे ज्यादा 100 मैच खेलने वाले प्लेयर

- इंग्लैंड से 17 (712 में से)
- ऑस्ट्रेलिया से 15 (466 में से)
- भारत से 14 (313 में से)
- विंडीज से 9 (338 में से)
- साऊथ अफ्रीका से 8 (366 में से)
- श्रीलंका से 6 (165 में से)
- न्यूजीलैंड से 6 (286 में से)

### भारत के लिए 100+ मैच खेलने वाले प्लेयर

▶▶ 200 सचिन तेंदुलकर, ▶▶ 163 राहुल द्रविड़, ▶▶ 134 वीवीएस लक्ष्मण, ▶▶ 132 अनिल कुंबले, ▶▶ 131 कपिल देव, ▶▶ 125 सुनील गावस्कर, 116 दिलीप वेंगसरकर

113 सौरव गांगुली, 113 विराट कोहली

105 ईशांत शर्मा,

103 हरभजन सिंह

103 चेतेश्वर पुजारा

103 वीरेंद्र सहवाग

100* रविचंद्रन अश्विन

## बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी : जय शाह

एजेंसी




**धर्मशाला।** टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने दी। शमी इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी के कारण वह बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे आगामी सत्र से भी बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा, शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आइपीएल में लखनऊ के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआइ सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आइपीएल में वापसी के लिए तैयार है।

## निशांत देव पेरिस ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

**बस्तो अर्सिजियो (इटली)।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैम्पियनशप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले 23 वर्ष के निशांत ने सर्वसम्मति से 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूनार्मेंट में पुरूषों के 71 किलो वर्ग के चार कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिये पुरूष मुक्केबाजी में पांचवां कोटा हासिल कर सकें। उनका सामना अमेरिका के विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता ओमारी जोंस से होगा। भारत के 9 सदस्यीय दल में सिर्फ निशांत ओलंपिक कोटे की दौड़ में बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किलो) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) पहले दौर में हार गए। भारत के लिए निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), परवीन हुड्डा (57 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ओलंपिक कोटा हासिल क चुके हैं। बाकी भारतीय मुक्केबाजों के लिए आखिरी मौका बैंकाक में 23 मई से तीन जून तक होने वाला दूसरा ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर होगा जहां से 45 से 51 मुक्केबाज क्वालीफाई करेंगे।

## सुरजीत 5 एस महिला हॉकी गोल्ड कप-2024 का आयोजन पांच अप्रैल से

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर जिले में सुरजीत 5 एस महिला हॉकी गोल्ड कप-2024 का पहले संस्करण सुरजीत हॉकी सोसाइटी द्वारा पांच से सात अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने सोमवार को बताया कि उपायुक्त और सुरजीत हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष विशेष सारंगल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन के तहत फाइव-ए-साइड एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क, जालंधर (पंजाब) में आयोजित होने वाला यह एक दिन और रात का टूनार्मेंट है, जिसमें देश की आठ शीर्ष टीमें भाग लेंगी।

## धोनी के रिटायर होने पर रोहित सीएसके की कप्तानी करें, भारत के पूर्व बल्लेबाज ने दिया बयान

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने कहा कि वह रोहित शर्मा को 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जाते देखना पसंद करेंगे और चाहते हैं कि एमएस धोनी के रिटायर होने पर भारतीय कप्तान फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करें। रोहित 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व नहीं करेंगे क्योंकि 5 बार के चैंपियन ने हार्दिक पांड्या को फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया है। रायुडू ने कहा, 'रोहित अगले 5-6 साल तक खेल सकते हैं। मैं उन्हें निकट भविष्य में सीएसके के लिए खेलते देखना चाहता हूं। अगर उन्हें कप्तानी करनी है तो वह दुनिया में कहीं भी कर सकते हैं। मैं उन्हें 2025 में सीएसके के लिए खेलते हुए देखना चाहता हूं। और जब एमएस रिटायर होंगे, तो वह कप्तान के रूप में भी कार्यभार संभाल सकते हैं। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के साथ अपना करियर शुरू किया और उनके साथ कुछ आईपीएल खिताब जीते। 2022 में वह गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए जिससे उन्हें खिताब और 2023 सीजन में फाइनल में जगह मिली। 2024 सीजन से पहले हार्दिक को एमआई में ट्रेड किया गया और उन्हें कप्तान घोषित किया गया। रायुडू ने यह भी राय व्यक्त की कि गुजरात टाइटन्स और एमआई के विपरीत सेटअप के कारण मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करना पांड्या के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। रायुडू ने कहा, 'इस साल रोहित को कप्तानी जारी रखनी चाहिए थी और हार्दिक को शायद एक साल बाद यह जिम्मेदारी दी जा सकती थी। रोहित अभी भी टी20आई में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि एमआई ने यह फैसला जल्दबाजी में लिया, लेकिन शायद वे ही बेहतर जानते हैं। इसलिए यह मुश्किल होगा। गुजरात टाइटंस का सेट-अप अलग था।

## गौतम सर का वापस आना केकेआर के लिए बहुत बड़ा फायदा होगा : वेंकटेश अय्यर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के दौरान अपनी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने की तैयारी कर रहे हैं और उनका कहना है कि उनके लिए खेलना बहुत बड़ा सौभाग्य है। 2021 में मजबूत शुरूआत के बाद वेंकटेश अय्यर पिछले कुछ सीजन में केकेआर की टीम में नियमित हो गए हैं। एक युवा खिलाड़ी जिसका नाम बेहद कम लोग जानते थे वह केकेआर के लिए मैदान पर आए और आश्चर्यजनक शॉट्स के साथ तत्काल प्रभाव डाला। तब से वेंकटेश ने सीजन दर सीजन उत्कृष्ट प्रदर्शन करके केकेआर प्रशंसकों के दिलों में एक विशेष स्थान अर्जित किया है। आइपीएल 2024 से पहले मध्य प्रदेश में जन्मे क्रिकेटर ने गौतम गंभीर को केकेआर प्रबंधन में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गंभीर एक अद्भुत नेता हैं और वह उन्हें कोच चंद्रकांत पंडित के साथ काम करते हुए देखकर वास्तव में उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, गौतम सर का वापस आना केकेआर के लिए बहुत बड़ा फायदा होगा। मैं वास्तव में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। अतीत में मैंने उनके साथ जो भी बातचीत की है, उन्होंने हमेशा व्यक्तिगत मील के पत्थर के बजाय टीम के लक्ष्यों के लिए प्रभाव पैदा करने के बारे में बात की है। वह एक अद्भुत नेता हैं और मैं उनका और चंदू सर (चंद्रकांत पंडित) का संयोजन देखने के लिए भी उत्साहित हूं। दोनों अद्भुत रणनीतिज्ञ हैं और ट्रॉफी जीतने का अनुभव रखते हैं। इसके अलावा, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए खेलना वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहे हैं और उनका अंतिम लक्ष्य टीम के साथ आइपीएल खिताब जीतना है। वेंकटेश ने कहा, केकेआर का हिस्सा बनना हमेशा रोमांचक होता है और मैं इस अद्भुत फ्रेंचाइजी के लिए खेलने के लिए सम्मानित और गौरवान्वित महसूस करता हूं। अंतिम लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। हम जानते हैं कि हमारे अंदर इसे जीतने की क्षमता है इसलिए हम आगे बढ़ने के लिए उत्सुक हैं। मैं बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने के लिए उत्सुक हूं, इसलिए आइए सर्वश्रेष्ठ की आशा करें।

### आइपीएल 2024 के लिए केकेआर की पूरी टीम

नितीश राणा, रिंकू सिंह, रहमानुल्लाह गुरबाज, श्रेयस अय्यर (कप्तान), फिल साल्ट, सुनील नरेन, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, केएस भरत, चेतन सकारिया, मिशेल स्टार्क, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, मुजीब उर रहमान, गस एटकिंसन, साकिब हुसैन।

## मुंबई ने दूसरे दिन ही हासिल की 260 रन की लीड

एजेंसी

**वानखेड़े।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे ही दिन मुंबई ने 260 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल कर ली है। मुंबई ने पहली पारी में शार्दुल ठाकुर के अर्धशतक की बदौलत मात्र 224 रन ही बनाए थे। जवाब में विदर्भ की टीम 162 रन पर ही सिमट गई। दूसरे दिन का खत्म समाप्त होने तक मुंबई ने दो विकेट खोकर 141 रन बना लेकिन है ऐसे में उनके पास 260 रन की लीड हो चुकी है। अगर मुंबई लीड को 500 से ऊपर ले गया तो उनके लिए रणजी ट्रॉफी फाइनल जीतना यकीनी हो सकता है।



### मुंबई पहली पारी : 224-10 (64.3 ओवर)

मुंबई की ओपनिंग अच्छी रही। पृथ्वी शॉ ने 63 गेंदों पर 46 तो भुपेन ललवानी ने 64 गेंदों पर 37 रन बनाए। मुशीर खान 6, कप्तान रहाणे 7, श्रेयस अय्यर 7 ही रन बना पाए। लेकिन शार्दुल ठाकुर ने 69 गेंदों पर तीन छक्के और 8 चौकों की मदद से 75 रन बनाकर स्कोर 224 तक पहुंचा दिया। विदर्भ की ओर से गेंदबाजी करते हुए उमेश ने 43 रन देकर 2, हर्ष दुबे ने 62 रन देकर 3 तो यश ठाकुर ने 54 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

### विदर्भ पहली पारी : 105-10 (45.3 ओवर)

विदर्भ की शुरूआत खराब रही। ओपनर ध्रुव शौरी 0, अमन 8 तो करुण नायर 0 पर आऊट हो गए। अर्थव ने 23 तो आदित्य ने 19 तो यश राठौर ने 27 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने प्रैशर बनाकर विदर्भ के बल्लेबाजों को 162 रन पर ही रोक लिया। धवन कुलकर्णी ने 11 ओवरों में 15 रन देकर 3, शम्स मुलानी ने 32 रन देकर 3 तो तनुष कोटियन ने 7 रन देकर तीन विकेट लीं।

### मुंबई दूसरी पारी : 141-2 (50 ओवर)

मुंबई की ओपनिंग जोड़ी कमाल नहीं कर पाई। पृथ्वी शॉ 11 तो भूपेन 18 रन ही बना पाए लेकिन इसके बाद मुशीर खान के साथ मिलकर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभाल लिया। मुशीर जहां 135 गेंदों पर 51 रन बनाकर नाबाद हैं तो वहीं, रहाणे भी 109 गेंदों पर 58 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## चुंगरेंग ने प्रधानमंत्री मोदी से की भावुक अपील

**नयी दिल्ली।** मणिपुर के मिक्स मार्शल आर्ट फाइटर चैंपियन चुंगरेंग कोरेन ने एक वीडियों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने की अपील की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडिया क्लीप में चुंगरेंग कोरेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर का दौरा करने और शांति बहाल करने की भावुक अपील करते दिखायी दे रहे है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कोरेन ने यह भावुक अपील कब की। सोशल मीडिया एक्स पर वायरल वीडियो में कोरेन मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) स्पर्धा में खिताब जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भावुक अपील करते हुए कह रहे है, ह्ययह मेरा विनम्र अनुरोध है। मणिपुर में हिंसा हो रही है। लगभग एक साल हो गया है। लोग मर रहे हैं और कई लोग राहत शिविरों में हैं। इन राहत शिविरों में भोजन और पानी की कमी है।

## रियल मैड्रिड ने सेल्टा विगो को 4-0 से हराया

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने रविवार दोपहर घरेलू मैदान पर संघर्षरत सेल्टा विगो को 4-0 से हराकर ला लीगा के शीर्ष पर अपनी सात अंकों की बढ़त बरकरार रखी है। मैच में रियल मैड्रिड ने तेज शुरूआत की। मैच के 21वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने गोल कर मैड्रिड को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इसके बाद सेल्टा विगो की रक्षा पंक्ति ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक मैड्रिड को कोई और गोल नहीं करने दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 79वें मिनट में मैड्रिड के एंटोनियो रुडिगर का हेडर गोल पोस्ट से टकराया और सेल्टा के गोलकीपर विसेंट गुएटा की गलती से गोल पोस्ट में चला गया, जिससे रियल मैड्रिड की बढ़त 2-0 हो गई। इसके बाद कार्लोस डोमिंगुएज ने 88वें मिनट में गेंद को अपने ही गोल पोस्ट में डाल कर मैड्रिड की बढ़त 3-0 कर दी। इंजुरी टाइम में आर्दा गुलेर ने एक और बेहतरीन गोल कर मैड्रिड को 4-0 से जीत दिला दी।

## कुश्ती ट्रायल के दौरान ड्रामा, विनेश ने मुकाबले में बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

एजेंसी

**पटियाला।** पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिये और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। कुश्ती की तदर्थ समिति द्वारा उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा भार वर्ग में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट में जगह पक्की कर ली।जकार्ता एशियाई खेलों की यह स्वर्ण पदक विजेता हालांकि 53 किग्रा का मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिए यहां साइ केंद्र पहुंची थी। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक ही दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन विनेश सोमवार को दो अलग-अलग भार वर्गों में ट्रायल में शामिल हुईं। वह बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन से पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी लेकिन उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं होने दी। उसने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई । इससे 50 किलो भारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति पहले ही कह चुकी है कि 53 किलो वर्ग के लिए अंतिम ट्रायल होगा जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष 4 पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। ट्रायल के दौरान मौजूद एक कोच ने कहा कि विनेश सरकार से आश्वासन चाहती है। उसे डर है कि अगर डब्ल्यूएफआई के हाथ में फिर कमान आ गई तो चयन नीति बदल सकती है।



## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय पुरुष कोचिंग शिविर के लिए की 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है। भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में लगने वाला यह शिविर 12 मार्च से शुरू होगी और 30 मार्च तक चलेगी। आगामी शिविर महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय टीम महत्वपूर्ण पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखेगी। टीम एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौट रही है, जहां वे भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में 8 मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में तीसरे स्थान पर हैं। लीग 22 मई 2024 को एंटवर्प, बेल्जियम में फिर से शुरू होगी। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर्स हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह शामिल हैं। जबकि, फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर के महत्व को समझाते हुए कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण ब्लॉक शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम श्रृंखला के लिए जाने से पहले सर्वोत्तम स्थिति में हों। शिविर के लिए चुने गए खिलाड़ी आगामी महत्वपूर्ण मैचों में खेलने के लिए दावेदार होंगे, इसलिए, हमने प्रो लीग में खेलने वाले कुछ युवाओं के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों का एक समूह चुना है। ओडिशा में प्रो लीग मिनी-टूनार्मेंट एक उत्कृष्ट परीक्षण मैदान साबित हुआ, लेकिन इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है, और हम प्रो लीग के अंतिम चरण और पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की कोशिश करेंगे।



स्पीड न्यूज

## आपसी विवाद में युवक की हत्या

**राहे।** थाना क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत के दुधीटांड़ गांव में 23 वर्षीय युवक की हत्या हुई है। घटना रविवार रात की बतायी जा रही है। युवक मोहन महली सिल्ली थाना क्षेत्र के पोगड़ा गांव का रहने वाला था। गांव में रविवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार नृत्य कार्यक्रम का समापन रात 9 बजे के आसपास हो गयी थी। युवक घर से दोपहर बाद ही घर से कार्यक्रम देखने के लिये निकला था। इसी क्रम में युवक मोहन महली का किसी दूसरे पक्ष के साथ विवाद हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार विवाद ही हत्या का कारण हो सकता है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। राहे पुलिस प्रभारी फैज रब्बानी के नेतृत्व में घटनास्थल पहुंच कर छानबीन में जुट गयी है। पुलिस जल्द ही घटना की खुलासा करेगी।

## बेड़ो : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लापुंग रोड जहानाबाज गांव के समीप प्रातः लगभग पौने नौ बजे अज्ञात बाइक सवार के धक्के से दोलैचा गांव निवासी बाइक सवार बजरंग भगत पिता शंकर भगत 44 वर्ष के सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो पहुंचाया। जहां इनका प्राथमिक उपचार के बाद डॉ सुमन ने गंभीरावस्था में रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि वे अन्य दिनों की तरह आज भी अपने घर दोलैचा से बेड़ो स्थित दुकान जा रहे थे तभी यह घटना हुई।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**इटकी।** अपराध नियंत्रण को लेकर सोमवार को इटकी पुलिस ने प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह के नेतृत्व में थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों दोपहिया वाहनों को पकड़ा और डिक्कीए कागजात व लाइसेंस की जांच की। पुलिस ने चालकों को वाहन के कागजात व लाइसेंस लेकर और हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की हिदायत देकर छोड दिया गया।

## बेड़ो के जरिया गांव में बजरंग बली मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

**बेड़ो।** बजरंगबली मंदिर समिति पुरानाडीह जरिया बेड़ो के तत्वावधान में बुधवार को बजरंग बली मंदिर का प्रथम वार्षिक स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देवी देवताओं की पूजा अर्चना, हवन, यज्ञे भोग भंडारा व रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें एके म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार सह गायक दलजीत दीवाना, जया सिंह व खुशबू तथा म्यूजिसियन कीबोर्ड वादक प्रेम कुमार, ओक्टापैड वादक आकाश कुमार, ढोलक वादक विकास पाठक, हैंडसोनिक वादक विकास मिश्रा और बैंजो वादक मुन्ना भारती भजन प्रस्तुत करेंगे।

## चांद दिखा, रमजान का महीना शुरू

**अनगड़ा।** रमजान का चांद दिखने के बाद पवित्र रमजान का महीना शुरू हो गया। मुस्लिम धमावलम्बी इस महीना का बड़ी हीं बेसब्री से इन्तजार करते हैं। यह पाक महीना गुनाहों निजात पाने का महीना है। इस महीना में कोई भी एक नेक काम करने का 70 हजार गुणा शबाब मिलता है। इसलिए लोग पाबंदी के साथ रोजा रखते हैं और अल्लाह की एबादत में मशगूल रहते हैं। चांद दिखने के साथ विभिन्न मस्जिदों तराबीह की नमाज शुरू हुई तराबीह की नमाज में पवित्र कुरान शरीफ की आयत की तिलावत की जाती है। इस दौरान बीस रात नमाज अदा कि जाती है। रमजान को लेकर सोमवार के दिन लोगों ने सेहरी और इफतार के लिए खरीदारी की। अंजूमन इस्लमियां अहले सन्नत वल जमात के सदर जाकीर खान ने लोगों को रमजान की मुबारकबाद दी है और लोगों से देश दुनिया में अमन और खुशहाली के लिए दुआ की अपील की है।

### बुढ़मू क्षेत्र के उमेडंडा गांव में धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश, पहुंचे राजनेता

# शरारती तत्वों ने तीन मंदिरों की मूर्तियों को किया खंडित, आक्रोश

- आक्रोशित ग्रामीणों ने उमेडंडा चौक को किया जाम
- धरना पर बैठे सांसद विधायक, गिरफ्तारी की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** रांची में एक बार पुनः शरारती तत्वों द्वारा धार्मिक उन्माद एवं अशांति फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया। इस बार बुढ़मू के उमेडंडा गांव में प्राचीन शिव मंदिर समेत तीन मंदिरों में मूर्तियों को खंडित करने का घृणित कार्य किया गया है। घटना रविवार देर रात की है। प्रखंड के उमेडंडा गांव में तालाब किनारे तीन मंदिर स्थित हैं, जिनमें प्राचीन शिव मंदिर, हनुमान मंदिर और भगवती मंदिर है। इन मंदिरों के पुजारी सिधेश्वर मिश्रा प्रतिदिन की भांति सोमवार सुबह लगभग चार बजे पूजा करने गये तो उन्होंने देखा कि तीनों मंदिरों में मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया है। बदमाशों ने शिव मंदिर में शिवलिंग एवं नंदी, हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा तथा भगवती मंदिर में पिंडी एवं भगवती त्रिशूल को तोड़ दिया है। पुजारी द्वारा ग्रामीणों को इसकी सूचना देते ही खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैली और ग्रामीण आक्रोशित हो गये। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए उमेडंडा चौक को जाम कर दिया। सूचना पाकर बुढ़मू पुलिस के साथ-साथ डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी इंस्पेक्टर विजय सिंह, मांडर इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा, मैकलुस्कीगंज थानेदार गोविंद कुमार, मांडर चान्हो थानेदार समेत भारी संख्या में पुलिस बल उमेडंडा पहुंच गये। दूसरी ओर घटना की सूचना पर उग्र ग्रामीणों ने ठाकुर गांव बैंक मोड़, बुढ़मू चौक, नगड़ू चौक, उमेडंडा हिन्दगीर छापर पथ को जाम कर दिया।

### पुलिस बल की हुई तैनाती

ऐहतियात के तौर पर उमेडंडा में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। घटना के बाद एफएसएल की टीम ने मंदिरों में जाकर नमूने इकट्ठा किया। वहीं पुलिस सीसीटीवी समेत अन्य माध्यमों से घटना के उद्भेदन में लगी हुई है। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने शीघ्र ही मामले का खुलासा कर लिये जाने की बात कही है। साथ ही ग्रामीणों से धैर्य और शांति बनाये रखने की अपील किया है। घटना के बाद पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा ने उमेडंडा पहुंचकर मंदिरों का जायजा लिया और घटना को अंजाम देनेवालों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।

### मामला दर्ज

घटना के संबंध में बुढ़मू थाना में पंडित सिधेश्वर मिश्रा के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### सांसद, विधायक और भैरो सिंह पहुंचे

घटना की सूचना पाकर सुबह सात बजे सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल उमेडंडा पहुंचे एवं ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गये। आक्रोशित ग्रामीण अविलंब मंदिरों में तोड़फोड़ करनेवालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सांसद ने मौके पर कहा कि राज्य सरकार हिन्दू विरोधी है और धर्म विरोधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने 48 घंटे तक धरना में बैठने तक की प्रशासन को चेतावनी भी दिया। वहीं सूचना पाकर हिंदूवादी नेता भैरो सिंह भी उमेडंडा पहुंचकर धरना स्थल पर हनुमान चालीसा पाठ के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक आंदोलन की बात कही। प्रशासन के किसी आश्वासन को ग्रामीण सुनने, मानने को तैयार नहीं थे। दोपहर लगभग बारह बजे एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक धरनास्थल पर पहुंचे। इसी दौरान भैरो सिंह द्वारा रांची से हनुमान जी एवं नंदी की मूर्ति उमेडंडा लाया गया, जिसे मंदिर परिसर में रखने और गिरफ्तारी की बात कहने पर ग्रामीण माने।

## परयागो गांव में महिला की हत्या

### जमीन विवाद में हत्या करने की आशंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना अंतर्गत परयागो गांव में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 5 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परयागो निवासी कच्छप देवी के परिजनों के अनुसार अन्य दिनों की तरह सुबह के लगभग पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर लोगों से पूछताछ करने लगे तभी कुछ देर बाद गांव वालों ने परिजनों को सूचना दी कि घर से थोड़ी दूर स्थित सड़क किनारे दुलारी देवी मरी पड़ी है। तभी इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### गिरफ्त में होंगे अपराधी

थाना प्रभारी राहुल ने बताया टेक्निकल टीम काम कर रही है। बहुत जल्द अपराधी गिरफ्त में होंगे।

परिजनों से मिली पूर्व विधायक गंगत्री कुजूर और सांत्वना देते हुए अपराधियों को जल्द जल्द पकड़े की बात पुलिस से कही उनके साथ भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा और रामबालक ठाकुर भी पहुंचे।

### कोर्ट से जल्द आने वाला था फैसला

परिजनों ने बताया कि उनका गांव के गोतिया के साथ 12 एकड़ की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कोर्ट से कुछ ही दिनों के अंदर जमीन को लेकर फैसला आना था। उन्हें आशंका है कि जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने ही उनकी हत्या गला दबाकर कर दी है। दुलारी कच्छप पुराना स्वयं सहायता महिला समूह से जुड़ी हुई थी, पर 4 साल पूर्व किसी कारण से उसे समूह से निकाल दिया गया था, जिसकी जांच अभी तक चली रही है। इसके बाद वह अपने पति के साथ घर के निकट ही होटल व्यवसाय से जुड़ गई थी। उसके चार बच्चे भी हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मांडर डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक अपने सहयोगियों के साथ मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि प्रशासन से मिलकर वे जल्द से जल्द इस घटना की खुलासा करने की मांग करेंगे। साथ ही दोषियों को अविलंब पकड़ने की मांग प्रशासन से करेंगे।

## तमाड़ : प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंडरा बाड़वा के नहर के समीप खेत से सोमवार की सुबह पुलिस ने एक युगल प्रेमी का शव बरामद किया है। दोनो शव की पहचान बड़वा के ही प्रह्लाद लोहरा (22 वर्ष) तथा संगीता कुमारी (18 वष) के रूप में हुआ। ग्रामीणों ने बताया की दोनों का प्रेम प्रसंग करीब तीन वर्षो से चल रहा था। हालांकि दबी जुबान में लोगों का कहना है कि घर वालों के विरोध की वजह से दोनो ने जहर खा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। लड़की के परिजनों ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद लड़की घर से निकल गयी थी। लड़की के पिता ने लोक लाज के भय के कारण किसी को भी कुछ नहीं बताया। इधर लड़के के पिता ने बताया कि उनका बेटा प्रतिदिन तड़के फुटबॉल खेलने के लिए निकलता था। आज भी फुटबॉल खेलने के लिए निकला था। सुबह घटना की जानकारी हुआ। फिर ग्रामीणों ने तमाड़ थाना को घटना की जानकारी दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गयी है और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया। दोनों के परिजनों से बुंडू डीएसपी रतिभान सिंह ने पूछताछ कर घटना के संबंध में अहम जानकारी लिया। इस दौरान डीएसपी ने बताया कि युवती संगीता कुमारी तथा युवक प्रहलाद लोहरा दोनों का शव बरामद हुआ है। जो प्रेम प्रसंग का मामला बताया जाता है। प्रथम दृष्टया से दोनों के शव को देखने से पता चलता है कि इन लोगों ने जहर का सेवन किया है। पुलिस मामला के छानबीन गहराई से कर रहा है। लोग इधर बताया जाता है कि संगीता कुमारी बूंडु में रहकर पढ़ाई करती थी तथा इंटर पास करने के बाद बीए पार्ट वन की पढ़ाई कर रही थी। इधर पहलाद लोहार के संबंध में बताया जाता है कि आईटीआई करने के बाद थोड़ा बहुत ट्रैक्टर चलाने का काम भी करता था एवं पावर हाउस में गार्ड की नौकरी करता था। परिजनों का कहना है कि उन लोगों ने दोनों को काफी समझाया था। दोनों को कभी डांट डपट नहीं किया था।

### ट्रैक्टर पलटा, चार घायल, रिम्स रेफर

**नामकुम।** सोमवार को थाना क्षेत्र के जोरार स्थित सपाही नदी पुल समीप हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि टाटीसिलवे से नामकुम की ओर आ रहे डस्ट लदे ट्रैक्टर पर ड्राइवर सहित कुल नौ महिला पुरुष सवार थे। ट्रेक्टर ज्योंहि पुल समीप पहुंचा की सामने से काफी तेज गति से आ रहे बस से चकमा खकर ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और पलट गया। जिससे सभी लोग सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पीसीआर की मदद से ईएसआई अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिकी उपचार के बाद सभी को रिम्स भेज दिया गया।

## रातूः मरियाटांड़ के कुआं से मिली छात्रा की लाश, हत्या की आशंका

### आठ मार्च दिन के दो बजे से थी लापता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने सोमवार को ब्रजपुर के समीप राजश्री मैरेज हॉल के पीछे बलदेव उरांव का खेत के कुआं से 16 वर्षीय तन्नू कुमारी का शव बरामद किया है। वह मरियाटांड़ निवासी स्व धनेश्वर प्रजापति की पुत्री और आमटांड़ स्थित बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रिज पब्लिक स्कूल में छठी की छात्रा थी। 8 मार्च को करीब 2 बजे ट्यूशन के लिये निकली और लौट कर घर नहीं आयी। परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कोई पता नहीं चला। इससे विवश होकर मां जानकी देवी ने 10 मार्च को रातू थाने में गुमसुदगी का संहा दर्ज करायी थी। पुत्री की लाश मिलने पर उसने रेप के बाद हत्या की आशंका जतायी है। उसके शरीर में कहीं भी चोट का निशान नहीं है। पुलिस उसके प्रेमी और पड़ोसी रोहित कुमार पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव का पंचनामा कर लिया गया है। मंगलवार को रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

### मुहल्ले में पसरा मातम



मृतका तीन बहन में छोटी थी। उसका एक भाई भी है। सूचना मिलते ही ट्रेनी आईपीएस मो याकुब ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ मरियाटांड़ का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां जानकी देवी बार .बार बेहोश हो रही थी। मुहल्ले में मातमी सन्नाटा है।

## एक नजर में

### सीआईएसएफ ने 55वां स्थापना दिवस मनाया



**खलारी।** एनके एरिया में तैनात केंद्रीय आद्योगिक सुरक्षा बल का 55 वा स्थापना दिवस डकरा हेडक्वार्टर में मनाया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार उपस्थित थे। इस उपलक्ष में मुख्य अतिथि को सीआईएफ के वरिष्ठ कमांडेंट संदीप कुमार एस ने सीआईएसफ हैट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के औद्योगिक विकास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बहुत बड़ी भागीदारी है। वर्तमान समय में बल के जवान उद्योग को बचाने के साथ .साथ समाज हित में बड़ा योगदान दे रहे हैं। इसके लिए बल के जवान और उनका परिवार के प्रति हम सब कृतज्ञ हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में बलिदान हुए सीआईएसएफ जवनो को मालार्पण कर बलिदान ध्वनि के साथ नमन किया गया।

### बीएड कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। गीत, संगीत और नृत्य का दौर चला। विद्यार्थियों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। वह घंटों झूमते रहे। संचालन हर्षा रानी और क्षितिज सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मि, स्मृति, निधि, प्रकृति, नेहा, आशीष, आनद, आकाश, अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, विशाल सिंह, दशरथ महतो, आनद कुमार भगत, लीना कुमारी, अच्युतानन्द मिश्रा, कन्हैया केशरी, ऋतु जया केरकेट्टा, शिवराज भगत, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, कन्हाई महतो, सत्यभामा देवी व पैरो देवी आदि का खास योगदान रहा।

### महिला से लूटपाट के आरोपियों को छुड़ाने में डटी है भीड़, नेताओं को लगाते रहे फोन

**रातू।** आस्थापुरम में 9 मार्च की रात सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी प्रमोद कुमार पांडेय के घर लूटपाट मामले में चिन्हित आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने के बाद उन्हें छुड़ाने के लिये परिजनों की भीड़ 36 घंटे से थाने के बाहर डटी है। कुछ लोग नेताओं और पुलिस के एक आला अधिकारी को फोन लगाते रहे। लेकिन किसी ने उनकी फरियाद नहीं सुनी। हालांकि ट्रेनी आईपीएस मो याकुब ने साफ कर दिया है कि पूछताछ के बाद आरोपी जेल जायेंगे और निर्दोष को छोड़ दिया जायेगा। इसके बावजूद लोग पुलिस को मदद नहीं कर रहे हैं। उनमें पीड़ित परिवार के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिख रही है। इससे क्षेत्र में संगठित अपराध को बढ़ावा मिलने की आशंका जतायी जा रही है। भुक्तभोगी परिवार न्याय मिलने की आस में है। वह 20 लाख के जेवरात और लैपटॉप की बरामदगी तथा दोषियों को कठोर सजा दिलाये जाने की मांग कर रहे हैं। पीड़िता माधुरी देवी के साथ हुये कृत्य से परिजन और मुहल्ले के लोग मर्माहत हैं। बताते चलें कि आस्थापुरम में हत्याए लूट और चोरी की यह चौथी घटना हैं। सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित हैं।

### रैयतों ने सीओ ऑफिस के समक्ष दिया धरना

**खलारी।** केडी एच परियोजना पदाधिकारी एवं खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट के अंदेखी के बाद खलारी अंचल कार्यालय प्रांगण में विश्रामपुर तुमांग पंचायत जामुन दोहर के ग्रामीणो ने नौकरी मुआवजा पुनर्वास की मांग को लेकर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के बैनर तले सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी किया गया। धरना में बैठे बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के एरिया अध्यक्ष ने बताया कि विश्रामपुरए तुमांगए जामुन दोहर के रैयत विस्थापित ग्रामीणो को केडीएच परियोजना हमेशा से ठगे जा रहे हैं पूर्व में केडी एच खदान के समीप 120 दिनों के धरना के बाद ग्रामीण के द्वारा 28 जनवरी को केडी परियोजना के कार्य को ठप कराने के बाद सीसीएल प्रबंधन तथा झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति एवं ग्रामीणो के बीच हुई वार्ता में तय किया गया था कि सीसीएल विश्रामपुरए तुमांग पंचायत के जमीन को जल्द ही सत्यापित कर रैयतो को नौकरी मुआवजा पुनर्वास दिया जाएगा। सहमति बनाने के बाद केडीएच खदान का कार्य चालू किया। लेकिन अभी तक सीसीएल प्रबंधन एवं अंचलाधिकारी के द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया। अंततः ग्रामीणों को फिर से अपनी समस्याओ को रखते हुए अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## ओरमांझी में आदिवासी 22 पड़हा कार्यकारणी समिति का पुनर्गठन



बाबूलाल महली बने अध्यक्ष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एंजल गार्डन नर्सरी स्कूल सदमा ओरमांझी में पश्चिमी क्षेत्र के आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति की एक बैठक बाबूलाल महली की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति का पुनर्गठन का प्रस्ताव लाया गया। आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति को भंगकर आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति सदमा ओरमांझी व कांके क्षेत्र का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बाबूलाल महली को फिर से अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे महासचिव करमचंद उरांव, सचिव रमेश उरांव, उपाध्यक्ष ललिता मुंडा, कोषाध्यक्ष धनेश्वर मुंडा, उपकोषाध्यक्ष उमा करमाली बनाया गया। वहीं संरक्षक एतवा मुंडा, कमलनाथ मुंडा, रमेशचंद्र उरांव, विगु उरांव, देवकुवर पाहन, शिवचरण करमाली, सुरेंद्र उरांव, हरिलाल मुंडा, कल्लू मुंडा, लोकन मुंडा, गीता कच्छप, साधो मुंडा, काशीनाथ मुंडा को बनाया गया। इसके अलावे सभी पड़हा गांव से एक-एक संगठन सचिव बनाए गए। जिसमें कुलदीप उरांव, राजेंद्र महली, संजय मुंडा, मनसा उरांव, प्रदीप मुंडा, डिस्को मुंडा, रवि मुंडा, कमलेश करमाली, सुकरा उरांव, मतिया उरांव, सीमा तिर्की, बबलू मुंडा, रामकुमार तिर्की, खुदन मुंडा, भगत उरांव, बरखा उरांव, जेठू मुंडा शामिल हैं। बैठक में जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, रंजित पाहन, अमित पाहन, रितेश मुंडा, तेतरा पाहन, झिरगा पाहन, राजू उरांव, राजेंद्र मुंडा, सुनील मुंडा, राहुल लोहरा, कमल उरांव, सनजय लोहरा, सुरेश उरांव, पम्मी मुंडा, गीता मुंडा, सुनीता मुंडा, बबलू मुंडा आदि उपस्थित थे।

## रातू बीडीओ को कर्मियों ने दी भावपूर्ण विदाई

### 43वें बीडीओ थे श्री बारिक, सीओ लेंगे अतिरिक्त प्रभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के प्रोन्नत बीडीओ हरिशंकर बारिक को कर्मियों ने सोमवार की दोपहर भावपूर्ण विदाई दी। डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर सीओ रवि कुमार बीडीओ के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। श्री बारिक ने 24 अगस्त 2020 को योगदान दिया था। उनका कार्यकाल साढ़े तीन साल का रहा। वह पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में काफी लोकप्रिय रहे। बताते चलें कि सामुदायिक विकास पर आधारित इस प्रखंड की स्थापना वर्ष 1956 में हुयी है। एस पातरो पहला बीडीओ थे। अखंड बिहार में 22 बीडीओ का पदस्थापन हुआ था। जबकि झारखंड बनने के बाद यहां 21 बीडीओ आये। श्री हरिशंकर बारिक 43वें बीडीओ थे।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मुन्नी कुमारी, मनिता कुमारी, अभिषेक कुमार, दीपिका हेंब्रम, मंजर आलम, मो जमालुद्दीन, राधेश्याम पांडेय, उमेश सिंह, सुनिल सिंह, सुधा तिर्की, सुजीत सागर एक्का, अनिल उपाध्याय, कमला किंडो, मो सफीउल्लाह, मनोज कुमार, शमसुल हक, महावीर विश्वकर्मा, शमीम मंसुरी, अरशद अयुब, सुखदेव उरांव, सोनी भगत, विजय कुमार, किरण कुमारी, अर्चना सिन्हा, आश्रिता बाड़ा, अंजलि देवघरिया, मंजू कुमारी, राजीव कुमार व अभिषेक कुमार मिश्र आदि।

## बिरसा विस्थापित मंच ने दिया धरना

**खलारी।** विरसा विस्थापित मंच कस द्वारा पूर्व से निर्धारित एकदिवसीय धरना एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यलय के समक्ष दिया गया।इस धरना का अध्यक्षता बहुरा मुंडाएसंचालन महेंद्र उराँवए रामेश्वर भोक्ता ने किया। विस्थापित मंच ने सीसीएल प्रबंधन से तुमांगएकरकट्टाए नवाडीह के रैयतों के जनसमस्याओं का हक से मांग किया। मंच ने देश के विकास के लिए अग्रसर का हवाला देते हुए मानव जीवन जीने के लिए अपना मौकिक अधिकार का सीसीएल प्रबंधन से मांग किया गया। मांग में ग्राम तुमांगएकरकट्टाए नवाडीह के रैयतों को रोहिनीएकरकट्टा ओपेन काष्ट परियोजना के विस्तारीकरण हेतु ग्राम सभा किया जा रहा है। इस विस्तारीकरण में रोहिणी करकट्टा ओपेन काष्ट 863.29 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र का सिमांकन कर पिलरिंगएओपेन काष्ट विस्तारीकरण में कुल रैयतवार रैयतीए गैरमजरूआ एवं वन भूमि का विस्तार पूर्वक ग्रामीणों के समक्ष रखेएपूर्व में रोहिणी केडीएच से विस्थापित को बिरसा नगर धमधमियों में बसाया गया है उनको पुनः पुर्नवासित किया जायगा या नहीं दुब बस्ती में 32 वर्षो से रह रहे हैं। उनको पुनर्वास का लाभ का क्या प्रवधान हैं।

# ओरमांझी की दिव्यानी लिंडा बनी भारतीय फुटबॉलर

### चार देश के मैच में खेलने का अवसर मिला, आज होगा नागरिक अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र चंदरा की बेटी दिव्यानी लिंडा का अंडर-16 भारतीय फुटबालर बन गई है। वह चार देश भारत, बंगलादेश, भुटान व नेपाल के बीच आयोजित चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से खेलने नेपाल गई थी। वह सोमवार को रांची लौट आई है, रांची लौटने पर गांव वाले उसका स्वागत करने रांची एयर पोट भी गए थे। मंगलवार को लौटने पर दिव्यानी लिंडा का गांव में ग्रामीणों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इसकी तैयारी गांव में की जा रही है। बताया गया की दिव्यानी लिंडा 14 वर्ष एक काफी गरीब परिवार से है। वह सदमा प्रोजेक्ट प्लस टू स्कूल सदमा की 9वीं कक्षा की छात्रा है। उसके मजूदर पिता सुखदेव उरांव का निधन दो वर्ष पूर्व ही हो गया है। उसकी मां मजदूरी कर घर चलाती है। तीन बहनों में वह सबसे बड़ी है। उसका एक चार वर्षी भाई दिव्यांग है। वह गिर गया था, और आर्थिक तंगी के कारण मां उसका उपचार नही करा सकी। अब दिव्यानी लिंडा का भारतीय टीम में चयन हो गया है। उसकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है।



फुटबाल खेलती दिव्यानी लिंडा।

### कोच की नजर पड़ी तो बदली किस्मत

बताया गया कि दिव्यानी लिंडा डिफेन्डर की एक मजबूत खिलाड़ी है। चंदरा के पहाड़ टुंगरी स्थित आमझरिया में गांव की लड़कियों को फुटबाल खेलते देख, वह भी साथ खेलने लगी। गांव के ही अनमोल मुंडा सभी को फुटबाल खेलना सिखता है। उसके खेल में निखार देख उसे भी ग्रामीण क्षेत्र के फुटबाल प्रतियोगिताओं में खेलाने लगा। एक प्रतियोगिता के दौरान ही चरदी टीम के कोच अनुरूल हक ने खेलता देख दिव्यानी लिंडा को अपने टीम के साथ जोड़ लिया। भारतीय अंडर-16 टीम के चयन में उसने भी ट्राईल दी थी। उसके मजबूत डिफेंस तकनिक देख कर ही उसे भारतीय टीम में चयन हुआ।

## साकची रामलीला मैदान में भागवत कथा के तीसरे दिन बोले सर्वज्ञानंद महाराज

# भगवान ने तीन पग दान मांग राजा बलि का तोड़ा अभिमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची श्री रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को व्यास पीठ से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्री बलि वामन भगवान प्रसंग में भगवान विष्णु के पांचवे अवतार की सुंदर कथा भक्तों को सुनाई। कहा भगवान की लीला अनंत है और उसी में से एक वामन अवतार है। उन्होंने कहा कि राजा बलि के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान ने वामन अवतार लिए।

राजा बलि की परीक्षा ली और तीन पैरों में सारा संसार नापकर अपने असली रूप का दर्शन दिया। कथावाचक ने कहा कि दैत्यों का राजा बलि बड़ा पराक्रमी था। उसने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। वामन रूप में विराजमान भगवान विष्णु राजा बलि के यहां पहुंचे। बलि से उन्होंने कहा राजा मुझे दान दीजिए। मुझे तीन पग धरती चाहिए। दैत्यगुरु भगवान की महिमा जान गए और बलि को दान का संकल्प लेने से मना किया। बलि ने कहा यदि यह भगवान हैं तो भी मैं इन्हें खाली हाथ नहीं जाने दे सकता। भगवान वामन ने एक पग में बलि का राज्य और दूसरे पग से स्वर्ग का राज नाप लिया। अगला भगवान ने कहा तीसरा पग कहां रखूं। इसके बाद उन्होंने राजा से कहा कि अब मैं तीसरा पग कहां रखूं? ये सुनकर राजा बलि का अहंकार टूट गया। तब बलि ने कहा कि तीसरा पग आप मेरे सिर पर रख सकते हैं। बलि की दान वीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए और उसे पाताल लोक का राजा बना दिया। प्रसंग सुनकर श्रोता जयकारे लगाने लगे।


कथा सुनाते सर्वज्ञानंद महाराज।

श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा में चौथे दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजे से महाराज जी श्रीकृष्ण लीला, श्री गोवर्धन पूजा, झूला उत्सव, छप्पन भोग, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की कथा का विस्तार से प्रसंग सुनायेगें। तीसरे दिन सोमवार को यजमान क्रमशः गीता-डा. डीपी शुक्ला, सुनीता-नवल झा, रानी-संतोष पांडेय थे।

**इनकी रही उपस्थिति :** कथा में प्रमुख रूप से रामफल मिश्र, गोपी बाबू, शंकर सिंघल, रामकेवल मिश्र, अनिल कुमार चौबे, मनोज कुमार मिश्र, पवन अग्रहरी, रोहित कुमार मिश्र, सुरेश पाण्डे, मगन पाण्डे, महेश तिवारी, अवधेश मिश्र, द्वारिका प्रसाद, प्रमोद खंडेलवाल, प्रदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में पधारकर प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा निष्ठा एवं भाव पूर्वक प्रभु कथा का रसपान किया गया। इस भागवत कथा के आयोजन में स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट विशिष्ट सहयोगी है।

## एक नजर में

### बहनों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का प्रज्ञा महिला मंडल के बहनों ने गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में महिला दिवस मनाया। मौके पर सर्वप्रथम परिवार के बरिष्ठ बहनों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन व वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मंच से अगले वर्ष महिला मंडल टाटानगर की बहनों द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों पर बिचार विमर्श किया गया। परिवार के बरिष्ठ और सक्रिय बहनों ने नारी सशक्तिकरण पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। साथ ही 20 से ज्यादा बुजुर्ग और सक्रिय बहनो को गायत्री मंत्र का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला महिला प्रतिनिधी बहन मंजू मोदी और बहन रेखा शर्मा ने किया। अंत में विश्व शांति हेतु नारी सशक्तिकरण दीप महायज्ञ सम्पन्न किया गया। मंच संचालन बहन रंजीता राय ने किया। इसमें जमशेदपुर के मानगो, साकची, कदमा, सोनारी, बारीडीह, टेल्को, बिरसानगर, नामदाबस्ती, परसुडीह, गोविंदपुर के बहनों ने भाग लिया।

### एसडीओ पारुल सिंह का सामाजिक संगठनों ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह के पदभार ग्रहण करने पर पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संस्था सहित समाजसेवी लोगों ने मेमोंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किये। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार भी किये। सर्वप्रथम सामाजिक संस्था हमारी आवाज के तत्वावधान संस्था की अध्यक्ष चंदन जायसवाल के नेतृत्व में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मोमेंट, पंचायत प्रतिनिधि पंसस सुनील गुप्ता के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ, उप मुखिया मुकेश सिंह के नेतृत्व में श्री राम का फोटो, सामाजिक संस्था समर्पण ने छवि विश्वकर्मा एवं कुमुद शर्मा के नेतृत्व में बुके प्रदान कर सम्मानित किया।

### आइपीएलएफ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश मसीह व महासचिव बने कौस्तब दत्ता



**जमशेदपुर।** इंडियन पावर लिफ्टिंग फेडरेशन की वार्षिक आम सभा विष्टुपुर मिलनी प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। सभा कि शुरूआत महावीर बजरंगबली व भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुआ। फेडरेशन के महासचिव कौस्तब दत्ता ने पिछले वर्ष की कार्यो को सभी सदस्यों के समक्ष रखा। सभा में सर्वसम्मति से नई कमेटी के लिए निर्वाचन सम्पन्न हुआ जिसमें 2024 से 2028 की कार्यकारिणी समिति में संरक्षक राजेश शुक्ला, अध्यक्ष सत्यप्रकाश मसीह, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, माणिक तोसरे, एस भगवती, महासचिव कौस्तव दत्ता, संयुक्त सचिव राहुल शुक्ला, संपा गुहा, कोषाध्यक्ष निश्चल खेरकेड, जोनल सचिव पश्चिम दीपाली कुलकर्णी, जोनल सचिव दक्षिण एम रमेश पालरिया, जोनल सचिव उत्तर धीरेंद्र सिंह, जोनल सचिव पूर्व के गुप्ता को निर्वाचित किया गया।

### इनर व्हील क्लब ने छात्राओं को किया जागरूक



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने टिनप्लेट यूनियन महिला में विशेष रूप से युवा लड़कियों के लिए डाक विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज। गोलमुरी डाकघर की युवा और जीवंत महिला पोस्ट मास्टर अनामिका ने अपने सह कर्मचारियों के साथ बचत और जमा के लिए डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। महिला सशक्तिकरण पर हमारे पीपी रमा खन्ना और वरिष्ठ सदस्य मंजरी भट्टाचार्य बताया कि कैसे महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता के साथ अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं और परिवार और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विषय पर कॉलेज की युवा लड़कियों के साथ एक प्रश्न/उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया।

### बिरसानगर-1 बी आंध्र गणेश मंदिर प्रांगण में सुलभ शौचालय का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** सोमवार को बिरसानगर मंडल अंतर्गत जोन नंबर 1बी में आंध्र समिति गणेश मंदिर के कैंपस में सुलभ शौचालय का शिलान्यास जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के एम चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, शंकर कर्मकार, जयप्रकाश सिंह, नंदिता घाघरा, सरस्वती कर्मी, अमरजीत सिंह, एसएन मिश्रा, प्रेम रंजन घोष, प्रदीप राय, संजय कालिंदी, रेणु देवी, दीप्ति पटेल के अलावा मंदिर के गणमान्य सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

### प्राथमिक विद्यालय, तुरामडीह में लगा हेल्थ कैंप



**जमशेदपुर।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय तूरामडीह में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वच्छता कार्यक्रम के तहत विद्यालय में पढ़ रहे सभी छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य की जांच डॉ सबीहा कौसर सी एच सी जुगसलाई ने की एवं जरूर मंद बच्चों को दवा दी। उक्त कार्यक्रम प्रधानाध्यापक लालमोहन वोयपाई सहायक शिक्षक करण मुर्मू के द्वारा आयोजित किया गया। वहीं शिक्षा विभाग से आए हुए क्लस्टर रिसोर्स पर्सन संजय कुमार ने कहा कि मेडिकल जांच से बच्चों मे यह पता चल पाएगा कि किस नेचर का रोग या नि:शक्ता सकता है। डॉ सबीहा कौसर ने वहां आए ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं को निम्नलिखित लक्षणों की जानकारी दी। अंत में सभी रोगियों को दवा दी गई।

### एलआइसी की महिला अभिकर्ता हुईं सम्मानित

**जमशेदपुर।** एलआईसी जमशेदपुर मंडल के अंतर्गत आदित्यपुर शाखा के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पुरे भारत वर्ष में लगभग 14 लाख अभिकर्ता है , जिसमे महिलाओ की अच्छी भागीदारी है। इसी क्रम में महिलाएं अपने घर परिवार को देखते हुए, सामाजिक जीवन में अपनी भागीदारी दिखाते हुए वो भारत की विकास में अपनी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम में कुल 47 अभिकर्ता है जिसमे 23 अभिकर्ता महिला है तो जिस तरह से हर जगह महिला कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। उसी तरह से फिल्ड के इन बाधायो को पार करते हुए बीमा का भी कार्य अच्छे से करती है । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन महाशिवरात्रि में सभी महिलाएं उपवास में थी, इसलिए आज मनाया गया जिसमे टीम के लीडर धर्मेंद्र कुमार ने अपने टीम की महिलाओं को अंगवस्त्र देकर और मिठाई खिला कर सम्मानित किया।

## स्पीड न्यूज

### मोदी मतलब संकल्प पूरा होने की गारंटी



**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार द्वारा भारत में नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी होने पर जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने इस निर्णय का स्वागत किया है और हर्ष जाहिर किया। सोमवार शाम जारी प्रेस नोट के मार्फत दिनेश कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी का मतलब 'गारंटी' पूर्ण होने की गारंटी।

### पड़ोसी अल्पसंख्यकों को सुरक्षित करेगा सीएए



**जमशेदपुर।** भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण शर्मा काली ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून लागू करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे धार्मिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को गंभीर झटका लगेगा। भाजपा के 2019 घोषणा पत्र में सीएए लागू करने का संकल्प था। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक कदम उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### घोटाला से ध्यान हटाने के लिए लाया सीएए



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसवां विधानसभा के प्रभारी एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉल बांड के मुद्दे पर एसबीआई को कड़ी फटकार लगाई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं।

# उत्साह... टाटा से दौड़ते हुए अयोध्या रवाना हुए सन्नी, विशाल और अमन

- 820 किमी की दौड़ पूरी कर रामलला के दर्शन करेंगे तीनों दोस्त
- सनातन उत्सव समिति ने उत्साही तीनों युवाओं को किया रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


तीनों धावकों को रवाना करते सनातन उत्सव समिति के पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित यूपी सरकार के प्रति आभार जताने और देश भर के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जमशेदपुर के तीन युवा धावक दौड़कर 820 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे और अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। ये युवा धावक हैं सन्नी तिवारी, विशाल तिवारी और अमन कुमार । उनके इस जागरूकता दौड़ में उनके तीन मित्र क्रमशः अनुराग कुमार, पीयूष सोनी और मनीष कुमार झा सहयोगी की भूमिका में पूरे यात्रा में साथ चलेंगे।

सनातन उत्सव समिति के सौजन्य से यात्रा के लिए एक कार का सहयोग उपलब्ध कराया गया है जिसमें भोजन, कपड़े, दवा सहित अन्य जरूरी सामान साथ होंगे। सोमवार सुबह आठ बजे साकची स्थित हनुमान मन्दिर में पूजा के उपरांत सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह, वीर सिंह, अंकित आनंद एवं अन्य सदस्यों की मौजूदगी में युवा धावकों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साह वर्धन किया और दौड़ यात्रा के मिशन पर रवाना किया गया।

820 किलोमीटर लंबी जागरूकता दौड़ पर निकले युवा धावक सन्नी तिवारी, विशाल तिवारी और अमन कुमार सिंह ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि हमारी आस्था का केंद्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों का ही प्रतिफल है कि 500 वर्षों के लंबे इंतेजार के बाद हिंदू आस्था की जीत हुई है और श्रीराम लला की नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण हुई है। युवा धावकों ने बताया कि युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस दौड़ के माध्यम से संदेश देने का प्रयास है। कहा कि आज के बच्चे और युवाओं का अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर में व्यतीत होता है वहीं बड़ी संख्या में युवक नशाखोरी कर रहे हैं। शारीरिक क्रिया और खेलों के प्रति उनकी अभिरुचि कम हुई है जिससे अधिकांश युवा विभिन्न रोगों के शिकार हो रहे हैं।

### संजय दास ने सरायकेला के 15वें एडीसी का पदभार लिया



**सरायकेला/जमशेदपुर।** संजय कुमार दास ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले के 15वें अपर उपायुक्त के रूप में रविन्द्र गगराई से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कार्यालय प्रकोष्ठ में एक परिचयात्मक बैठक में अपने अधीनस्थ कार्यालय के कर्मचारियों के साथ बातचीत की। तथा पदाधिकारियों/कर्मचारियों से सार्वजनिक महत्व के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जनहित मे कई कल्याणकारी योजनाए संचालित कर रही है, हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिले तथा योजनाओं को निश्चित समयावधि में क्रियान्वयन कर सकें।

### सीएए का होगा विरोध केंद्र की नियत खराब

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया माइनोरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट के केंद्रीय महासचिव बाबर खान ने आज आह्वान किया कि सभी लोग एनपीआर, एनआरसी, सीएए का बायकॉट करें। केंद्र की सरकार ने भारत में नगरिक संशोधन बिल सदन से पास कर इस पर काम आरम्भ कर दी है। अब फिर से एक बार इन पर राजनीति होगी और एक खास समाज के लोगों को नागरिकता से वंचित रखा जायेगा।

### खेत पटाने गयी वृद्ध महिला का शव मिला

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के लेंगडीह गांव निवासी एक 61 वर्षीय वृद्ध महिला का अर्धनग्न अवस्था में क्षत विक्षत शव गांव के ही खेत से मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक महिला का पहचान लेंगडीह गांव निवासी बिमला महतो के रूप में हुई है। महिला के पति का नाम गंगाधर महतो है और दोनों का एक दिव्यांग बेटा है। बताया जा रहा कि रविवार शाम चार बजे महिला खेत मे पानी देने गयी थी जो घर नहीं लौटी।

### हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रमिक संघ ने निकाली न्याय यात्रा

**चांडिल।** झामुमो की श्रमिक इकाई झारखंड श्रमिक संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के खिलाफ रविवार को पारंपरिक हथियार तीर-घनुष के साथ न्याय यात्रा निकाला। झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव शैलेन्द्र मैथी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एनएच 33 चौका के पोड़का कटिंग से लेकर उरमाल चौक तक पैदल न्याय यात्रा निकाली। शैलेन्द्र मैथी ने कहा कि भाजपा ने एक गहरी साजिस के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने का काम किया है। मौके पर प्रफुल्ल सिंह मुंडा, कोकिल सिंह मुंडा, सुधाकर गोप, भरत सिंह मुंडा, खुदीराम सिंह मुंडा, ताजेराम मांझी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गदड़ा में मनाया गया महिला दिवस

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गदरा ऊर्जा महिला ग्राम संगठन ने सोमवार को उत्तर पूर्व गदरा पंचायत भवन में एक कार्यक्रम किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र की जिला परिषद कुसुम पूर्ती शामिल हुई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी हैं। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है लेकिन फिर भी आज महिलाओं को सभी क्षेत्रों में भागादारी निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए शिक्षा और जागरूकता को मुख्य आधार बताया। अध्यक्षता गदरा ऊर्जा महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष सुमन देवगम ने की।

# चांद दिखा, आज से माह ए रमजान

- बिजली विभाग के जीएम से मिले कांग्रेसी, बिजली की निर्वाह आपूर्ति की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार की शाम चांद दिखते ही जमशेदपुर में रमजान को लेकर मुस्लिम समाज में खुशियों की लहर दौड़ गयी। बुधवार से रोजा शुरु हो जायेगा। इसके साथ ही शहर में पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर इफ्तार की दावत का दौर शुरु होगा। मुस्लिम परिवार के महिला पुरुषों ने शाम से ही फल,शर्बत एवं इफ्तार के समय उपयोग किये जाने वाले सामानों की खरीददारी शुरु कर दी। इधर,पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के जनरल मैनेजर श्रवण कुमार को ज्ञापन सौंपा। जनरल मैनेजर श्रवण कुमार को कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्याय सह पश्चिम जमशेदपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता रियाजुद्दीन खान ने बताया कल 12 मार्च से रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना शुरू होने जा रहा है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग बहुत निष्ठा और आस्था के साथ अल्लाह की इबादत करते हैं। इस महीने में अफ्तारी, तरावी और सेहरी का बहुत ही अहतमाम किया जाता है। अफ्तारी और तरावीह के नमाज के समय शाम 5:30 बजे से लेकर रात 10:30 बजे तक और सेहरी के समय अहले सुबह 3 से लेकर सुबह 6 तक लाइट नहीं काटा जाए। मैनेजर सरवन कुमार ने आश्वासन दिया है इन टाइम में लाइट नहीं काटा जायेगा। किसी कार्य वंश कुछ प्रॉब्लम आ जाता है तभी लाइट काटा जा सकता है।


जेएसइबी के जीएम श्रवण कुमार को मांग पत्र सौंपते मौलाना अंसार और रियाजुद्दीन खान।

### केबुल बस्ती के समाजसेवी यमुना चौधरी का निधन

**जमशेदपुर।** केबुल बस्ती निवासी समाजसेवी यमुना चौधरी का सोमवार को टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 80 साल के थे। वे केबुल और आसपास समाजसेवा में समर्पित थे। ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने श्री चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भगवन उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को दुःख सहन करने की क्षमता दें।

### गणिनाथ सेवा संस्था मी मदद से 250 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्त जागरूकता अभियान के तहत लगातार रक्तदान एवं एसडीपी दान हो रहा है, जिस क्रम में इस सप्ताह दो रक्तदान शिविरों से 8 को रेड क्रॉस भवन में तथा 10 को गणिनाथ सेवा संस्थान के सहयोग से 250 यूनिट रक्तदान एवं जरूरत के अनुसार 2 एसडीपी दान हुआ। रेड क्रॉस के एसडीपी एवं कंपोनेंट डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# 105 महिला कर्मचारी सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने बेल्डीह क्लब मेन हॉल में एक जीवंत कार्यक्रम आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जहां 105 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर निवेदिता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में उपस्थित थीं, जिससे उत्सव में प्रेरणा का स्पर्श जुड़ गया। विशेष आमंत्रितों में छह बार की स्टेट चैंपियन, निपुण सुश्री नेहा तंतुबाई और बॉक्सिंग में तीन बार की स्टेट चैंपियन सुश्री स्निग्धा श्री शामिल थीं। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितु राज सिन्हा ने उत्साही सभा को संबोधित किया साथ ही, कार्यस्थल में महिलाओं के महत्व पर जोर दिया और उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह की शुरुआत एक हर्षोल्लासपूर्ण केक काटने के साथ हुई, साथ ही कार्यक्रम में मौज-मस्ती और उल्लासपूर्ण खेलों से भरा एक जीवंत माहौल स्थापित हुआ।

# राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान 2024 से सम्मानित हुए डॉ शालिग्राम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को विज्ञान केंद्र ऑडिटोरियम नव्या फाउंडेशन एनजीओ साइंस सिटी दीघा में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि डॉ संजय कुमार कुलपति खुला विवि शिलांग एवं डॉ सुब्रत राय एसोसिएट प्रोफेसर बंगाल सरकार ने डॉ शालिग्राम मिश्र को राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान 2024 से सम्मानित किया। यह सम्मान डॉ मिश्र को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान पर दिया गया। डॉ मिश्र ने महाभारत के पटकथा लेखक एवं उपन्यासकार राही मासूम रजा के उपन्यासों में ग्रामीण परिवेश और देश के विभाजन संबंधी समस्या को लेकर शोध लेखन प्रस्तुत किया है। मगही कविता लेखन; कई पत्र पत्रिकाओं में इनके कविता एवं शोध पर प्रकाशित हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनका उचित मार्गदर्शन, साथ ही कोरोना काल में यू ट्यूब चैनल के माध्यम से उच्च शिक्षा क्षेत्र में अहम योगदान के फलस्वरूप इन्हें इस उपाधि से सम्मानित किया गया।

# सीआइआइ यंग इंडियंस के हौसला कार्यक्रम में दिखी दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा

- सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम टेल्को में आयोजित हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हौसला में नौ स्कूलों के 135 दिव्यांग बच्चों की रही भागीदारी, दिखा जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





हौसला का उद्घाटन करते अतिथिगण और विजयी बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

**जमशेदपुर।** सीआईआई यंग इंडियंस के जमशेदपुर चैप्टर ने सोमवार को शहर के दिव्यांग बच्चों के हौसले को उड़ान दी। सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम टेल्को में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हौसला में नौ स्कूलों के 135 बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही।

यंग इंडियंस के जमशेदपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष दिव्यांशु सिन्हा, पुलकित झुनझुनवाला और ज्ञानोदय नोबेल एकेडमी की लीना आदेसरा ने रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों और स्पेशल स्कूलों के प्राचार्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के चेयर उदित अग्रवाल, को चेयर अंकिता नरेडी, कौशिक मोदी, मृदुल गोयल, शिल्पा धानुका, अंकित लोढ़ा, मोक्षिता गौतम, श्रुति झुनझुनवाला, आंचल खाड़िया के साथ अरका जैन कॉलेज और नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन श्याम कुमार शर्मा, स्वागत आंचल खड़िया और धन्यवाद ज्ञापन अंकिता नरेड़ी ने दिया।

**राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम करने वाले खिलाड़ी सम्मानित :** प्रतियोगिता के दौरान 22वें एशिया और 44वें राष्ट्रीय मास्टर एथलीट चैंपियनशिप के पदक विजेताओं और दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें एस के तोमर, ललिता राव, एमएल चटर्जी, एनसी देव, गोपाल राव, राजकुमार सिंह, जगन्नाथ बेहरा और डॉ विजय मोहन सिंह को शॉल, उपहार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली दिव्यांग नेहा को वेटलिफ्टिंग, सौम्या परवीन को पावरलिफ्टिंग में मिला।

# मनीष जायसवाल ने रामगढ़ के पूर्व विधायक से लिया आशीर्वाद

## भाजपा प्रत्याशी के लिए काम करेंगे : शंकर चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष हजारीबाग जायसवाल ने रविवार की देर शाम को अपने रामगढ़ जिले के तुफानी जनसंपर्क अभियान के दौरान रामगढ़ विधनसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शंकर चौधरी के आवास में जाकर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र का दौरा कर लौटने के क्रम में शहर के चट्टी बाजार में स्थित पूर्व विधायक शंकर चौधरी के आवास पहुंचे। यहां अपने अभिभावक तुल्य शंकर चौधरी से मनीष जायसवाल मिलकर उनसे लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की और उनका आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने मनीष जायसवाल को गले से लगाया तो मनीष जायसवाल ने शंकर चौधरी का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने मनीष जायसवाल को मिठाई खिलाई और जीत का आशीर्वाद दिया। विधायक शंकर चौधरी और भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के बीच विशेष चुनावी मंत्रणा भी हुई। पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आश्वासन दिया कि उनके चुनाव में जमकर काम करेंगे। उन्हें ज्यादा से ज्यादा वोट से जीत दिलाएंगे ।



# मुठभेड़ में पुलिस ने टीपीसी को दिया करारा जवाब : डीआइजी

### डीआइजी ने एसपी अरविंद सिंह को जांबाज कप्तान बताया

## कई हथियार और पांच मोटरसाइकिल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव के गुडकुवा पहाड़ी जंगल में रविवार को हुई मुठभेड़ में पुलिस ने टीपीसी उग्रवादियों को करारा जवाब दिया। टीपीसी का एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप जी पुलिस को भारी पड़ता देख सहयोगियों के साथ भाग निकला। हालांकि, पुलिस ने उग्रवादियों को खदेड़ते हुए उनके पांच मोटरसाइकिल और राइफल सहित कई दस्तावेजों को बरामद कर लिया। डीआईजी सुनील कुमार प्रभाकर ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रताप जी उर्फ दिवाकर गंझू का दस्ता बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गुडकुआं पहाड़ जंगल में छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने उग्रवादियों को घेराबंदी कर ली। इस दौरान एक पहाड़ के टीले से अंधाधुंध फायरिंग होने लगी। पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई की। इस बीच घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर उग्रवादी भाग गए। एक उग्रवादी घायल हुआ है। डीआईजी ने बताया कि कांड में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अर्जुन गंजू, विपिन लोहार, सूरज भूईया उर्फ चक्कू उर्फ नढा को गिरफ्तार किया गया है। यह तीनों आरोपित रांची के थाना बुढ़मू के रहने वाले हैं। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक को जांबाज कप्तान बताया है। 303 पुलिस राइफल एक, 303 राइफल का मैगजीन एक, 303 राइफल मैगजीन सहित चार, 303 राइफल का खोखा, 9 एमएम का देसी पिस्तौल दो, 9 एमएम देसी पिस्तौल का मैगजीन तीन गोली एक, पिस्तौल का खोखा एक, 7.65 बोर का पिस्टल मैगजीन एक, 7.65 बोर का लोडेड माया 6, पांच मोटरसाइकिल,एवं अन्य कागजात, टॉर्च एक, सात मोबाइल, चार कंबल, और सामग्री भी पुलिस बरामद किया है।



## रिटायर्ड सीसीएल कर्मी का शव मिला

**भुरकुंडा (रामगढ़)** । सौंदा डी कोलियरी के सीसीएल क्वार्टर में में सीसीएल कर्मी का शव मिलाहै। मृतक की पहचान 73 वर्षीय बबन राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सौंदा डी के बंद सीसीएल अस्पताल के पीछे मोहनिया कॉलोनी में सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी बबन राम अकेले रह रहे थे। परिवार के अन्य लोग पैतृक गांव मोहनिया (बिहार) में रह रहे थे। सोमवारसुबह क्वार्टर से दुर्गंध आने के बाद लोगों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन नहीं खुला। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा।क्वार्टर के रूम में बबन राम का शव फर्श पर मिला। शव की स्थिति देखकर कयास लगाया जा रहा है कि बबन राम मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी। घटना की जानकारी बबन राम के परिजनों को दी गई है। परिजनो के सौंदा डी पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा जाएगा।

# बड़कागांव में लगा तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर



बड़कागांव। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा आसपास के गांव के बच्चों के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन फरवरी से किया जा रहा है। इन बच्चों को प्रशिक्षण में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े और ये सभी तीरंदाजी प्रशिक्षण बेहतर ढंग से ले पाएं इस वजह से परियोजना के द्वारा सभी को ट्रैकसूट, जूते एवं अन्य प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री वितरित की गई। प्रशिक्षण के जरूरी सामान मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला। सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि हम सब पूरी लगन और मेहनत के साथ तीरंदाजी का प्रशिक्षण लेंगे और अपने पूर्व की छात्रों की तरह हम भी जिले एवं राज्य स्तर पर पदक जीतेंगे। बच्चों को ट्रैक सूट एवं अन्य सामग्री का वितरण परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने अपने हाथों से किया। उन्होंने इस विशेष मौके पर कहा की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए आप सभी बच्चे खूब मेहनत करें और जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें। उन्होंनेदोहराया कि प्रशिक्षण के लिए जिन भी चीजों की आवश्यकता होगी वह हम अवश्य मुहैया करवाएंगे। परियोजना प्रमुख ने प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से प्रोग्रेस के बारे में जाना। प्रशिक्षण के अलावा पकरी बरवाडीह पिछले कई वर्षों से निरंतर तीरंदाजी प्रशिक्षण आसपास के गांव के सैकड़ो बच्चों को देता आ रहा है जिससे यहां की कई बच्चों ने जिला एवं राज्य स्तर पर पदक जीतकर माता-पिता का नाम रोशन किया है। दो प्रशिक्षित कोच के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है ।मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा के अलावा भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यान उप महाप्रबंधक फ्फ संजीत सेनापति के अलावा एनटीपीसी के अधिकारी मौजूद थे।

## ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख करे केंद्र सरकार : मुखर्जी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महासचिव सनत मुखर्जी ने रविवार की शाम सौंदा डी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी के साथ बैठक की। मुखर्जी ने क्षेत्रीय कमेटी के साथ यूनियन का विस्तार और मजबूती के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिये ग्रेच्युटी की सीमा बीस लाख से बढ़ाकर पच्चीस लाख कर दिया है। श्री मुखर्जी ने हुए कहा कि सरकार कोल इंडिया और औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरो के लिये भी बिना भेदभाव के ग्रेच्युटी सीमा पच्चीस लाख करने की घोषणा करे। मौके पर बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, भुन्नू सिंह, राजेंद्र यादव, प्रवीर चटर्जी, अजय कुमार सिंह, दिलीप जयसवाल, गोविंद करमाली, आशीष गुप्ता, जयदेव गुप्ता, सरेश यादव, मो अली इमाम, प्रमोद ठाकुर, राजेंद्र मुंडा, भरत सिंह, राकेश सिंह, कौशल सिंह, राजेंद्र नायक, बबिता सिंह, रामवृक्ष तुरी, दीपक कुमार, रंजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# जेएम कॉलेज के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### ▸▸ घर व आसपास के क्षेत्र को सफाई सभी का दायित्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत भवन में रविवार से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही योग पर बल देते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इसके पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी शीला सिंह के नेतृत्व में प्रातः वंदना और योग के साथ दूसरे दिन की शिविर की शुरूआत हुई। इसके बाद पंचायत के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक अंजली, निरंजन और हसनैन ने स्वच्छता के बारे में स्थानीय लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए साफ-सफाई बेहद जरूरी है। अपने घर व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। शिविर को सफल बनाने में निधि, अर्जुन, सुरूचि, सिराज, तन्वी, अंजली सोनकर, आरती, आस्था, सुमन, स्नेहा, प्रिया, प्रियांशु, आयुष, पारूल, मुस्कान, नमन सहित अन्य स्वयंसेवक जुटे हैं। मौके पर कृष्णा, नुरजहां, शीतल, आशा, सीमा सहित दर्जनो ग्रामीण मौजुद थें। इसके पूर्व रविवार को सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया का शुभारंभ पंचायत के मुखिया विकास कुमार पांडेय, नुरजहां और कार्यक्रम पदाधिकारी शीला सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर के प्रथम दिन स्वयंसेवको ने कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी शीला सिंह ने एनएसएस के सात दिनो के कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारियां दी। कार्यक्रम में स्वयंसेवक पारूल और आस्था ने एनएसएस के उदेश्यों के बारें में प्रकाश डाला। वहीं तन्वी प्रिया ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रथम दिन राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर मुखिया विकास कुमार पांडेय ने कहा की स्वयंसेवको का कार्य ही जागरूकता फैलाना है। उन्होंने स्वयंसेवको के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




स्पीड न्यूज

## दामोदर महिला संघ के महाधिवेशन का अरुण साहू ने किया उद्घाटन



पदमा। रोमी मैदान में दामोदर महिला मंडल संघ पदमा हजारीबाग के 33 वें महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि सामिल हुए तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू पदमा प्रमुख वीणा देवी रोजी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता दामोदर महिला मंडल के अध्यक्ष नीलम देवी ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता शामिल हुए। बसंत मेहता ने कहा कि आज पूरे देश में महिलाओं की आबादी लगभग बराबर है और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी हो मौके पर दामोदर महिला मंडल के अध्यक्ष नीलम देवी, पदमा प्रमुख बीना देवी, पदमा जिला परिषद बसंत नारायण मेहता, सरैया पंचायत मुखिया शांति देवी, पदमा मुखिया अनिल मेहता, रोमी मुखिया पति सुनील मेहता, रोमी पंचायत समिति शारदा देवी, तिलेश्वर साहू सेना के पदमा प्रखंड युवा अध्यक्ष गोविंद मेहता, अशोक राणा सहित महिला मंडल की सैकड़ों माताएं-बहने मौजूद थी।

## दारू पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**दारू।** दारू थाना अंतर्गत इरगा पंचायत के चिरुवा निवासी इंदु कुमार साव पिता स्वर्गीय राम प्रसाद साव को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया । इंदु साव 2010 में मुफस्सिल थाना में 307 धारा के साथ अन्य धारा में अभियुक्त थे । पिछले कई वर्षों से वे इस केस में वारंटी थे जिन्हें सोमवार की सुबह दारू थाना के नए थाना प्रभारी शफीक खां ने उनके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । शफीक खां ने बताया कि पुराने जितने मामलों में जिनके नाम की भी वारंट है उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा तथा पुराने लंबित मामलों को अतिशीघ्र निपटारा किया जाएगा।

## झरपो पंचायत भवन में ग्राम सभा

**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत भवन परिसर में स्थानीय मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी के अध्यक्षता और पसंस सह टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल के उपस्थिति में 11 मार्च सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024 – 2025 में झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मनरेगा ,पेंशन,पशुधन योजना,आम बागवानी ,शौचालय, पनसोखा,कूप मरम्मती, गढ़वाल निर्माण सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू ढंग से लाभुको के बीच मुहैय्या कराने को लेकर बुधवार को ज्ञापांक 307 दिनांक 9/3/2024 के आलोक में ( ऋढउ्ढ) के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक संतोष राम ने किया । बैठक के दौरान रोजगार सेवक ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यह योजना कार्य राज्य सरकार के निर्देश और टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है । जो योग्य लाभार्थी है वे ग्राम सभा में स्वेक्षा पूर्वक योजनाओ को अंकित करवाए ताकि समयानुसार योजना कार्य को सफल बनाया जा सके। मौके पर उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा वार्ड सदस्य रवि यादव,केदार गौरव, मुन्नी देवी, निर्मल प्रसाद,संगीता देवी,सोनी कुमारी, प्रीति देवी,कंचन कुमारी,बद्री भुइंया,बासुदेव प्रसाद,जमुना भुइंया,उर्मिला देवी ,जमुना सिंह, आरती देवी,गणेश राम,आरती देवी,कैलाश राम,गणेश राम,मनीष कुमार,ऋषि कुमार,किशुन महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे ।

## महिलाओं को रोजगार देगा उज्वला फाउंडेशन : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में सोमवार को बोंगावार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि धैर्य से लिया गया फैसला कभी असफल नही होता है। इसलिए महिलाएं घबराएं नहीं। क्योंकि महिलाओं के रोजगार को लेकर फाउंडेशन हर तरह से प्रयासरत है। इससे पूर्व महिलाओं ने मासिक कार्यों की समीक्षा करते हुए अपनी लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। प्रजापति के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों भाजपा के विकास योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर जागो महतो, कौलेश्वर महतो, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, निमा देवी, भूखली देवी, सुकर देवी, सुनीता कुमारी, अंजू देवी, सीता देवी, कमली देवी के अलावे जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी आदि मौजूद थे।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ओटी का उद्घाटन

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के आर्थो विभाग में डीएमएफटी मद से तैयार मॉड्यूलर ओटी का सोमवार को उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने जिला प्रशासन को ऐसे ही नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार स्तर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को भी मरीजों के बेहतर देखभाल के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि 62.13 लाख रुपये की लागत से बने आधुनिक मॉड्यूलर ओटी के अधिष्ठापन से अब हड्डी रोग संबंधी समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा।

एक नजर में

## मुरपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुला



**कुजू।** मांडू प्रखंड के कुजू पूर्वी पंचायत के मुरपा में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने किया। श्री प्रसाद ने कहा कि फिलहाल केंद्र में ओपीडी सेवा शुरु किया जा रहा है। जैसे-जैसे मरीजो की संख्या बढ़ेगी इसमें और भी सेवाएं बहाल किया जाएगा। ओपीडी सेवा रविवार छोड़ रोजाना सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। बाद में उन्होंने केंद्र के विभिन्न कमरों को देखा। वही दुर्घटना में घायल का प्राथमिक उपचार किया जाएगा। जबकि प्रसव को लेकर अभी कोई व्यवस्था नही है। इस अवसर पर डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, सिविल सर्जन मेडिकल ऑफिसर डॉ नीतेश कुमार, डाटा मैनेजर रश्मि आनंद, सीएचसी प्रभारी रश्मि रोमिला सांगा, बीपीएम राहुल कुमार, सैयद नकी अहमद, डॉ रुबीना, रंजीत कुमार, राजद जिलाध्यक्ष मो गुलजार, मुखिया ललिता देवी, प्रतिनिधि अशोक कुमार, बादल कुमार, सुभाष कसेरा, प्रदीप महतो, सुनीता राय, राज कुमारी, तन्नू कुमारी, प्रेमा कुमारी, ममता कुमारी, बंधु ठाकुर, सुधीर सिंह, ओमकार, सुनीता देवी, शहनाज, आशा देवी, बबीता, अनिता देवी, सावित्री देवी आदि मौजूद थे। मुरपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुला

## हॉस्पीटल कॉलोनी भंडारा में उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार शाम शिव मंदिर समिति हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुंडा के तत्वावधान में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा में सैंकड़ो श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण कियामनोज राम ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा की प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए सबों को प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। भंडारा को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, विजय कुमार, रविन्द्र कुमार, अजित कुमार, रवि कुमार सिंह, शिवा कुमार, विशाल कुमार, दिलीप सिंह, संदीप कुमार, दानिश कुमार, आकाश कुमार, भरत करमाली सहित अन्य लोगो ने सराहनीय योगदान रहा।

## रेलवे ने स्टेशन रोड से कई दुकानों को हटाया

**रामगढ़।** रेलवे ने सोमवार को बिजुलिया मेन रोड से रामगढ़ कैंट स्टेशन जानेवाले मार्ग से कई दुकानों को जेसीबी की मदद से हटवाया। इस संबंध में बताया गया की लगभग 8-10 दुकान हटाए गये। अभियान के दौरान आरपीएफ व पुलिस बल के जवान तैनात थे। साथ ही स्थानीय लोग भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने बताया की अमृत स्टेशन योजना के तहत रामगढ़ कैंट स्टेशन का कायाकल्प होना है। इसलिए स्टेशन तक जानेवाले मार्ग का चौड़ीकरण होगा।

## पुराना बस स्टैंड में गड्ढों से हो रही दुर्घटनाएं

**रामगढ़।** पुराना बस स्टैंड में जहां तहां बने गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसकी चपेट में आकर यात्री घायल हो रहे है। गड्ढों के कारण दुर्घटना की चपेट में आए यात्रियों ने कहा कि पुराना बस स्टैंड में जगह जगह गड्ढें बन गए हैं। जिसकी मरम्मति की ओर छावनी परिषद ध्यान नही दे रहा है। यात्रियों ने कहा कि छावनी परिषद शीघ्र इन गड्ढों की मरम्मति करवाये ताकि यात्री इसकी चपेट में आने से बच सकें। वहीं, स्टैंड में जगह जगह गंदगी का भी अंबार लगा है। जिससे निकलने वाली बदबू से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है की छावनी परिषद गड्ढों की मरम्मति के साथ स्टैंड की साफ सफाई पर ध्यान दे।

## पेज एक का शेष

### प्रदीप वर्मा और सरफराज अहमद ने...





**उच्च सदन में जवाबदेह तरीके से अपनी भूमिका निभाएंगे :** नामांकन के बाद भाजपा नेताओं ने मीडिया से बातचीत के क्रम में उम्मीद जतायी कि प्रदीप वर्मा की जीत सुनिश्चित है। राज्यसभा चुनाव में निर्वाचित होने पर वे उच्च सदन में जवाबदेह तरीके से अपनी भूमिका निभाएंगे। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते प्रदीम वर्मा ने कहा कि भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, इसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। जिस तरह से एक मां अपने संतानों का ख्याल रखती है, वैसे ही पार्टी भी अपने कार्यकताओं का ख्याल रखती है। उन्होंने खुद को मूल रूप से झारखंड का निवासी बताया और कहा कि उनके पूर्वज लातेहार के बरवाडीह के रहनेवाले हैं। उनके दादा बाद में अंबिकापुर चले गये थे। इसके बाद वे यूपी चले गये। उनकी तीन पीढ़ी यूपी में जरूर रही है पर वे मूल रूप से यहीं के रहने वाले हैं। उनका परिवार झारखंड में रहता है। अब भाजपा ने उन पर भरोसा जताते राज्यसभा चुनाव के लिए अवसर दिया है। इसके जरिये वे राज्य हित में और इसकी सेवा का अपना प्रयास और मजबूती से जारी रखेंगे।

**विधानसभा से इस्तीफा देकर बनेंगे राज्यसभा सदस्य** : बताते चलें कि सरफराज अहमद ने पिछले साल 31 दिसंबर को झारखंड विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। अब, उनका देश के उच्च सदन का मेंबर तय है। इसके लिए उन्होंने गुरुवार को नामांकन पत्र भी खरीदा था। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 14 मार्च है। उनका कहना है कि इसके बाद ही कुछ कहना ठीक होगा। वैसे उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में निर्वाचित होने पर वे उच्च सदन में जवाबदेह तरीके से अपनी भूमिका निभाएंगे।

**झारखंड विधानसभा का ये है समीकरण :** झारखंड से राज्यसभा की कुल 6 सीट हैं। राज्य विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के 47 विधायक हैं। इसमें झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राजद का एक विधायक शामिल है। भाजपा के पास 26 और ऑल झारखंड स्टुडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के पास तीन विधायक हैं। दो निर्दलीय विधायकों के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के एक-एक विधायक हैं।

स्पीड न्यूज

## संविधान बदलने की साजिश कर रही है भाजपा : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए कहा है कि दोनों बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म कर देश का संविधान बदलने की साजिश कर रहे हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाना चाहते हैं। श्री खड़गे ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का सांसद खुलेआम कहता है कि पार्टी को संविधान बदलने के लिए लोकसभा में 400 का आंकड़ा चाहिए। उनका कहना था कि भाजपा इस बयान को गलत मानती है, तो उसे ऐसा कहने वाले सांसद को पार्टी से निकाल देना चाहिए।

## पाक में अयूब विपक्ष के नेता पद के उम्मीदवार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता के तौर पर उमर अयूब खान उम्मीदवार है। अयूब खान इमरान खान की पार्टी पीटीआई से हैं और उनको सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) का समर्थन है। वे दोनों पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। दोनों दलों ने शनिवार को नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक के कार्यालय में उमर का नामांकन दाखिल कराया।

## इजराइली अधिकारी का हत्यारा मारा गया

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या करने वाले आतंकवादी को एक हवाई हमले में मार गिराया है। आईडीएफ सैनिकों ने उस आतंकवादी पर हवाई हमले का निर्देश दिया जिसने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की गाजा में हत्या कर दी थी।

## अररिया में ओवर ब्रिज का पीएम ने किया उद्घाटन

**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाईन अररिया से रानीगंज जाने वाली एनएच 327ई पर अररिया नगर के वार्ड संख्या 6 में रेलवे फाटक के ऊपर बने 1.80 किमी ब्रिज का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ऑनलाईन माध्यम से इस ब्रिज उद्घाटन कार्यक्रम मे शामिल हुए।

## भाजपा सांसद कस्वां कांग्रेस में शामिल

**जयपुर।** भाजपा से टिकट कटने से नाराज चूरू से भाजपा सांसद राहुल कस्वां ने सोमवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर कस्वां ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# अग्नि-5 परमाणु मिसाइल का परीक्षण सफल

### चीन-पाक समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेगी स्वदेशी मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने सोमवार को मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित परमाणु सक्षम बैलिस्टिक अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्नि-5 मिसाइल के पहले उड़ान परीक्षण मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों पर गर्व जताया है।

चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण होने के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स

**▸▸ पीएम मोदी ने मिशन को दिव्यास्त्र बताकर वैज्ञानिकों को दी बधाई**

पर एक पोस्ट में बताया कि डीआरडीओ वैज्ञानिकों ने मिशन दिव्यास्त्र के तहत स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल की पहली उड़ान का परीक्षण कर लिया है। उन्होंने कहा कि मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल के पहले उड़ान परीक्षण के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है। पीएम मोदी ने अग्नि-5 मिसाइल को मिशन दिव्यास्त्र कहा है। इसका सीधा मतलब है कि यह मिसाइल




एक साथ कई टारगेट को हिट कर सकती है जबकि आम तौर पर एक मिसाइल में एक ही वॉरहेड होता है, जिससे एक ही लक्ष्य पर निशाना लगाया जा सकता है। चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का भारत ने पिछले साल

एमआईआरवी तकनीक एक एक्सो एटमॉस्फेरिक बैलिस्टिक मिसाइल पेलोड है, जिसमें शामिल कई वॉरहेड अलग-अलग प्रत्येक लक्ष्य को मारने में सक्षम होते हैं। वर्तमान में केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, रूस और चीन ने ही एमआईआरवी मिसाइल सिस्टम तैनात करने की पुष्टि की है। पाकिस्तान एमआईआरवी मिसाइल सिस्टम विकसित कर रहा है। इजराइल पर एमआईआरवी रखने या विकसित करने की प्रक्रिया में होने का संदेह है। एमआईआरवी प्रणाली के साथ कई लक्ष्यों के लिए एक साथ कई वॉरहेड तैनात किये जा सकते हैं, जो बाद में अलग होकर बम जैसा प्रभाव पैदा करके लक्ष्यों को नष्ट करते हैं। इस मिसाइल को डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से बनाया है। अग्नि-5 मिसाइल को लॉन्च करने के लिए मोबाइल लॉन्चर का उपयोग करते हैं। इसे ट्रक पर लोड करके किसी भी स्थान पर पहुंचाया जा सकता है। अग्नि-5 मिसाइल का पहला सफल परीक्षण 19 अप्रैल, 2012 को हुआ था। उसके बाद 15 सितंबर, 2013, 31 जनवरी, 2015, 26 दिसंबर, 2016, 18 जनवरी, 2018, 3 जून, 2018 और 10 दिसंबर, 2018 को सफल परीक्षण हुए। इस तरह अग्नि-5 मिसाइल के अब तक सात सफल परीक्षण हो चुके हैं।

### दिसंबर में 5500 किमी किया था टारगेट

दिसंबर में परीक्षण किया था, तब इसने टारगेट को 5500 किलोमीटर दूर जाकर ध्वस्त कर दिया था। मिसाइल की नई तकनीकों और उपकरणों को मान्य करने के लिए गेम चेंजर अग्नि-5 को सेना में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले भारत ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक से साथ परीक्षण किया है। इसकी फ्लाइट टेस्टिंग की तैयारी काफी पहले से की जा रही थी और इसके लिए ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 3500 किमी तक का क्षेत्र नो फ्लाई जोन घोषित किया गया था।



**प्रधानमंत्री ने 1000 नमो दीदियों को दिया ड्रोन**

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राजधानी के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में 1,000 से अधिक नमो दीदियों को ड्रोन भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने उन लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है।**

### मोदी ने एक लाख करोड़ की 112 एनएच परियोजनाओं का दिया सौगात, कहा

# सरकार के विकास कार्यों से घमंडिया गठबंधन की नींद उड़ी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार के विकास कार्यों से कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की नींद उड़ गई है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में देश में विस्तारित एक लाख करोड़ रुपये की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दिल्ली और गुरुग्राम के बीच बहुप्रतिक्षित द्वारका एक्सप्रेसवे का हरियाणा खंड भी शामिल है। 8 लेन द्वारका एक्सप्रेसवे का 19 किमी लम्बे हरियाणा खंड का निर्माण 4,100 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस परियोजना में 10.2 किमी लंबे दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर से बसई रेल-ओवर-ब्रिज (आरओबी) और 8.7 किमी लंबे बसई रेल-ओवर-ब्रिज (आरओबी) से खेड़की दौला तक के दो पैकेज शामिल हैं। यह दिल्ली और गुरुग्राम बाईपास में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से सीधे कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में हो रहे लाखों करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों से सबसे ज्यादा दिक्कत सिर्फ कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को है। उनकी नींद हराम हो गई है। इसलिए वो लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों करोड़ रुपये के काम कर रहा है। 10 वर्षों में देश इतना बदल गया लेकिन कांग्रेस और उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। इनके चश्मे का नंबर आज भी वही नकारात्मक सोच (ऑल नेगेटिव) है। उन्होंने कहा, 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। मोदी ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन और 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ देश के बुनियादी ढांचे के विकास में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। एक्सप्रेसवे ग्रामीण भारत के लिए बहुत सारे अवसर खोलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम, भारत को उतनी ही तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत भी बनाएगा। उन्होंने कहा, मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं।

## पाक की प्रथम महिला बनेंगी आसिफा भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने एक ऐतिहासिक फैसले में अपनी 31 वर्षीय बेटी आसिफा भुट्टो को औपचारिक रूप से देश की प्रथम महिला का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। प्रथम महिला का दर्जा आमतौर पर राष्ट्रपति की पत्नी को मिलता है, लेकिन साल 2007 में उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या हो गई थी। जरदारी ने भुट्टो की मृत्यु के बाद दोबारा शादी नहीं की और वह जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे तो उनके पहले कार्यकाल (2008 से 2013) के दौरान भी देश की प्रथम महिला का पद खाली था। रविवार को 68 वर्षीय जरदारी ने देश के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

## किसान पथ से साकार हो रहा है अटलजी का सपना : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का जो मॉडल लखनऊ में देखने को मिल रहा है वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का ही सपना है, जो धरातल पर उतर रहा है। लखनऊ में तीन हजार 666 करोड़ रुपये की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर उन्होने सोमवार को कहा कि आज किसान


**उप्र के सीएम ने लखनऊ में तीन हजार 666 करोड़ रुपये की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया**

पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समधान होने जा रहा है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है, यह गोमती नदी के कट को



लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।


MD. Mahtab alam
J.M.M Neta
Ramadan Mubarak

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य

जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

## संदेशखाली मामले में सीबीआइ जांच के खिलाफ याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें संदेशखाली में ईडी और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की टीमों पर हमले की सीबीआई जांच कराने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले में राज्य सरकार और राज्य पुलिस के खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को हटा दिया। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि प्रतिवादी (केंद्रीय एजेंसी) को उन टिप्पणियों को रखने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनका कहना है कि यदि उन टिप्पणियों को हटा दिया जाता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इसलिए हम याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।

पुलिस और राज्य सरकार के संबंध में विवादित टिप्पणियों को हटा दिया जाएगा। 5 मार्च को एक आदेश में, कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक स्वतंत्र सीबीआई जांच का आदेश दिया था और पश्चिम बंगाल पुलिस को हमले के मास्टरमाइंड आरोपी शेख शाहजहां को उसी दिन सीआईडी की हिरासत से सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था।

## अवैध बालू खनन में सुभाष यादव की 2.37 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** इडी ने पटना में अवैध रेत खनन और रेत की बिक्री से संबंधित मामले में सुभाष यादव और उनके करीबी सहयोगियों के यहां से लगभग 2.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पटना में सुभाष यादव और उनके करीबी सहयोगियों से संबंधित छह ठिकानों पर तलाशी के दौरान लगभग 2.37 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई। ईडी ने यह कार्रवाई 9 मार्च को धन शोधन निवारण अधिनियम, (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत की थी। जांच एजेंसी ने कहा कि इस तलाशी अभियान के दौरान सुभाष यादव के एक कर्मचारी और करीबी सहयोगियों के परिसर से डिजिटल उपकरण को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सुभाष यादव को गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया

**इडी ने सुभाष के एक कर्मचारी और करीबी सहयोगियों के परिसर से डिजिटल उपकरण को जब्त किया**

कि सुभाष यादव को 10 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए कोर्ट, पटना के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 22 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने ये कार्रवाई मेसर्स ब्रॉडसन्स कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड (बीसीपीएल) और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ पहले से बिहार पुलिस में दर्ज 20 एफआईआर के आधार पर की है। इस मामले में ईडी तीन बार अपना सर्च अभियान चला चुकी है। मेसर्स बीएसपीएल के निदेशक और सिंडिकेट सदस्य राधा चरण साह, (एमएलसी) और उनके बेटे कन्हैया कुमार समेत पांच को गिरफ्तार कर चुकी है।

## चिराग के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं : तेजस्वी

**पटना।** बिहार में विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से सोमवार को राबड़ी समेत पांच उम्मीदवारों ने नामांकन भरा। बिहार के पूर्व सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं लेकिन बिहार में अभी तक राजग गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसा हुआ है। सीट शेयरिंग को लेकर जहां महागठबंधन में फिलहाल किसी तरह की कोई सुगबुगाहट नहीं है। वहीं राजग में शामिल क्षेत्रीय दल अधिक सीटों की मांग कर भाजपा पर लगातार दबाव बना रहे हैं। चिराग पासवान लोकसभा की पांच और राज्यसभा की एक सीट की मांग पर अड़ गए हैं। भाजपा की तरफ से चिराग को मनाने की कोशिश की जा रही है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे दरवाजे सभी के लिए खुले हुए हैं, जो आना चाहते हैं उनका स्वागत करेंगे। तेजस्वी से जब मीडिया ने पूछा कि चिराग पासवान राजग गठबंधन से नाराज चल रहे हैं।

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

## फिल्म ओपनहाइमर को मिला बेस्ट को पिक्चर का खिताब

**लॉस एंजलिस।** दुनिया के सर्वोच्च फिल्म सम्मान (96वें ऑस्कर अकादमी अवॉड्र्स) का आगाज हुआ। अकादमी अवॉड्र्स में इस साल बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड फिल्म ओपनहाइमर को मिला है। रेड कारपेट पर इसकी घोषणा होते लुडविग गोरान्सन ने मंच पर पहुंचकर इसके लिए माता-पिता का आभार जताया। इसके अलावा होयटे वैन होयटेमा को ओपनहाइमर के लिए सिनेमैटोग्राफी के लिए ऑस्कर मिला है। जेनिफर लेम को फिल्म एडिटिंग के लिए ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। उन्हें यह अवॉर्ड फिल्म ओपनहाइमर के लिए मिला है।

भाई-बहन ने कम उम्र में दो ऑस्कर जीतकर 87 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन भाई-बहनों के नाम बिली इलिश और फिनीस ओकोनेल हैं। इन दोनों भाई-बहनों ने एक बार नहीं बल्कि

**ऑस्कर अवार्ड**

**▸▸ ऑरिजनल सॉन्ग के लिए बार्बी को मिला पुरस्कार**
**▸▸ भाई-बहन की जोड़ी ने दूसरी बार जीता ऑस्कर**
**▸▸ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार एमी स्टोन मिला**

दो-दो बार ऑस्कर जीतकर इतिहास रचा है। सर्वश्रेष्ठ गीत श्रेणी में कई मशहूर हस्तियों और गीतकारों को नामांकित किया गया था, लेकिन 22 साल की बिली इलिश और 26 साल की फिनीस ओ कोनेल की भाई-बहन की जोड़ी ने जीत हासिल की।

दोनों ने फिल्म 'बार्बी' के गाने 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ऑस्कर जीता था। 96वें अकादमी पुरस्कार जीतकर, बिली और फिनीस ने 30 साल से कम उम्र में दो ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। इससे पहले 28 साल की




लूसी रेनर ने ऑस्कर जीता था।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार एमी स्टोन को दिया गया। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने पुअर थिंग्स में अपने अभिनय के लिए प्रतिष्ठित ऑस्कर जीता।

क्रिस्टोफर नोलन की निर्देशित ओपेनहाइमर' बेहतरीन फिल्म है। इस फि ल्म को सर्वश्रेष्ठ फि ल्म का ऑस्कर पुरस्कार दिया गया। सिलियन मर्फी ने ओपेनहाइमर में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर जीता है। डी वेन जॉय रैंडोल्फ ने द होल्डओवर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का ऑस्कर जीता है। फिल्म बार्बी व्हाट वाज आई मेड फॉर इस गाने के लिए बिली इलिश ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का ऑस्कर जीता।

## रवीना टंडन की फिल्म शुक्ला का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म पटना शुक्ला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। ट्रेलर सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। सलमान ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- रवीना का पटना शुक्ला के रुप में स्वागत करिए। @डिज्नीप्लसहॉटस्टार। फिल्म के ट्रेलर की शुरूआत रवीना टंडन उर्फ तन्वी शुक्ला से होती है। तन्वी का अपने पति के साथ बहुत अच्छा रिश्ता होता है।

## 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म दो और दो प्यार के निर्माताओं ने फिल्म 'दो और दो प्यार' की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की जबरदस्त कहानी को दर्शाएगी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# पुलिस ने तीन एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट

अनुप सिंह

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के जाहरसरई गांव के आसपास पूर्व से लगाए गए पोस्ता (अफीम) की खेती थाना पुलिस द्वारा नष्ट करने का सिलसिला लगातार जारी है। ज्ञात हो कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में दूसरी बार उसी गांव के आसपास की गई पुलिसिया कार्रवाई से 3 एकड़ में लहलहाती पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। साथ ही 125 किलो कच्चा पोस्ता को बरामद किया गया है। बताते चले थाना पुलिस द्वारा पिछले 7 मार्च को जाहरसरई गांव के वनही टोला से सटे पहाड़ी के तलहटी में 2 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट करते हुए लगभग तैयार 8 किवंटल अफीम बरामद किया गया था। उस वक्त 10 व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी की दर्ज की गई थी। लेकिन 3 दिन के बाद दूसरी बार भी पोस्ता की खेती होने की जानकारी थाना पुलिस को मिली। जानकारी के आलोक में पुलिस इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुनः छापामारी कर जाहरसरई गांव निवासी स्वर्गीय वीर सिंह के पुत्र कामेश्वर सिंह के मकान से सटे


नष्ट करती पुलिस

पश्चिम दिशा में लगाए गए लगभग 3 एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट कर दी गई और साथ ही 125 किलो पोस्ता बरामद किया गया है। जबकि पोस्ता के फसल में चीरा लगा हुआ भी पाया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि अफीम को तैयार कर बिक्री कर दिया गया होगा। इधर थाना पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से पोस्ता करोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस द्वारा केस कांड संख्या 19/24 दिनांक 10 मार्च 2024 के तहत आाा दर्जन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी की दर्ज की गई है। सभी आरोपी जाहरसरई गांव के ही रहने वाले हैं। जिसमें स्वर्गीय वीर सिंह के पुत्र सह प्राथमिक विद्यालय सुईयाटांड़ के पारा शिक्षक कामेश्वर सिंह, अलियार सिंह के पुत्र लखन सिंह, बागेश्वर सिंह के पुत्र विनोद सिंह, देवनाथ सिंह के पुत्र आनंद सिंह एवं स्वर्गीय वीर सिंह के पुत्र राजेश्वर सिंह एवं रामेश्वर सिंह शामिल है। इधर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि लगातार मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी कोई बचेगा नहीं और निर्दोश कोई फंसेगा नहीं। इसके लिए प्रशासन पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। इधर दूसरी बार मझिआंव पुलिस द्वारा गठित टीम में पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई चंदन प्रधान, संजय मुंडा सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## पूर्व चौकीदार की मौत

**कांडी।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मझिगावां निवासी व पूर्व चौकीदार 96 वर्षीय कईल पासवान की रविवार की देर शाम मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उम्र ज्यादा होने की वजह से वे बीते कुछ महीनो से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार की देर शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। कईल पासवान 1970 से 1985 तक मझिगावां गांव में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे।

# 15 मार्च को राजनाथ सिंह आएंगे चतरा, करेंगे कार्यकताओं के साथ मैराथन बैठक

## प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कार्यकताओं के साथ की मैराथन बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा चुनाव की तिथियां नजदीक आते ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की गतिविधियां तेज हो गई है। भाजपा द्वारा अब तक चतरा से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है, जिससे पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में ऊहापोह की स्थिति है। बावजूद जिले में प्रदेश से लेकर केंद्रीय स्तर के भाजपा नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी भी देर शाम चतरा पहुंचे। प्रदेश प्रभारी के बाद देश के रक्षा मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य राजनाथ सिंह भी आगामी 15 मार्च को चतरा पहुंचेंगे। राजनाथ सिंह जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। राजनाथ सिंह के आगमन के बाद ही उम्मीद जताई जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी चतरा संसदीय सीट के अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकती है। पार्टी प्रत्याशी के नाम पर विचार और स्थिति से वाकिफ होने के उद्देश्य से राजनाथ सिंह और प्रदेश प्रभारी का चतरा दौरा निश्चित हैं। चतरा आगमन के दौरान प्रदेश प्रभारी ने सर्किट हाउस और भाजपा जिला कार्यालय में जिले भर के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ मैराथन बैठक की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा है कि उनकी यह रूटीन बैठक है। इस बैठक से पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा का कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व बूथ पर संगठन का ताकत झारखंड मुक्ति मोर्चा को पछाड़ कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर चौदह की चौदह सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। बैठक में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत प्रदेश और जिले भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भव्य कलश जल यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत महूंगाय में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस नवाह परायण महायज्ञ सोमवार को भव्य कलश जल यात्रा के साथ शुरू हो गया।

कलश जल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा जिप अयक्ष रामान यादव, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, कैलाश यादव, विजय यादव, बेदु साव, रणजीत कुमार सिंह, पुनम कुमारी, बसन्त साव, जनार्दन यादव, रविंद्र पांडे, निरंजन पांडे, सुनील यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। वहीं सांसद ने कहा कि समय-समय पर यज्ञ करना चाहिए इससे वातावरण तो शुद्ध होता ही है, लोगों में आपसी सद्भावना और मेल बना रहता है। वहीं कलश जल यात्रा में 301 कुंवारी कन्याएं व महिलाओं ने पीले व केसरिया वस्त्र ाारण कर सिर पर कलश लिए यज्ञ स्थल से निकल कर ग्राम बरवाडीह, लालगढ़, होते हुए लालगढ़ नदी स्थित उत्तर वाहिनी पहुंची, जहां यज्ञाचार्य बसन्त शास्त्री जी महाराज ने पंडितो के साथ मंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। गाजे बाजे के साथ भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई। कलश जल यात्रा में जय श्री राम, जय बजरंग बली आदि के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश जल यात्रा जल भरकर पुनः लालगढ़, सिमराटांड होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची जहां पण्डितों ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया।

## अवैध बिजली का उपयोग न करे उपभोक्ता

**कांडी।** बिजली विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए कड़ा निर्देश जारी किया है। मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि बिजली उपभोक्ता बिजली चोरी करने से बचें। जेई ने कहा कि सरकार सभी उपभोक्ता को 100 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। इसलिए बिजली की चोरी न करें, जिनका भी एक माह का बिजली बिल बकाया है, उसे ऑनलाइन, कैंप, आफिस या एटीपी मशीन के माध्यम से जमा करें, जिनके यहां मीटर नहीं है या मीटर खराब है, जेई से संपर्क कर नया मीटर लगवाएं। बिजली बिल में त्रुटि होने पर सीधे एस्क्यूटिव इंजीनियर के गढ़वा स्थित ऑफिस में संपर्क कर बिल सुधार के लिए आवेदन दें।

# सशक्त हिंदू महिला के ग्रुप द्वारा सामारोह का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** सशक्त हिन्दू महिला रक्षा समूह के महिला सदस्यो ने स्थानीय रुकमनि इन होटल में महिला दिवस होली मिलन सामारोह के अवसर पर महिलाओ के शसक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान साहित्य एवं कविता लेखन में प्रसिद्धि पाने वाली टंडवा की महिला ममता देवी को महिला ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया है। वही महिलाओं ने भाषण प्रतियोगिता, गेम प्रतियोगीता, गायन प्रतियोगिता, होली मिलन समारोह भी मनाया। इस कार्यक्रम में अयोजक मोनिका देवी,बबली गुप्ता, यशोदा सिन्हा, लवली गुप्ता, बंटी गुप्ता, मालती गुप्ता,रेखा गुप्ता,पूनम गुप्ता, गुड्डू कुमारी, रूपा देवी, उषा देवी, रानी देवी आदि शामिल रही।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रशिक्षु उपाधीक्षक हजारीबाग सदर प्रशांत कुमार विशिष्ठ अतिथि योगाचार्य संत शंकर चंद्रवंशी, समाजसेवी देवकुमार सिंह, उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के महाविद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने पुष्पवृष्टि कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर, प्रो श्यामसुंदर प्रसाद, प्रो जानकी प्रसाद दांगी, प्रो ललित मोहन चौधरी एवम महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रो सकेंदर मिस्त्री ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डीएसपी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं में निखार आता हैं। खेलों में बेहतरीन कैरियर संभावनाएं है। झारखंड के ही महेंद्र सिंह धौनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई तथा भारत को दो विश्व कप अपनी कप्तानी में दिलाई। खेलों से प्रतिभा में निखार आता है। इसके अलावे झारखंड के बहुत से खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट एक बहुत ही महत्वपूर्ण और नामी खेल है जो खिलाड़ियों को अपने फिटनेस, कौशल,और साहस का परिचय करता है। यह खेल खिलाड़ियों को टीम वर्क और दूसरों के साथ सहयोग करने के महत्व को सिखाता है और उन्हें समर्पण और समर्पण के महत्व का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेल से जातिवाद की भावना खत्म होती है और टीम भावना विकसित होता है। क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है ।कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है, खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य ने जीवन में खेल कूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलो से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। योगगुरु शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि खेल जीवन को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट एक बहुत ही महत्वपूर्ण और नामी खेल है जो खिलाड़ियों को अपने फिटनेस, कौशल और साहस का परिचय करता है। क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है।

## एलईडी प्रचार वाहन को तोड़फोड़ करने व चालक के साथ मार-पीट को लेकर कराया मामला दर्ज

**कोडरमा।** ईडी के द्वारा राजद नेता सुभाष यादव की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन के द्वारा रविवार की संया प्रतिवाद मार्च निकाला गया था। प्रतिवाद मार्च झुमरीतिलैया शहर के झंडा चौक के समीप पंहुचा। उसी समय झंडा चौक पर भाजपा का एलईडी प्रचार वाहन से प्रचार किया जा रहा था। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने आरोप लगाया है कि इंडिया गठबंधन में शामिल कार्यकर्ताओं ने भाजपा के एलईडी प्रचार वाहन को तोड़फोड़ किया और वाहन के चालक के साथ मार-पीट भी किया है। घटना को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने इंडिया गठबंधन की जनसभा की अध्यक्षता कर रहे राजद जिलायक्ष रामान यादव, मोहन यादव, चांद आलम सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के लिए तिलैया थाना में आवेदन दिया है। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबांन के नेता चांद आलम ने भी तिलैया थाना में आवेदन देकर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, नवीन चौरी, इंद्रदेव बर्णवाल व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध गला दबाकर जान मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मैं इंडिया महागठबांन के राजनैतिक जुलुश में शामिल था।

# 13 मार्च को होगा चक्का जाम : अजीत यादव




## तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के समीप महागठबांन के बैनर तले बालू समेत 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन ारना जारी है। ारना स्थल पर कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रखंड प्रशासन हाय हाय, पुलिस प्रशासन हाय हाय के नारे लगा रहे थे। वहीं बीडीओ सौरभ कुमार के द्वारा प्रतिनिामिंडल सीपीआई अंचल सचिव ानंजय यादव, झामुमो से अजीत यादव, सीताराम राय, राजद से उपेंद्र यादव को बुलाकर वार्ता करने की कोशिश की गयी, परन्तु वार्ता विफल रहा। ारना स्थल से सम्बोान करते अंचल मंत्री ानंजय यादव ने कहा की बीडीओ बेतुका वार्ता करते हैं। जब तक बालू का स्थाई विकल्प नहीं निकलेगा ारना जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने पदाािकारी के द्वारा टाल मटोल किये जाने की बात कही। वहीं झामुमो नेता अजीत यादव ने कहा कि मनरेगा में खुलेआम प्रखंड कार्यक्रम पदाािकारी मनरेगा के द्वारा पशु शेड के नाम पर रातों-रात योजनाओं का एंट्री कराया जा रहा है और उसके एवरेज में मोटी रकम की वसूली की जा रही है। वहीं ारना स्थल से सचेत करते हुए कहा कि योजनाओं में लूट बंद करें अन्यथा प्रखंड मुख्य मार्ग जाम करेंगे।

## अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलोडीह जंगल में थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान लगभग 100 किग्रा. जावा महुआ को स्थल पर ही विनष्ट किया गया। विदित हो कि एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा अवैा शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। छापेमारी दल में पुअनि रितेश कुमार व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## प्लस टू शिक्षक नियुक्ति में सिसई के शक्ति और निशांत हुए सफल

**टंडवा।** प्लस टू विद्यालय शिक्षक नियुक्ति का रिजल्ट में सिसई के शक्ति कुमार पांडेय, विषय अर्थशास्त्र और विषय अंग्रेजी में निशांत कुमार उर्फ सुजू ने सफलता हासिल की है। इन दोनों के रिजल्ट पर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सफल हुए निशांत कुमार को अपने हाथो मिठाई खिलाया और बधाई देते हुए कहा कि लगन, जज्बा और मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है, मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है, इस सफलता पर सिसई गांव सहित पूरे टंडवा प्रखंड को गर्व है और यह सफलता, अन्य विद्यार्थियों के लिए जो तैयारी में लगे हुए हैं उन सबों के लिए प्रेरणादायक व उर्जा प्रदायक है। सफल हुए शक्ति और निशांत ने कहा कि यह सफलता माता पिता का आशीर्वाद, कठिन परिश्रम और हम सब को हमेशा आपके द्वारा दिए गए हौंसला का परिणाम है। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, कबरा पंचायत मुखिया निलेश ज्ञासेन, पंचायत समिति सदस्या शशिबाला देवी, सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, सचिव साकेत पांडेय, पुर्व मुखिया छेदी पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रोफेसर जय प्रकाश रजक,परमेश्वर रजक, उदय पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, रविकांत पांडेय प्रमुख रूप से थे।

# भाजपा ने ईडी से जबरन करवाई सुभाष यादव की गिरफ्तारीः योगेंद्र प्रसाद यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव जी को ईडी के द्वारा गिरफ्तार करने के खिलाफ राजद कार्यकताओं ने केशरी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। 'प्रदेश सचिव' योगेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने आंतरिक सर्वे से पूर्णरूप से घबरा गई है। आगामी 2024 के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह इंडिया गठबंधन बढ़ती जनाधार से पूरी तरह से डरे,सहमें,एवं घबराये हुए है। अपने तोते सीबीआई,इन्कम टैक्स,ईडी को विपक्षी नेताओं के पीछे लगाए हुए है।

चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव सामाजिक न्याय के योद्धा, दलित, शोषित, वंचितों के मशीहा लालू प्रसाद यादव के सच्चे प्रहरी के रूप में निरंतर साथ खड़े है। वही सुभाष यादव राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चल कर झारखंड में लोकप्रियता हासिल कर चुके है। जनता के दिलो में अपना घर बना चुके है।

सुभाष यादव के लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा के नेता ईडी का छापा मरवा कर,उन्हें आधी रात को गिरफ्तार कर जेल भेजने का षड्यंत्र रचने का काम किया है। जो इनके षड्यंत्र से डर जाते है उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करा लेते है। जो निडर की तरह खड़े है उन्हें जबरन जेल भेजने का काम करते है आज सभी भ्रष्टाचारी भाजपा में सामिल होकर वाशिंग मशीन में धूल चुके है।

मां गंगा के स्वघोषित पुत्र प्रधानमंत्री मोदी के भाजपा ने मां गंगा का काम अपने कंघों पर ले लिया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देता हूँ। अगर दम है तो अपने नेताओं और भाजपा में शामिल भ्ष्टार्चारी नेताओं की संपत्ति का निष्पक्ष जांच कर दिखाए।

## इंडिया गठबंधन ने फूका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला



## एक नजर में

## धुरकी में लक्ष्य द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल का उद्घाटन


उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के खाला गांव में लक्ष्य द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी ने फीटा काटकर किया। मौके पर साबिर अंसारी ने कहा कि सीबीएसई पद्धति से पढ़ाई के लिए इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्कूल खुलना गर्व की बात है। विद्यालय के निदेशक अमित कुमार भारती ने कहा कि आज बच्चों का शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षित लोग देश के भविष्य बनते हैं। हम लोगों ने ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का दीप जलाने के लिए स्कूल खोला है। यहां नर्सरी से दसवीं तक की पढ़ाई होगी। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने नशा व शराब मुक्ति पर नाटक कर लोगों को जागरूक किया। मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल आकाश कुमार भारती, बसंत राम, प्रेमचंद राम, समाजसेवी विमला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## राजनीतिक दल के अध्यक्ष, सचिव, जिला इकाई के साथ की गई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 हेतु मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष, सचिव, जिला इकाई के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि को अवगत कराया गया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए चतरा जिला अंतर्गत 27-चतरा (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के कुल 110 मतदान केन्द्रों एवं 26-सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के कुल 116 मतदान केन्द्रों के नाम विद्यालयों के नाम बदलने के कारण मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव दोनों निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा जिला के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में सर्वसम्मति से मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन पर सहमति प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि सभी मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ए0 की नियुक्ति किया जाय। वहीं उन्होने जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी चतरा को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन से संबंधित सूचना जिला के वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाय। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, जिला कोषागार पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ-साथ राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महायज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पहरीडीह स्थित गौरी धाम में पांच दिवसीय श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरितमानस ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ राज नारायण सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, सतीश पांडेय, आदित्य साव, दिलीप पंडित शामिल हुए। वहीं अतिथियों ने महिलाओं व युवतियों को कलश देकर रवाना किया। कलश यात्रा मंत्र उच्चारण कर आतो नदी से भरकर पूरे नगर भ्रमण किया। मौके पर सरोज सोनी, विक्की सिंह, सूरज सोनी, सुनील सिंह, राजेंद्र सिंह, तपेश्वर सिंह, अनिल सिंह, इंद्रदेव सिंह आदि मौजूद थे।

## ससुर ने केस नहीं लिया वापस तो दामाद ने ससुर की दुकान में लगाई आग



**चतरा।** हंटरगंज के विशनपुर गांव में रविवार की देर रात एक दामाद ने अपने ससुर के कपड़ा दुकान में आग लगा दिया।

दुकान बिशनपुर गांव विजय साव का है। विजय साव ने आग लगाने का आरोप अपने दामाद रंजीत साव पर लगाया है। अगलगी की घटना में दुकान में रखा करीब 4 लाख रुपया का कपड़ा जलकर राख हो गया। इस संबंध में पीड़ित ससुर विजय साव ने अपने दामाद रंजीत साव के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया है।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** जिला शिक्षा आीक्षक सह प्रभारी जिला शिक्षा पदाािकारी के रूप में अजय कुमार ने निवर्तमान डीएसई विनय कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के नए डीएसई सह डीईओ अजय कुमार ने कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब कराने के साथ साथ विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करवाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

# समानता की अर्थव्यवस्था के प्रति मार्ग प्रशस्त कर रही हैं महिलाएं

-धुवाराखा श्रीराम

(यूनिसेफ इंडिया में युवाह की प्रमुख)



पिछले दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफपीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से यु?वतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आए बदलावों को दशार्ती डब्ल्यूएलएफपी की वृद्धि संभवतः पिछली सदी में देखी गई वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

**महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक**

भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉर्पोरेट नीतियों के साथ मिलकर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दशार्ते हैं।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गई। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉर्पोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में, भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस?टम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के परामर्श की प्रेरणादायी भूमिका**

डब्ल्यूएलएफपीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलई के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चचाओं से प्राप्?त महत्वपूर्ण निष?कर्ष को 'महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना' शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। यह कामकाज के अनुकूल वातावरण, समान वेतन प्रथाओं और कार्यबल में विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करता है।

**बाधाएं दूर करना**

काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है।

निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न?यूट्रल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन?म देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुनःप्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किए गए संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक?त महिला कामकाजी केंद्रों/छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। इसमें सुरक्षा, संरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखरेख के प्रावधानों युक?त विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण, परिवर्तन और विकल्पों के प्रतिनिधि के रूप में युवतियों को विकसित करना और उनके निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल होगा।

सिविल सोसायटी और बहुपक्षीय एजेंसियों की सहायता समुदायों और परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाने को बढ़ावा देगी, ताकि वे इन केंद्रों को युवतियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का स्थान मान सकें।

कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है, तथा ज?यादातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूप में बदल गई हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए।

ये घटनाक्रम महिलाओं के व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

**महिलाएं शतक लगाएंगी**

भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है।

आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामथ?य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है।

इन सिफारिशों को अपनाकर और डब्ल्यूएलएफपीआर को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध होकर भारत समावेशी सामाजिक एवं आर्थिक समानता और अपने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रास्ता निर्धारित कर सकता है। आर्थिक विकास का नेतृत्व करने वाले 'नायक' वास्तव में सक्षम नारियां हैं।

# पेड़ों के बिना बेमानी वन्यजीव संरक्षण का दावा पारिस्थितिकीय संतुलन

ज्ञानेन्द्र रावत

सरकार देश में राष्ट्रीय पशु बाघ की संख्या में बढ़ोतरी का दावा करते नहीं थकती। एक समय विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके बाघों की तादाद में बढ़ोतरी वास्तव में प्रशंसा का विषय तो है ही, गर्व का विषय भी है। हाल ही में जारी केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट में तेंदुओं की तादाद में बढ़ोतरी का दावा किया गया है, और कहा गया है कि यह देश में जैव विविधता के प्रति भारत के अटूट समर्पण का प्रमाण भी है। अब तेंदुओं की संख्या बढ़कर करीब 13,874 हो गयी है। सरकार की उस घोषणा का भी स्वागत किया जाना चाहिए जिसके तहत सरकार ने वन्यजीवों की सात प्रजातियों यथा बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीते के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस बनाया है। इसकी सफलता उसी दशा में संभव है जब देश-दुनिया में वन्य जीवों के लिए न केवल उनके अनुकूल वातावरण हो, और साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। यहां इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि वन्य जीव और वन्य जीवन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है।



जनसंख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और शहरीकरण के कारण जहां जंगलों की बेतहाशा कटाई के चलते वन्यजीवों के आवास लगातार खत्म किये जा रहे हैं, वहीं वन्य जीवों के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया है। यही अहम कारण हैं कि वन्यजीव भोजन की तलाश में अब मानव बस्तियों की ओर रुख करने लगे हैं। इसका दुष्परिणाम वन्यजीव-मानव संघर्ष के रूप में सामने आया है। इस संघर्ष को टालने का एकमात्र समाधान है जंगलों की कटाई पर रोक लगाना। इस पर हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि यह संकट कुछेक वन्य जीवों का ही सवाल नहीं है, बल्कि दूसरी प्रजातियों के अस्तित्व से भी जुड़ा है। उस दशा में उन दूसरी प्रजातियों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में पारिस्थितिकीय संतुलन का बिगाड़ अवश्यंभावी है।

बीते कुछ महीनों से जंगलों और पेड़ों की अवैध कटाई का मसला विशेष रूप से चर्चा में है। इस मसले पर देश की सुप्रीम अदालत काफी गंभीर है और उसने संज्ञान लेना शुरू भी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्बेट रिजर्व नेशनल पार्क में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को अनुमति देने के लिए उत्तराखंड सरकार के पूर्व वन मंत्री और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी की खिंचाई की व फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई इस प्रकरण की पहले ही जो जांच कर रही है, वह तीन महीने में इसकी जांच रिपोर्ट अदालत में पेश करे। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को भविष्य में ऐसे कारनामें रोके व पहले हो चुके नुकसान की भरपायी के लिए तत्काल कदम उठाए।

दरअसल पेड़ों की कटाई जैसे मसले पर देश की सुप्रीम अदालत की यह टिप्पणी एक सबक है। उसने कहा है कि वैधानिक प्रावधानों को ताक पर रखने जैसे पूर्व वन मंत्री और वन अधिकारी के दुस्साहस आश्चर्यचकित करने वाले हैं। यह विडंबना है कि वन अधिकारी पर गंभीर आरोप होने के बावजूद तत्कालीन वन मंत्री ने नियमों की अनदेखी कर उन्हें डीएफओ नियुक्त कर दिया। यह पूरा मामला राजनेता, नौकरशाहों की मिलीभगत का ज्वलंत उदाहरण है।

गौरतलब है कि कोर्ट की केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने पहले सीटीआर के कालागढ़ वन प्रभाग के पाखरो और मोरघट्टी वन क्षेत्रों में 2021 में बाघ सफारी के संबंध में निर्माण सहित विभिन्न अवैध गतिविधियों के लिए पूर्व मंत्री और वनाधिकारी को जिम्मेदार ठहराया था। दरअसल, यह मामला अधिवक्ता और पर्यावरण कार्यकर्ता द्वारा दायर याचिका के चलते उजागर हुआ जिसमें पाखरो टाइगर सफारी में अवैध निर्माण के साथ-साथ अवैध रूप से हजारों पेड़ों की कटाई का आरोप लगाया था। पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर देश में यह पहला मामला है जिसमें किसी मंत्री की संलिप्तता का खुलासा हुआ है और देश की सर्वोच्च अदालत ने संज्ञान लेते हुए गंभीर टिप्पणी करते हुए जिम्मेदार व्यक्तियों से नुकसान की भरपायी करने तथा राज्य के दोषी अधिकारियों के खिलाफ छह माह में अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया है। उस हालत में जबकि देश में विकास के नाम पर, औद्योगिक कारखानों, एक्सप्रेस-वे या आल वैदर रोड के नाम पर या फिर पर्यटन के नाम पर पेड़ों को, जंगलों को विकास प्रक्रिया की भेंट चढ़ाना जारी है और इनके खिलाफ जनता द्वारा किये जा रहे धरने, विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलन सब के सब बेमानी हो गये हैं।

अब देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का परिणाम भविष्य में क्या होगा। यदि यह सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो देश एक दिन हरित संपदाविहीन भी हो सकता है। पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन की दशा में वन्य जीव संरक्षण के दावे बेमानी हो जायेंगे। पेड़ों के बिना लोग ऑक्सीजन के अभाव में अकाल मौत के मुंह में जाने को विवश होंगे। कोरोना काल के भयावह मंजर से भी यदि देश के नीति-नियंताओं ने सबक नहीं सीखा, तो उस दशा में क्या होगा, यह किसी से छिपा भी नहीं है।

# घर भी बनता जा रहा है प्रदूषण का केन्द्र

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**बात** थोड़ी विचित्र अवश्य लग सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। इसकी गंभीरता को इससे समझा जा सकता लेसेंट की रिपोर्ट में 2019 में देश में एक लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म से एक माह के दौरान घरेलू प्रदूषण के कारण हुई है। आधुनिक जीवन शैली और घरों में प्रदूषण के कारक उत्पादों की प्रमुखता इसका कारण है। महिलाओं और बच्चों में डस्ट एलर्जी तो आम होती जा रही है। जरा-सी गंदगी या धूल-मिट्टी से सामना हुआ कि छींक पर छींक, नाक टपकना और यहां तक कि श्वांस लेने में दिक्कत तो आम होती जा रही है। ऐसे में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डिओ, शेंपू, मच्छर मारने की दवाएं जैसे अनेक उदाहरण होने के साथ ही सोफा, कालीनों में जमी धूल भी बड़ा कारण बनती जा रही है।

प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। माइक्रो लेवल पर कोई भी बात की जा सकती है पर हमारे घर व मकान में फैल रहे प्रदूषण और उसके कारण होने वाले जानलेवा दुष्परिणामों की और लेसेंट जर्नल की रिपोर्ट आंख खोलने के लिए काफी है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू प्रदूषण के चलते हमारे देश की ही बात की जाय तो 2019 में 16 लाख 70 हजार लोगों की असमय मौत का कारण वायु प्रदूषण ही रहा है। इनमें 6 लाख 10 हजार लोगों को घरेलू प्रदूषण के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा वहीं इनमें एक लाख 16 हजार तो बच्चे ही हैं। यह तो 2019 के आंकड़े हैं। आज के हालात सुधार के ना होकर इससे अधिक ही चिंतनीय है। ऐसे में घरेलू प्रदूषण के खतरे से बचाव के लिए ठोस प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है।

देखा जाए तो हमारे घर में दिन प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुएं ही प्रदूषण का कारण बन रही हैं। हालांकि अब रसोई यानी की खाना पकाने के लिए घर-घर में गैस की पहुंच हो गई है और लकड़ी कोयला के कारण होने वाले प्रदूषण से लगभग निजात मिल चुकी है। पर प्रदूषण के अन्य कारण तैयार हो गए हैं। घरेलू प्रदूषण के दुष्प्रभाव को इस मायने में देखा जा सकता है कि अस्थमा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण यह घरेलू प्रदूषण बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण एलर्जी होना तो आम बात है। महिलाओं और बच्चों को डस्ट एलर्जी होना या अन्य किसी से एलर्जी होना आम होता जा रहा है।

दरअसल, हमारे घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं ही किसी ना किसी कारण से प्रदूषण का कारण भी बन जाती है। इनमें से अधिकांश तो अनजाने में होती है। दरअसल अवेयरनेस के कारण या हमारी जीवन शैली भी इसका एक कारण है। घर में मच्छर मारने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी मच्छाररोधी दवा भी घरेलू प्रदूषण का प्रमुख कारण है तो दूसरी और घरेलू साज-सज्जा सामग्री में फर्नीचर, लकड़ी का सामान, चटाईयां, कालीन आदि की समय पर साफ सफाई नहीं होने से यह प्रदूषण का कारक बन जाते हैं। इसी तरह पूजा में काम ली जाने वाली धूपबत्ती, अगरबत्ती, धूम्रपान, महिलाओं के कास्मेटिक उत्पाद, केमिकल युक्त शेम्पू आदि, पोछा लगाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी के साथ घरों में उपयोग किये जाने वाले केमिकल पेंट, रंग-रोगन में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद भी प्रदूषण और एलर्जी के प्रमुख कारक बनते जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजमर्रा के काम में प्रदूषित ईंधन बड़ा कारण है। प्लास्टिक का अधिकतम उपयोग, ओवन ओटीजी, आरओ आदि उपयोगी वस्तुएं भी प्रदूषण का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही फ्रीज में ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिनका फ्रीज में उपयोग नहीं किया जाना भी एक कारण है।

देखा जाए तो घरेलू प्रदूषण के कारक हमारे रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुएं ही हैं। सामान्य तौर पर हम इनके दुष्प्रभावों से अधिकांशतः तो अनभिज्ञ रहते हैं। अब अगरबत्ती या धूपबत्ती या मच्छररोधी दवा आदि में उपयोग में होने वाले केमिकल एलर्जी का प्रमुख कारण बन जाते हैं। दरअसल उत्पादों की गुणवत्ता और उनमें उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर काफी कुछ निर्भर करता है। घरेलू प्रदूषण से एलर्जी, सिरदर्द, कान, नाक, गले में दर्द या सूजन, खांसी या सांस लेने में परेशानी होना, बार-बार जुकाम लगना, निमोनिया, त्वचा पर चक्कते होना आदि आम बात है तो प्रदूषण की गंभीरता में अस्थमा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। देखा जाए तो गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इसके संभावित प्रभावित होने वाले हैं। बच्चों के दिलों दिमाग पर भी असर देखा जा सकता है। बच्चों के स्वाभाविक विकास में भी यह बाधक बन जाता है।

घरेलू प्रदूषण को लेकर भी अब गंभीर होने का समय आ गया है। देखा जाए तो हमारे उपयोग की आज अधिकांश वस्तुएं प्रदूषण का कारक बनती जा रही है। बहुमंजिली इमारतों, खुले में बैठना, धूप सेंकना, मिट्टी में बच्चों को खिलाना आदि दूर की कौड़ी हो गई है। आरओ व ओवन आदि के खिलाफ तो अब जापान जैसे देश आवाज उठाने लगे हैं। होने यह भी लगा है कि सेचुरेशन की स्थिति में नए उत्पाद की मार्केटिंग के चक्कर में अभियान चला कर पुराने उत्पाद के दुष्प्रभावों को उजागर किया जाने लगता है। हालांकि तब तक बहुत देरी हो चुकी होती है। आरओ और ओवन आदि के उपयोग को लेकर आज ऐसा होता जा रहा है। फ्रीज के पानी को लेकर भी बहुत कुछ कहते हुए मटका के पानी पर जोर दिया जाने लगा है।

दरअसल हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं उसका परिणाम भी सामने आता जा रहा है। कुछ दशक पुरानी ही बात है जब दीपावली के अवसर पर घरों में रंग रोगन के नाम पर सफेदी होती थी। इसमें कलई होने से यह बरसात के कारण होने वाले कीटाणुओं को खत्म करने का प्राकृतिक उपाय होता था यह सालाना काम होता था। अब केमिकल युक्त पेंट होने लगे हैं।

अब समय आ गया है जब सरकारी गैरसरकारी संस्थाओं को घरेलू प्रदूषण को लेकर लोगों को अवेयर किया जाए ताकि घर के प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जानकारी हो और उनसे बचाव के लिए कदम उठाये जा सके।

# आईआईटी और एनईईटी की तैयारी के दौरान परीक्षा की चिंता को कैसे दूर करें!



प्रशांत झा

आईआईटी और एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना छात्रों के लिए एक तनावपूर्ण और चिंता पैदा करने वाला अनुभव हो सकता है। इन प्रतिष्ठित संस्थानों में से किसी एक में अच्छा प्रदर्शन करने और स्थान सुरक्षित करने का दबाव एक छात्र के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है।

क्या आप आईआईटी या एनईईटी के छात्र हैं और परीक्षा की चिंता से परेशान हैं? आईआईटी और एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच परीक्षा की चिंता एक आम समस्या है। अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव भारी हो सकता है, लेकिन परीक्षा की चिंता को दूर करने और अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रभावी तरीके हैं।

**परीक्षा की चिंता के कारणों को समझना –**

परीक्षा की चिंता तनावपूर्ण स्थिति के प्रति एक सामान्य प्रतिक्रिया है, लेकिन यह भारी पड़ सकती है और एक छात्र की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता में बाधा डाल सकती है। परीक्षा की चिंता शारीरिक लक्षणों जैसे तेज दिल की धड़कन, पसीना और मतली में प्रकट हो सकती है। यह ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, नकारात्मक विचार और निराशा की भावनाओं जैसे मनोवैज्ञानिक लक्षणों में भी प्रकट हो सकता है।

परीक्षा की चिंता में कई कारक योगदान दे सकते हैं। एक छात्र के विचार और विश्वास चिंता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उदाहरण के लिए, जो छात्र मानते हैं कि वे पर्याप्त अच्छे नहीं हैं या परीक्षा में असफल हो जाएंगे, उन्हें चिंता का अनुभव होने की अधिक संभावना है। इसके अतिरिक्त, किसी छात्र के परीक्षा संबंधी पिछले अनुभव भी चिंता में योगदान कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को अतीत में परीक्षा में नकारात्मक अनुभव हुआ है, तो भविष्य में उन्हें चिंता का अनुभव होने की अधिक संभावना हो सकती है। परीक्षा की चिंता के सामान्य ट्रिगर में तैयारी की कमी, विलंब और अवास्तविक उम्मीदें शामिल हैं।

उदाहरण के लिए, यदि किसी छात्र ने परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से तैयारी नहीं की है, तो उन्हें चिंता का अनुभव होने की अधिक संभावना हो सकती है। इसी तरह, यदि किसी छात्र ने विलंब किया है और आखिरी मिनट तक अपनी पढ़ाई छोड़ दी है, तो उन्हें चिंता का अनुभव होने की अधिक संभावना हो सकती है। अंत में, यदि छात्रों की अपेक्षाएँ अवास्तविक हैं और वे मानते हैं कि उन्हें पूर्ण अंक प्राप्त करने की आवश्यकता है, तो उन्हें चिंता का अनुभव होने की अधिक संभावना हो सकती है।

**एक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं**

परीक्षा की चिंता को कम करने का सबसे अच्छा तरीका एक अध्ययन कार्यक्रम बनाना है। इससे आपको अपनी पढ़ाई को व्यवस्थित और ट्रैक पर रखने में मदद मिलेगी और आपको स्थिति पर नियंत्रण मिलेगा। बर्नआउट से बचने के लिए ब्रेक और खाली समय का शेड्यूल सुनिश्चित करें। अपने समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपनी प्रगति पर नजर रखने के लिए एक संरचित अध्ययन कार्यक्रम बनाना महत्वपूर्ण है। यह आपको अपने कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने की भी अनुमति देता है, जिससे अंततः आपको आगामी परीक्षाओं में सफलता मिलती है।

परीक्षा की चिंता को प्रबंधित करने के लिए साथियों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं से समर्थन प्राप्त करना भी महत्वपूर्ण है। सहकर्मी भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकते हैं, जबकि शिक्षक और परामर्शदाता शैक्षणिक सहायता प्रदान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, परीक्षा की चिंता को प्रबंधित करने के लिए आत्म-देखभाल आवश्यक है। स्व-देखभाल में पर्याप्त नींद, व्यायाम और स्वस्थ भोजन शामिल है। परीक्षा की तैयारी अवधि के दौरान आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

**सकारात्मक मानसिकता –**

सकारात्मक मानसिकता रखने से भी छात्रों को परीक्षा की चिंता से उबरने में मदद मिल सकती है। एक सकारात्मक मानसिकता छात्रों को वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने और भविष्य के बारे में चिंता करने से बचने में मदद कर सकती है। इसके अतिरिक्त, एक सकारात्मक मानसिकता छात्रों को विश्वास करने में मदद कर सकती है।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सकारात्मक दृष्टिकोण चिंता को प्रबंधित करने के लिए अच्छा है और समग्र प्रदर्शन में सुधार कर सकता है। सकारात्मक दृष्टिकोण वाले छात्र अधिक लचीले होते हैं और तनाव से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम होते हैं। वे अधिक प्रेरित और बनानेवाला भी होते हैं।

**विश्राम तकनीकों का अभ्यास करें:-**

योग, ध्यान और गहरी सांस लेने जैसी विश्राम तकनीकें आपके दिमाग को आराम और शांत करने में मदद कर सकती हैं। ये तकनीकें आपको ध्यान केंद्रित करने और एकाग्रता में सुधार करने में भी मदद कर सकती हैं, जो अध्ययन और परीक्षा देने के लिए आवश्यक है।

इन तकनीकों के नियमित अभ्यास से मांसपेशियों के तनाव को कम करने और मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद मिलती है, जो बदले में जानकारी को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। योग और ध्यान भी तनाव और चिंता के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। पर्याप्त नींद लेना आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप अच्छी तरह से आराम कर रहे हैं और अपनी पढ़ाई से निपटने के लिए तैयार हैं, हर रात कम से कम 7-8 घंटे की नींद का लक्ष्य रखें। नींद किसी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उचित नींद शरीर को फिर से जीवंत बनाने में मदद करती है और जानकारी को बेहतर ढंग से बनाए रखने में भी मदद करती है। नींद की कमी से थकान, एकाग्रता और चिड़चिड़ापन हो सकता है। यदि आप अभिभूत या चिंतित महसूस कर रहे हैं, तो किसी से अपनी भावनाओं के बारे में बात करना मददगार हो सकता है। यह कोई मित्र, परिवार का सदस्य या पेशेवर परामर्शदाता हो सकता है। किसी से बात करने से आपको अपने विचारों और भावनाओं को संसाधित करने और मूल्यवान समर्थन और सलाह प्रदान करने में मदद मिल सकती है। किसी के साथ अपने विचारों और भावनाओं को साझा करने से आपको एक अलग दृष्टिकोण भी मिल सकता है और आपको स्थिति की बेहतर समझ हासिल करने में भी मदद मिलती है।

**अपनी तुलना दूसरों से न करें-**

दूसरों से अपनी तुलना करना विपत्ति का कारण बन सकता है। प्रत्येक छात्र में अद्वितीय ताकत और कमजोरियां होती हैं, और अपनी प्रगति पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, दूसरों पर नहीं। दूसरों से अपनी तुलना करने से अपर्याप्तता की भावना पैदा हो सकती है और आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**निष्कर्ष:-** निष्कर्षतः, आईआईटी और एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच परीक्षा की चिंता एक आम मुद्दा है। हालाँकि, परीक्षा की चिंता के कारणों को समझकर, चिंता को प्रबंधित करने के लिए विशिष्ट तकनीकों को लागू करके, समर्थन प्राप्त करके, आत्म-देखभाल का अभ्यास करके और सकारात्मक मानसिकता विकसित करके, छात्र परीक्षा की चिंता को दूर कर सकते हैं और परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।